षष्ठम् माला, खंड 13, अंक 34, सोमवार, 10 अप्रैल, 1978/20 चैत्र, 1900 (शक)
Sixth Series, Vol. XIII, No. 34, Monday, April 10, 1978/Chaitra 20, 1900 (Saka)

लोक-सभा वाद-विवाद
का
संक्षिप्त अनूदित संस्करण

SUMMARISED TRANSLATED VERSION
OF
6th
LOK SABHA DEBATES

(4th Session)

सत्यमेव जयते

[खंड 13 में अंक 31 से 40 तक हैं
Vol. XIII contains Nos. 31 to 40]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : चार रुपये

Price : Four Rupees

विषय-सूची
CONTENTS

अंक 34, सोमवार, अप्रैल 10, 1978/20 चैत्र, 1900 (शक)

No. 34, Monday, April 10, 1978/Chaitra 20, 1900 (Saka)

विषय	SUBJECT	पृष्ठ/PAGES
सोवियत संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत	Welcome to the Soviet Parliamentary Delegation	1
प्रश्नों के मौखिक उत्तर	ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	1—14
*तारांकित प्रश्न संख्या 657, 659, 660, 663, 665 से 668 और 671।	*Starred Question Nos. 657, 659, 660, 663, 665 to 668 and 671	
अल्प सूचना प्रश्न संख्या 4	Short Notice Question Nos. 4	15—17
प्रश्नों के लिखित उत्तर	WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	16—139
तारांकित प्रश्न संख्या 658, 661, 662, 664, 669, 670 और 672 से 676	Starred Questions Nos. 658, 661, 662, 664, 669, 670 and 672 to 676	
अतारांकित प्रश्न संख्या 6171 से 6173, 6175 से 6182, 6184 से 6205, 6207 से 6294 और 6294 से 6370	Unstarred Questions Nos. 6171 to 6173, 6175 to 6182, 6184 to 6205, 6207 to 6294 and 6296 to 6370 ..	
सभा पटल पर रखे गये पत्र	Papers laid on the Table	139—145 & 153—155
लाल किला, दिल्ली में गाड़े गये स्वतन्त्रता रजत जयन्ती काल पत्र के सम्बन्ध में वक्तव्य डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र	Statement re. Independence Silver Jubilee Time Capsule at Red Fort, Delhi .. .. Dr. Pratap Chandra Chunder ..	140—144
लेबनान के संघर्ष में भारतीय नागरिकों के कथित अन्तर्ग्रस्त होने के बारे में वक्तव्य— श्री अटल बिहारी वाजपेयी	Statement re. alleged involvement of Indian nationals in hostilities in Lebanon Shri Atal Bihari Vajpayee	145
नियम 377 के अधीन मामले	Matters under rule 377	145
(1) प्याज के निर्यात पर प्रतिबन्ध श्री धर्म सिंह भाई पटेल	(i) Reported ban on export of onion Shri Dharmasinhbhai Patel ..	145
(2) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग से डाक और तार विभाग में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गये अभियन्ताओं की सेवा शर्तें श्री मनोहरलाल	(ii) Service conditions of Assistant Engineers on deputation from C.P.W.D. to P & T Department Shri Manohar Lal	145

किसी नाम पर अंकित यह † इस बात का द्योतक है कि प्रश्न को सभा में उस सदस्य ने वास्तव में पूछा था।

The sign † marked above the name of a Member indicated that the question was actually asked on the floor of the House by him.

विषय	SUBJECT	पृष्ठ/PAGE
अनुदान की मांगें, 1978–79	Demands for Grants, 1978-79 ..	145-152
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय	Ministry of Health and Family Planning	145
श्री जगदम्बी प्रसाद यादव	Shri Jagdambi Prasad Yadav	145-146
डा० बलदेव प्रकाश	Dr. Baldev Prakash	146-147
श्री टी० ए० पई	Shri T. A. Pai	147
श्री बी० पी० मण्डल	Shri B. P. Mandal	147-148
श्री महादीपक सिंह शाक्य	Shri Mahadeepak Singh Shakya	148
श्री पी० राजगोपाल नायडू	Shri P. Rajagopal Naidu ..	148-149
चौ० राम गोपाल सिंह	Chaudhury Ram Gopal Singh	149
श्री रामजी लाल सुमन	Shri Ramji Lal Suman ..	149-150
श्री राजनारायण	Shri Raj Narain	150-152
शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग	Ministry of Education and Social Welfare and the Department of Culture	152-153
श्रीमती पार्वती देवी	Shrimati Parvati Devi	152
डा० रामजी सिंह	Dr. Ramji Singh	152-153
श्री पी० वी० नरसिम्हा राव	Shri P. V. Narasimha Rao	153-155

लोक सभा

LOK SABHA

सोमवार, 10 अप्रैल 1978/20 चैत्र, 1900 (शक)

Monday, April 10, 1978/Chaitra 20, 1900 (Saka)

लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]
[MR. SPEAKER *in the Chair*]

प्रश्नों के मौखिक उत्तर

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

सोवियत संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत

WELCOME TO THE SOVIET PARLIAMENTARY DELEGATION

अध्यक्ष महोदय : अपनी ओर से तथा सभा के माननीय सदस्यों की ओर से मैं सोवियत संघ के सुप्रीम सोवियत के चैयरमैन, महामहिम श्री ए० वी० शिटिकोष तथा सोवियत संसदीय शिष्टमंडल के माननीय सदस्यों, जो हमारे सम्मानित अतिथियों के रूप में भारत की यात्रा पर आये हुए हैं, का स्वागत करता हूं ।

शिष्ट मंडल के अन्य माननीय सदस्य हैं :—

(1) श्री एन० आई० मैसल्नेनीकोव,	संसद सदस्य
(2) श्री बी० आर० राखीमोव,	संसद सदस्य
(3) श्री जी० वी० तारडजुमैनियन	संसद सदस्य
(4) श्री एफ० डी० कासेयानको	संसद सदस्य

उनके माध्यम से हम सोवियत संघ के सुप्रीम सोवियत की प्रधान परिषद के महामहिम चेयरमैन, सोवियत संघ की मंत्रिपरिषद के महामहिम चेयरमैन, सुप्रीम सोवियत, वहां की सरकार तथा सोवियत संघ की मिज जनता को शुभ कामनायें भेजते हैं।

उत्तर प्रदेश में चावल का लाना ले जाना

*657. **श्री निर्मल चन्द्र जैन :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सिद्धान्ततया और व्यवहार्यतया पूरे देश में चावल और धान को निर्बाध लाने-ले जाने की अनुमति देती है;

(ख) क्या सरकार को ज्ञात है कि उत्तर प्रदेश चावल और धान के निर्बाध लाने-ले-जाने की अनुमति उस पर लेवी का भुगतान किये बिना नहीं देता; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) भारत सरकार के पास उपलब्ध सूचना से विदित होता है कि राज्य सरकारों द्वारा चावल और धान के मक्त संचलन की पहले ही अनुमति दी जा रही है लेकिन वहत्तर कलकत्ता और दुर्गापुर आसनसोल औद्योगिक कम्प्लेक्स के सांविधिक राशन व्यवस्था के क्षेत्र में ले जाने और उससे बाहर ले जाने की अनुमति नहीं दी जाती है।

(ख) और (ग) सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बनाये रखने और बफर स्टाक तैयार करने के लिये जहां जरूरी है वहां लेवी का अनाज इकट्ठा करना आवश्यक है। ऐसे मामले में, यह शर्त है कि लेवी का भुगतान करने के बाद ही शेष स्टाक का मुक्त संचलन करने की अनुमति दी जा सकती है।

SHRI NIRMAL CHANDRA JAIN : According to a decision of the Government free movement of rice and paddy has been permitted throughout India from 1st October, 1977. At that time the Minister of Agriculture had stated that due to free movement Government were not fixing any procurement target for rice and paddy. The Dy. Secy. Uttar Pradesh Government made it clear in writing on 9th January, 1978 that it is the opinion of Department of Justice that though as per clause 4 of Uttar Pradesh Rice and Paddy Trade Regulation Order, 1977 there is no specific provision for giving levy on paddy prior to this decision, yet it is necessary to pay 40 and 60 percent levy. What action is proposed to be taken by the Central Government against compulsory recovery of levy and thus violating the law ?

SHRI BHANU PRATAP SINGH : According to my information the State Government has suspended recovery of levy which pertains to trade prior to giving intimation to traders and no new levy is being recovered.

SHRI NIRMAL CHANDRA JAIN : I have got the letter with me in which the Department of Justice has given its opinion that though there is no specific provision for paying levy before the decision, yet it is essential to recover levy to the extent of 40 and 60 percent. What action is being taken in this matter.

SHRI BHANU PRATAP SINGH : I have got no information with me about it. I have said that the Justice Deptt. has given advice and the Department of Food feels that this advice is wrong. Since a doubt has arisen, recovery has been suspended.

SHRI NIRMAL CHANDRA JAIN : One of the major reasons for permitting free movement of rice and paddy by the Central Government was that rice and paddy could be made available at reasonable rates and in adequate quantity throughout India. It was intended to treat India as a single zone becuase rice and paddy are not in short supply. The decision of Uttar Pradesh Government to recover 60 percent levy defeats the very purpose of Central Government. What action Central Government propose to take in this matter on the basis of the powers conferred on them under Article 246 of the Constitution ?

SHRI BHANU PRATAP SINGH : The percentage of levy has been reduced. In U.P. it has been reduced from 60 per cent to 50 per cent. In certain area it is only 40 per cent. The purpose of availability of rice and paddy throughout the country has been achieved. The farmers have received higher price for paddy in the country and rice is also being supplied to consumers at cheaper rates.

CHOUDHARY BALBIR SINGH : Whether he is aware that Punjab Government have issued an Ordinance about the rice procured from the Seller in free sale in Punjab as a result of which there is heavy recession in the paddy market and its price has gone down even Rs. 70 which has been fixed by Government and at which Government make procurement ? The farmers suffered loss of Rs. 20 crores. This Ordinance has been withdrawn by Punjab Government after one week.

SHRI BHANU PRATAP SINGH : Mr. Speaker, Sir, the question primarily relates to Uttar Pradesh.

श्री वी० अरुणाचलम : तमिलनाडु और पश्चिमबंगाल जैसे कुछ राज्य अनाज की खुली आवाजाई के विरूद्ध हैं। वे एक राज्य जोनल पद्धति के पक्ष में हैं। चूंकि ये राज्य अनाज की खुली आवाजाई के विरूद्ध हैं, अत: क्या सरकार खुली आवाजाई की नीति का त्याग करेगी और एक राज्य जोनल पद्धति पुन: चालू करेगी जैसा कि तमिलनाडु और पश्जिम बंगाल ने मांग की है।

श्री भानु प्रताप सिंह : मेरी जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार अब इसके विरूद्ध नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने पूछा है कि कुछ राज्य सरकारें एक राज्य जोनल पद्धति के पक्ष में हैं; क्या आप उस पर विचार करने के लिये तैयार हैं।

श्री भानु प्रताप सिंह : मैं मानता हूं कि एक या दो राज्य प्रतिबन्धों के हटाये जाने के विरूद्ध हैं, परन्तु राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए हमने सही निर्णय लिया है। गत कुछ महीनों के हमारे अनुभव से हमारा यह विचार है कि यह पद्धति जारी रखी जानी चाहिये। इसके परिणाम अच्छे निकले हैं। उत्पादकों को अच्छे मूल्य मिले हैं। उपभोक्ताओं को कम मूल्य पर चावल मिला है।

10+2 पाठ्यक्रमों की जांच तथा पुनरीक्षण

*659. **श्री के० लकप्पा :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या शिक्षाविदों द्वारा की गई आलोचनाओं तथा क्रियान्वित में अब तक प्राप्त अनुभव के आधार पर माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत 10+2 पाठ्यक्रमों की जांच की गई है तथा उनका पुनरीक्षण किया गया है :

(ख) यदि हां, तो क्या पाठ्यक्रम से किन्हीं विषयों को निकालने का प्रस्ताव है अथवा क्या पाठ्यक्रम का भार अन्यथा कम किया जायेगा ताकि शिष्यों पर पढ़ाई का भार कम हो जाये और उनको कार्य अनुभव तथा अन्य पाठ्यविषयेतर गतिविधियों के लिये अधिक समय दिया जा सके;

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक हो, तो क्या विद्यार्थियों को मार्च-अप्रैल, 1978 की माध्यमिक परीक्षा में पेपरों का मूल्यांकन करते समय कोई रियायत देने का प्रस्ताव है; और

(घ) क्या 10+2 पद्धति को जारी रखने का प्रस्ताव है अथवा कुछ राज्यों में इस पद्धति को अपनाने की तैयारी न होने के कारण इस को समाप्त करने का प्रस्ताव है?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। **[ग्रंथालय में रखा गया देखिए संख्या एल० टी० 2066/78]**

श्री के० लकप्पा : मूल प्रश्न इंडियन एक्सप्रैस में आज छपने वाले एक वक्तव्य से उत्पन्न होता है। जब मेरे प्रश्न का उत्तर मंत्रीजी द्वारा अभी दिया जाना बाकी है, इंडियन एक्सप्रैस में आज एक वक्तव्य छपा है। उसका उद्धरण देते हुए मैं चाहूंगा कि आप इस पर विचार करें कि क्या यह विशेषाधिकार प्रश्न है या नहीं। मैं उद्धृत करता हूं :

"10+2 पद्धति शीघ्र समाप्त की जायेगी।"

यह वक्तव्य उनके द्वारा दिया गया है या उनके मंत्रालय से किसी ने दिया है। बजट मांग पर चर्चा अभी होनी है। परम्परा यह है कि जब सभा मंत्रालय की मांगों पर चर्चा करने वाली है तो यह देखते हुए उन्होंने नीति निर्णय ले लिया है।

अध्यक्ष महोदय : जब शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर चर्चा की जायेगी, यह मामला उठाया जा सकता है।

प्रो० पी० जी० मावलंकर : तारांकित प्रश्न 10+2+3 पद्धति के बारे में है जिसका आज उत्तर दिया जाना है। जब मांगों पर आज या कल चर्चा होने वाली है तो क्या शिक्षा मंत्री या उनके वरिष्ठ अधिकारी प्रत्याशित निर्णय की पूर्ण घोषणा कर सकते हैं?

अध्यक्ष महोदय : आप से कोई भी विशेषाधिकार का प्रश्न उठा सकता है और उस पर अलग से विचार किया जायेगा।

श्री के० लकप्पा : जहां तक भाग (क) से (घ) का सम्बन्ध है, 10+2+3 पद्धति में मूल परिवर्तन करने के प्रश्न की आलोचना देश के प्रधानमंत्री ने दो बार की है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या 10+2+3 पद्धति के अनुसार कुछ परिवर्तन करने की योजना है? इस पद्धति के मूल परिवर्तनों के बारे में शिक्षा मंत्रालय तथा प्रधान मंत्री के बीच मौलिक मतभेद क्या हैं?

डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र : प्रधान मंत्री और शिक्षा मंत्री या शिक्षा मंत्रालय के बीच कोई मतभेद नहीं है । माननीय सदस्य ने प्रेस में छपी रिपोर्ट को पूरा नहीं पढ़ा है । मेरा यह कहना है कि मामले पर चर्चा की जा रही है । उस रिपोर्ट में कहा गया है कि शिक्षा मंत्री पुनः विचार कर रहे हैं । यदि प्रैस अपनी मर्जी से कुछ छापे तो हम इसके लिये उत्तरदायी नहीं है ।

मैंने उत्तर में बताया है कि इस मामले पर समय समय पर चर्चा की जाती है और इसमें आगामी कुछ वर्षों में सारे देश में करोड़ों छात्रों का सवाल है । हम अपने रवैये में बहुत सतर्क हैं । हम मामले पर शिक्षाविदों, माता-पिता, अध्यापकों तथा अन्य व्यक्तियों से चर्चा करने के लिये समितियां बना रहे हैं ।

दो समितियों ने हमें अपने प्रतिदिन दे दिये हैं । ये समितियां सरकारी तौर पर नियुक्त की गई थीं । इन समितियों के अलावा एक गैर-सरकारी समिति भी है जिसका सभापतित्व श्री श्रीमन नारायण ने किया । उन्होंने सुझाव दिया कि माध्यमिक शिक्षा तथा उच्च शिक्षा का स्वरूप 10+2+3 के बजाय 8+4+3 होना चाहिये । सारा मामला विचाराधीन है और अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है । मंत्रालय की मांगों पर चर्चा के समय में इस विषय पर विस्तृत वक्तव्य दूंगा ।

श्री के० लकप्पा : मैं यह स्पष्ट उत्तर चाहता हूं कि क्या 10+2+3 पद्धति की आलोचना को ध्यान में रखते हुए जांच तथा समीक्षा की गई है?

अध्यक्ष महोदय : मंत्री जी ने कहा है कि मामला विचाराधीन है ।

श्री के० लकप्पा : 10+2+3 कुछ राज्यों में चालू की गई है और इसकी आलोचना प्रधानमंत्री ने की है । सरकार द्वारा सोची गई 10+2+3 स्कीम ने इस देश की समूची शिक्षा पद्धति को नष्ट कर दिया है । संसद में और बाहर हुई आलोचना को ध्यान में रखते हुए, क्या वह शिक्षा प्रणाली को हमारे सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन के अनुरूप उद्देश्यपूर्ण और कार्यक्रम प्रधान बनाने के लिये उसके ढांचे में परिवतन करने पर विचार करेंगे ?

डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र : अब हम पहली कक्षा से ही सामाजिक दृष्टि से उपयोगी कार्यक्रम आरम्भ कर रहे हैं । इसीलिये हमने किताबों का बोझ कम करने का फसला किया है । उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के केन्द्रीय बोर्ड की पिछली परीक्षा में एक तिहाई पाठ्यक्रम कम कर दिया गया । अगले वर्ष इसमें और कमी की जायेगी। पिछली फरवरी में सभी राज्यों के उच्चतर शिक्षा बोर्डों के चेयरमैनों और सचिवों की चण्डीगढ़ में बैठक हुई थी। इस बैठक में फैसला हुआ कि जो योजना प्रस्तुत की गई है वह सारे देश में स्वीकार्य है ।

SHRI RAM NARESH KUSHWAHA : The self-contradictory statement made by the Hon'ble Minister may create confusion. Therefore, will he please state only the policy that has been decided upon and avoid creating such confusion ?

DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER : It is not an easy job. The matter is under discussion. The future of crores of students rests on it. No final decision has been taken so far. Therefore, I have said today also that the matter is being discussed.

श्री ए० ई० टी० बैरो : मुझे 10+2 प्रणाली सम्बन्धी नीति के बारे में चिन्ता है । यह नीति कोठारी आयोग और उससे पहले भावनात्मक एकता समिति जैसे शिक्षा निकायों द्वारा निर्धारित की गई थी । मंत्री महोदय ने दो शासकीय निकाय स्थापित किये हैं। 17 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने यह योजना क्रियान्वित की है । माननीय मंत्री 10+2 प्रणाली को लागू करने के बारे में वक्तव्य क्यों नहीं देते?

डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र : मैं बता चुका हूं कि 10+2 प्रणाली कुछ राज्यों ने स्वीकार की है लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में इसकी कुछ आलोचना हुई है । एक बात तो यह है कि शिक्षा पद्धति को अधिक जीवनोन्मुख बनाने के लिये उसमें परिवर्तन किया जाना चाहिये । इसके बारे में कोई विवाद नहीं है । लेकिन अब एक नया फार्मूला प्रस्तुत किया जा रहा है क्योंकि संविधान के अनुसार हमारी 8 वर्ष की शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी है । इसलिये हमें 12 वर्ष की शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिये । यह 8+4 हों या 10+2 हो, इस बात पर विचार करना है ।

कबड्डी को प्रोत्साहन

*660. **श्री आर० के० महालगी :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या भारत सरकार ने देश में भारतीय खेल कूद विशेष रूप से कबड्डी को प्रोत्साहन देने के लिये कोई योजना बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धन्ना सिंह गुलशन) : (क) और (ख) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

देश में भारतीय खेल कूद विशेषकर कबड्डी को प्रोत्साहन देने के लिये भारत सरकार द्वारा किये गये कुछ उपाय निम्नलिखित हैं:—

(i) भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों/राज्यों खेल परिषदों को जारी की गई मार्गदर्शी रूपरेखाओं में, उनस स्थानीय क्षेत्रों में लोक प्रिय जिनके उपस्कर की खरीद अथवा नई भौलिक सुविधाओं के सृजन पर अधिक व्यय नहीं होता को प्राथमिकता देने के लिये कहा गया है।

(ii) ग्रामीण खेल कूद केन्द्रों की स्थापना तथा अनुरक्षण के लिये राज्य खेल परिषदों/राज्य सरकारों को बराबर के आधार पर वित्तीय सहायता दी जा रही है, जो खेल कार्यकलापों को, विशेषकर क्षेत्र में लोकप्रिय देशी और अन्य खेलों को नियमित और सतत आधार पर आयोजित करेंगे।

(iii) सरकार कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, धनुर्विधा, व्यायाम, हाकी, फुटबाल, बास्केटबाल, कसरत और तैराकी जैसे खेल कूदों में ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं का एक राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम प्रखण्ड स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक कार्यान्वित कर रही है जिसमें 12 लाख से अधिक व्यक्ति भाग लेते हैं।

(iv) राष्ट्रीय महिला खेल समारोह में कबड्डी और खो-खो जैसे खेल भी शामिल हैं।

(v) खो-खो और कबड्डी में नियमित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय खेल संस्थान (बंगलौर शाखा) में प्रारम्भ किया गया है। यह संस्थान अध्यापकों के लाभ के लिये कबड्डी में 6 सप्ताह का एक प्रमाण पाठ्यक्रम भी चला रहा है।

(vi) कबड्डी और खो-खो जैसे भारतीय खेलों में प्रतिभावान नौ जवान लड़के और लड़कियां भारत सरकार की खेल प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति की भी पात्र हैं।

(vii) कबड्डी और खो खो जैसे भारतीय खेलों में उत्कृष्टता प्रदर्शन करने वाले पुरुष और महिलायें अर्जुन पुरस्कार के लिये भारत सरकार द्वारा विचार किये जाने के भी पात्र हैं।

(viii) कबड्डी और खो खो जैसे भारतीय खेल राष्ट्रीय स्तर पर भारत स्कूल खेल संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भी शामिल है।

(ix) कबड्डी जैसे भारतीय खेल पुरुष और महिलाओं दोनों के लिये अन्तर विश्वविद्यालय खेलों में भी सम्मिलित हैं।

(x) सरकार द्वारा कबड्डी और खो खो के राष्ट्रीय खेल संघों को उसी प्रकार वित्तीय सहायता दी जाती है जिस प्रकार अन्य खेल कूदों के मामलों में।

श्री आर० के० महालगी : प्रश्न के उत्तर से पता चलता है कि भारत सरकार लोकप्रिय भारतीय खेलों को प्रोत्साहित करने के लिये विभिन्न पत्र उठाने का विचार रखती है। लेकिन मेरा प्रश्न यह है कि अब भारत सरकार ने कबड्डी और खो खो जैसे खेलों को प्राथमिकता देने के लिये मार्गदर्शी रूपरेखायें राज्य सरकारों और राज्य खेलकूद परिषदों के पास भेजी हैं तो उनकी इनके बारे में क्या प्रतिक्रिया है? इन भारतीय खेलों के लिये इस वर्ष कितनी धनराशि की व्यवस्था की हैं?

SHRI DHANNA SINGH GULSHAN : It has been suggested that if Asian games took place in India in 1982, Kabaddi will be included therein as a demonstration game. We can approach the International Olympic Association for getting Kabaddi included among Olympic games only when this game is played in 40 countries and 3 continents.

श्री आर० के० महालगी : मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया है। मैं राज्य सरकारों और राज्य खेलकूद परिषदों की उन्हें दी गई मार्गदर्शी रूपरेखाओं पर प्रतिक्रिया तथा भारतीय खेलों के लिये आबंटित की गई धन-राशि के बारे में जानना चाहता था?

SHRI DHANNA SINGH GULSHAN : The amount allocated in the Budget is not for any particular game.

अध्यक्ष महोदय : क्या आपने राज्य खेलकूद परिषदों से परामर्श किया है? उनकी प्रतिक्रिया क्या है? बजट में आपने कितनी राशि की व्यवस्था की है.

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : खो-खो और कुश्ती को अखिल भारतीय ग्रामीण खेलकूद कार्यक्रम में पहले ही शामिल किया जा चुका है और ये कार्यक्रम राज्य स्तर पर आयोजित किये जा रहे हैं। हम माध्यमिक स्तर तक खो खो और कबड्डी के लिये 900 रुपये प्रति वर्ष प्रति छात्र छात्र-वृत्ति दे रहे हैं। इसी प्रकार भारत सरकार 600 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति देती है। हमारी इन मार्गदर्शी रूप-रेखाओं पर राज्य सरकारों की प्रतिक्रिया ठीक ही है।

श्री आर० के० महालगी : कबड्डी और खो खो को ओलम्पिक खेलों में शामिल कराने की दिशा में सरकार ने अब तक क्या कदम उठाये हैं?

डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र : कबड्डी ओलम्पिक खेलों में शामिल नहीं है। इसलिये भारतीय खेल ओलम्पिक खेलों में शामिल नहीं किये जा सकते।

अध्यक्ष महोदय : आप इन्हें शामिल कराने के लिये क्या पग उठा रहे हैं?

डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र : हम कबड्डी और खो खो को लोकप्रिय बनाने के लिये प्रयास कर रहे हैं। इन खेलों को ओलम्पिक खेलों में शामिल कराने के लिये बहुत से राज्यों को मांग करनी होगी। हमने नेपाल और श्रीलंका जैसे पड़ौसी राज्यों से बातचीत करने की कोशिश की है ताकि ओलम्पिक स्तर पर मांग की जा सके।

अनाज के बिना ढके स्टाक का खराब होना

*663. **श्री यशवन्त बोरोले**
श्री महेन्द्र सिंह सैयांवाला } : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उचित भाण्डागारों की कमी के कारण खराब हुए अनाज का कोई अनुमान लगाया गया है;

(ख) यदि हां, तो गत एक वर्ष के दौरान कितना बिना ढका स्टाक खराब हुआ; और

(ग) क्या स्टाक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये कोई कार्यवाही की गई है?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) और (ख) जी हां। पहली मार्च, 1978 को गोदामों में खाद्यान्नों की कुल 138 लाख मीटरी टन की मात्रा में से 51 लाख मीटरी टन मात्रा कैंप (खुले) स्टोरेज में थी। 1977-78 के दौरान 2.84 लाख मीटरी टन मात्रा भारी वर्षा, बाढ़, तूफानों आदि से प्रभावित हुई थी। इसमें से 1-3-1978 तक 29,665 मीटरी टन खाद्यान्नों की मात्रा क्षतिग्रस्त और मानव उपभोग के अयोग्य थी।

(ग) एक विवरण सभा के पटल पर रखा जाता है।

विवरण

खाद्यान्नों की क्षति रोकने के लिये निम्नलिखित पग उठाये गये हैं:—

(1) स्टाक को लकड़ी के क्रेटों में रखा जाता है और वर्षा से बचाने के लिये उनकी विशेष रूप से बनाई गई पोलीथीन की चादरों से ढका जाता है।

(2) तेज हवा, आंधी आदि के कारण चादरों का उड़ने से बचाव करने के लिये पोलीथीन की चादरों को उचित ढंग से बांधने के लिये नाइलौन की रस्सियां सुलभ की जाती है।

(3) मौसम के प्रकोप से और सुरक्षा करने के लिये प्रमख कैम्प कम्पलेक्सों में मोनोफिलामेंट के जाल और कवर टाप्स भी सुलभ किये जाते हैं।

(4) खाद्यान्नों की सुरक्षा करने के लिये पोलीथीन की चादरों को समय समय पर बदला जाता है।

(5) घनीकरण के कारण क्षति को रोकने के लिये चादरों को उठाकर स्टाक का अति सावधानी से वातन किया जाता है।

(6) कैम्प में रखे गये स्टाक का नियमित रूप से निरीक्षण करने और उसे सुरक्षित रखने के लिये विशेष ध्यान दिया जाता है। भारी मात्रा में खाद्यान्नों का स्टाक कैम्प में लगभग दो वर्षों से पड़ा होने के बाद भी काफी अच्छी हालत में है। वास्तव में भारतीय खाद्य निगम द्वारा अपनाई गई कैम्प स्टोरेज की तकनीक से लाखों मीटरी टन खाद्यान्नों को बचाया जा सका है और यदि ऐसा न किया जाता तो वह बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो जाता क्योंकि स्टाक को रखने के लिये कोई भण्डारण स्थान उपलब्ध नहीं था।

(7) कैप स्टोरेज के स्थान पर अन्य प्रकार की भण्डारण क्षमता में वृद्धि करने के लिये विभिन्न पग उठाये गये हैं। इनमें स्टेकों की ऊंचाई को बढ़ाकर, सभी उपलब्ध साधनों से ढके हुए स्थान को किराये पर लेकर, भारतीय खाद्य निगम द्वारा भारी संख्या में गोदामों का निर्माण कर और भारतीय खाद्य निगम की निर्दिष्टियों के अनुसार गारन्टी योजना के अन्तर्गत निजी पार्टियों द्वारा गोदामों का निर्माण करने के लिये प्रोत्साहित कर वर्तमान भण्डारण क्षमता का अनुकूलतम इस्तेमाल करना शामिल है।

श्री यशवन्त बोरोले : 2.84 लाख टन की भारी मात्रा खुले में स्टाक रखने के कारण प्रभावित हुई है प्रश्न के भाग (ग) के उत्तर में रखे गये विवरण में कहा गया है कि भारी मात्रा में खाद्यानों का स्टाक कैप में लगभग दो वर्षों से पड़ा होने के बाद भी काफी अच्छी हालत में है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह बात सही है ?

श्री भानुप्रताप सिंह : कैप स्टोरेज का अलग अलग स्थानों पर अलग अलग प्रभाव होता है। जिन स्थानों पर तूफान आदि आते हैं वहां नुकसान अपेक्षाकृत अधिक होता है। ये कुल नुकसान था। इसमें से 29,665 टन खाने योग्य नहीं रह गया है। बहुत से भागों में कैप स्टोरेज के परिणाम सन्तोषजनक रहे हैं।

श्री यशवन्त बोरोले : क्या मंत्री महोदय 2.84 लाख टन के अलग-अलग आंकड़ों का ब्यौरा देंगे इनमें से कितना अप्राकृतिक स्थितियों के कारण और कितना प्राकृतिक स्थितियों के कारण प्रभावित हुआ है ? मैं यह भी जानना चाहूंगा कि क्या सामान्य दशाओं में खुले स्टोरेज के कारण भारी घाटा और क्षति हुई है अथवा नहीं।

श्री भानु प्रताप सिंह : इन दोनों श्रेणियों की क्षति के अलग-अलग आंकड़े इस समय उपलब्ध नहीं है।

SHRI MAHENDRA SINGH SAINAWALA : May I know from the honourable Minister as to what arrangements have been made for the storage of additional quantity of wheat and rice likely to be produced this year and what action has been taken by the Government to check the pilferage in the storage ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : इस वर्ष हम 20 लाख टन अनाज के भण्डारण की निजी तौर पर, व्यवस्था पर रहे हैं। यह एक ऐसी योजना है जिसके अंतर्गत 20 लाख टन स्टाक गैर-सरकारी गोदामों में रखा जायेगा और हम विश्व बैंक योजना से भी सहायता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं।

डा० वसन्त कुमार पण्डित : क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि कितना क्षतिग्रस्त अनाज, जो खाने योग्य नहीं है, बेचा गया । पीछे कुछ समय से हमारा यह अनुभव रहा है कि व्यापारी इस अनाज को खुली नीलामी में खरीद लेते हैं और उसके बाद इसे ग्रामीण इलाकों में खाने के लिये भेज देते हैं । अतः इसे निबटाने का क्या तरीका है और क्या इसे खाद बनाने के लिये काम में लाया जा रहा है जो खराब अनाज बाजार में ले जाया जाता है उसका किस प्रकार हिसाब रखा जाता है ?

श्री भानु प्रताप सिंह : खराब हुए अनाज को पहले राज्य सरकारों को भेजा जाता है और इसको विभिन श्रेणियों में बांटा जाता है इसमें से कुछ अनाज जानवरों को खाने के लिये होता है और कुछ केवल खाद बनाने के काम में लाया जा सकता है, जिसकी नीलामी नहीं होती । खराब हुए स्टाक की केवल वही मात्रा जानवरों के खाने योग्य होती है को जानवरों के बारे में मिला दिया जाता है और उसे नीलाम कर दिया जाता है । हम इसे खरीदने वालों की एक सूची बनाते हैं और केवल उन्ही लोगों को इस प्रकार का सामान बेचा जाता है और यह उम्मीद की जाती है कि वे इसका मनुष्यों के खाने के लिये प्रयोग नहीं करेंगे ।

SHRI D. G. GAWAI : What is the stand of the Government regarding the stock which is available with the various State Government ? In Maharashtra we have sufficient stock of hybrid jowar. The rate of Hybrid jowar in the market is Rs. 75 per quintal but the price of the stock available with Government is Rs. 105 per quintal. Due to this fluctuation in the price, this entire stock is rotting. After two years, it will become worthless.

अध्यक्ष महोदय : इसका प्रश्न से कोई संबंध नहीं है ।

श्री बैंकटा सुब्बैया : मंत्री महोदय ने बताया है कि प्राईवेट गोदामों की व्यवस्था की जा रही है और इस प्रयोजनार्थ विश्व बैंक से भी धन लिया जा रहा है । क्या सरकार का देश में पैदा होने वाले अनाज के लिये सुरक्षित गोदामों की व्यवस्था करने का कोई कार्यक्रम है ताकि इस अनाज की वर्षा से रक्षा की जा सके और सरकार को निजी व्यापारियों को बड़ी रकम किराये के रूप में न देनी पड़े ? क्या सरकार ने ऐसा कोई कार्यक्रम बनाया है और इसमें कितनी धन राशि अन्तर्ग्रस्त है ? क्या सरकार इस अनाज के भण्डारण के लिये पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करेगी ?

अध्यक्ष महोदय : विवरण से पता चलता है कि बड़ी संख्या में गोदाम बनाये जायेंगे ?

श्री भानु प्रताप सिंह : हम कुछ गोदाम ले रहे हैं और कुछ विश्व बैंक योजना के अन्तर्गत बना रहे हैं । कैप स्टोरेज शनैः शनैः कम कर दी जायेगी । लेकिन साथ ही कुछ अनाज कैप स्टोरेज में रखना होगा क्योंकि कभी कभी हमें स्टाक कई महीनों तक रखना होता है । उस समय कैप स्टोरेज ही सर्वोत्तम और सबसे कम खर्चीली व्यवस्था है ।

RICE MILLING INDUSTRIES REGULATION AND LICENCING ACT

*665. SHRI DHARMASINHBHAI PATEL : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to lay a statement showing :

(a) whether it is a fact that Gujarat Government has made a demand to Central Government on 4th April, 1977, 2nd December, 1977 and 24th January, 1978 for amending the Rice Milling Industries Regulation and Licencing Act and if so, the nature of the demands made by the Government of Gujarat, datewise;

(b) the nature of the demands out of them, acceded to indicating the dates on which those were acceded to and the manner in which acceded to as also the nature of the demands rejected and the reasons therefor and when the rejected demands would now be acceded to;

(c) whether the production of paddy in Gujarat is too little and if so, when the small single huller used, for milling paddy for home consumption in rural areas would be excluded from the Regulation and licensing Act; and

(d) the action proposed to be taken by Central Government now for providing facilities to the rural people in Gujarat ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क), (ख), (ग) और (घ) एक विवरण मदन के पटल पर रखा जाता है ।

(क) और (ख) : गुजरात सरकार द्वारा अपने पत्रों में की गई मांगों के स्वरूप, जिनके बारे में प्रश्न में उल्लेख किया गया है और उन पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा नीचे दिया जाता है :—

मांगों का स्वरूप	की गई कार्यवाही
(1)	(2)
दिनांक 4 अप्रैल 1977 का पत्र	
राज्य सरकार को आधुनिक मशीनरी लगाने की अपेक्षा किए बिना नयी सिंगल हुलर चावल मिलें स्थापित करने के लिए परमिट देने की अनुमति दी जानी चाहिए ।	1. इसे स्वीकार नहीं किया गया था । रुढ़िगत किस्म की सिंगल हुलर मिलों की तुलना में आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल से अच्छे उत्पादन और कम टुकड़े होने के लाभ की दृष्टि से राज्य सरकार की 28-5-77 को सूचित किया गया था कि नयी सिंगल हुलर मिलें स्थापित करने के लिए अनुमति प्रदान करना राष्ट्रीय हित में नहीं होगा ।
(ii) वर्तमान सिंगल हुलर मिलों का आधुनिकीकरण करने की तारीख को 30 अप्रैल, 1977 से 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया जाए ।	सिंगल हुलर मिलों की आधुनिकीकरण कार्यक्रम की परिधि में 29 जुलाई, 1976 को लाया गया था । राज्य सरकार को 28-5-77 को सूचित किया गया था कि वर्तमान सिंगल हुलर मिलों का आधुनिकीकरण करने से संबंधित नियमों के अधीन 5 वर्षों की अधिकतम अवधि अर्थात 28 जुलाई, 1981 तक उपलब्ध है ।
(iii) शैलर किस्म की चावल मिलों के बारे में आधुनिकीकरण की तारीख को और 2 वर्षों के लिए बढ़ा दिया जाए ।	राज्य सरकार को 28-5-77 को सूचित किया गया था कि शैलर मिलों का आधुनिकीकरण करने के लिए समय-सीमा को बढ़ाने से संबंधित प्रश्न भारत सरकार के विचाराधीन है । अब यह निर्णय किया गया है कि 30 अप्रैल, 1975 से पूर्व की लाइसेंसशुदा शैलर, शैलर-कम-हुलर और डैटरीज आफ हुलर टाइपस की चावल मिलों के बारे में समय सीमा 30 अप्रैल, 1980 तक बढ़ा दी जाए । गुजरात सरकार और अन्य राज्य सरकारों को इस निर्णय के बारे में पत्र, दिनांक 4-4-78 द्वारा सूचित कर दिया गया है ।
(2) **टैलेक्स, दिनांक 27 दिसम्बर, 1977** (2 दिसम्बर, 1977 नहीं जैसा कि प्रश्न में उल्लेख किया गया है)	2. इस आशय का निर्णय किया गया था और सभी राज्य सरकारों को 13 दिसम्बर, 1977 को सूचित किया

(1)	(2)
	गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत 15 अश्व शक्ति की और इससे कम की नयी सिंगल हुलर मिलों और जो सेला धान की भूसी उतारने संबंधी कार्य करती है, को स्थापित करने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन शर्त यह होगी कि उन्हें लाइसेंस की तारीख से 5 वर्षों की अवधि के अन्दर आधुनिक उपकरण लगाने होंगे । सेला चावल बनाने वाले हुलरों को 5 वर्षों का समय देने का मुख्य कारण यह है कि सेला चावल के बारे में रूढ़िगत यूनिट और आधुनिक यूनिट में उत्पादन संबंधी अन्तर 1 प्रतिशत से अधिक नहीं है और इसलिए यदि रूढ़िगत यूनिट को चालू रखने की अनुमति दी भी जाती है तो उत्पादन में केवल मामूली हानि होती है । लेकिन कच्चे चावल के मामलों में आधुनिक और रूढ़िगत यूनिट के बीच उत्पादन में अन्तर 6 प्रतिशत ऊंचा हो सकता है । यह देखना राष्ट्रीय हित में है कि इतनी अधिक हानि से बचा जाए । इस दृष्टि में, राज्य सरकार के इस प्रस्ताव को, कि कच्ची धान को हैंडल करने वाली सिंगल हुलर मिलों को भी रियायत दी जाए, नहीं माना गया था और राज्य सरकार को दिनांक 30 दिसम्बर, 1977 के टैलेक्स द्वारा इसकी सूचना दे दी गई थी ।
3. पत्र, दिनांक 24 जनवरी, 1978	
राज्य सरकार ने अनुरोध किया है कि बिना किसी शर्त (विशेषतया सेला धान का विधायन करने संबंधी) और बिना आधुनिकीकरण के सिंगल हुलरों के लिए परमिट देने की अनुमति प्रदान की जाए ।	उपर्युक्त (2) के प्रति दिए गए कारणों से राज्य सरकार के अनुरोध को नहीं माना गया है और उन्हें तदनुसार सूचित किया जा रहा है ।

(ग) अन्तिम अनुमानों के अनुसार, गुजरात में 1976-77 में 8.51 लाख मीटरी टन धान का उत्पादन हुआ था । ऊपर उल्लिखित लाभों की दृष्टि में, गुजरात की सिंगल हुलर मिलों को आधुनिकीकरण कार्यक्रम से छूट देना सम्भव नहीं होगा ।

(घ) राष्ट्रीयकृत बैंकों ने सिंगल हुलर मिलों सहित चावल मिलों का आधुनिकीकरण करने संबंधी योजना को रियायती ब्याज दर पर वित्त प्रदान करना मान लिया है ।

SPECIAL AUTHORITY FOR CONVERSION OF BARREN LAND INTO CULTIVABLE LAND

*667. SHRI RAM DHARI SHASTRI : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 273 on 13th March, 1978, regarding Special Authority for conversion of barren land into cultivable land and state :

(a) the difficulty in creating a Special Authority for reclaiming barren or fallow land; and

(b) whether Government would consider the necessity of reclaiming barren land at the earliest ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) पर्वतीय, रेगिस्तानी आदि बंजर भूमि को आर्थिक रूप से कृषि के अंतर्गत नहीं लाया जा सकता है। राज्य सरकारें पुरानी ऊसर भूमि सहित कृषि योग्य परती भूमि के सुधार की व्यवस्था कर रही हैं। केंद्र में ऐसी भूमि का सुधार करने के लिए एक विशेष प्राधिकरण बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

(ख) जी हां।

SHRI DHARAMSINGHBHAI PATEL : The Hon. Minister has stated at page 2 of the statement that "new single huller mills of 15 horse power and less operating in rural areas and handling dehusking of par-boiled paddy could be permitted to be established subject, however to the condition that they would be required to instal modern equipments within a period of 5 years from the date of licence".

There are small flour mills for wheat and Bajra in the rural areas of Gujarat and a small huller costing Rs. 500/- is installed therewith. It is also used by the villagers for rice milling. Will this huller be exempted from the Rice Milling Industries Regulation and Licencing Act ? If so, by what time and if not, the reasons therefor ?

SHRI BHANU PRATAP SINGH: A lot of rice is wasted in the old type of hullers and the net loss is about 6 percent. This rule aims at saving this 6 percent rice.

There are some other small machines also which can save people from the loss of rice. I have requested the hon. member about it.

SHRI DHARASINGHBHAI PATEL : It is stated in the item 3 of the statement that the Gujarat Government vide its letter dated 24-1-78 has requested that permit for single hullers may be allowed to be granted. What is the reaction of the Government thereto ?

SHRI BHANU PRATAP SINGH : One of the main condition is that they should make boiled rice in case they want to use huller because it will not give the loss of 6 percent. The loss will be nearly one percent which is permissible. This type of rice is not made in Gujarat.

SHRI MOHAN BHAIYA JAIN : This order has created condition for the closure of a number of hullers. Will the Government withdraw this order so that hullers could be operated and people could get employment.

SHRI BHANU PRATAP SINGH : No proposal to withdraw the order is under consideration. Oil is also prepared from the brass which came out from rice milling.

लद्दाख में अधिक उंचाई पर नेशनल पार्क और वन्य पशु शरण स्थल

666. **श्रीमती पार्वती देवी** : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार लद्दाख में अधिक ऊंचाई पर एक नेशनल पार्क और वन्य पशु शरण स्थल बनाने का है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) तथा (ख) जम्मू व काश्मीर सरकार ने सूचित किया है कि वह लद्दाख में एक राष्ट्रीय पार्क स्थापित करने के सुझाव पर विचार कर रही है । तथापि भारत सरकार को राष्ट्रीय पार्क अथवा आश्रय स्थल की स्थापना के विषय में किसी प्रस्ताव का ब्यौरा प्राप्त नहीं हुआ है ।

SHRIMATI PARVATI DEVI : There are oxen, goats and sheep in Ladakh. The Pashmina which come out from goats is famous through out the world. There Markhore, Ibex, Bears etc. etc. in Ladakh. There number is declining. There is no check on their hunting. What steps are being taken by the Government to protect this valuable wild life.

SHRI SURJIT SINGH BARNALA : There is a Board for the preservation of wild life. The board also toured that area. Thereafter another team with Dr. Salim also went there. They have also submitted their report. Accordingly, it was suggested that "Jage-thage" area should be converted into national park. The Jammu and Kashmir Government has informed that they are implementing the suggestion.

SHRI RAM DHARI SHASTRI : The Hon. Minister has stated that cultivation of this type of land will not be economically beneficial. What will be the per hectare expenditure if this type of land is retained.

How much of this type of barren land is under the occupation of state Government and Central Government and converted it into cultivable land.

SHRI SURJIT SINGH BARNALA : This type of land is located in different parts of the country and it is not possible to calculate the expenditure.

The Rajasthan Government has reclaimed 865 hectare. Uttar Pradesh 2158 hectare. Madhya Pradesh 4301 hectare, Gujarat 3744 of land in all 27,890 hectare of land has been reclaimed.

SHRI RAM DHARI SHASTRI : The Hon. Minister has stated that no Central Authority is contemplated to be set up. According to the reply given by the Ministry on 13.3.78 there is 169 lakh hectare of land in the country which can be reclaimed. My information is that there is 3 crore and 38 lakh hectare of such land in the country which can be distributed among 1 crore people with a view to solve unemployment problem. Will the Hon. Minister formulate a plan for reclaiming such type of barren land through out the country ?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA : The item of land improvement is their concern. So far as 169 lakh hectares of barren land is concerned, 20 percent can be reclaimed by incurring heavy expenditure.

SHRI RAM DHARI SHASTRI : The Hon. Minister has stated that barren lands in mountains, deserts etc. cannot be economically brought under cultivation. It is estimated that 169 hectare of barren land can be made cultivable.

SHRI SURJIT SINGH BARNALA : I have already stated that 20 to 30 percent of land can be brought under cultivation but it will incur heavy expenditure.

SHRI CHAVI RAM ARGAL : There is crores of acres of land in the Chambal ravines. The Madhya Pradesh and Rajasthan Government are not in a position to reclaim it and bring under cultivation. Will it be reclaimed and distributed among the harijans and adivasis ?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA : I have already stated that it is not within our power to allot the land on patta. This in the concern of State Government. We give cent per cent subsidy of the reclaimation of land. The work was started last year and 1200 hectare land was reclaimed.

श्री वसंत साठे : चम्बल रेवाइन्ज तथा अन्य क्षेत्रों में कितनी एकड़ भूमि रेक्लेम की जा सकेगी । क्या विश्व बैंक अथवा संयुक्त राष्ट्र विकास फंड जैसी संस्थायें इस प्रकार की जमीन को रेक्लेम करने के लिये सामने आंयेगी ? सरकार के इस बारे क्या प्रतिक्रिया है ?

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : इस प्रश्न का पहला भाग मूल प्रश्न से संबंधित नहीं हैं । दूसरे भाग के बारे कहा जा सकता है कि कोई विशेष योजना बनाये जाने पर हम विश्व बैंक जैसी ऐजेंसी की सहायता ले सकते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न ऐसा है जिसमें मध्य प्रदेश भी आ सकता है लेकिन शायद आपके नोटिस की आवश्यकता होगी ।

श्री वसंत साठे : प्रश्न किसी विशेष प्राधिकरण द्वारा बंजर जमीन को खेती योग्य बनाने से सम्बन्धित है । हमें भूमि के क्षेत्र का पता होना चाहिये । मैंने केवल उसी के बारे पूछा है ।

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : मैं सारे देश का रकबा बता सकता हूं । बंजर भूमि दो करोड़ 35 लाख हैक्टेयर, कल्चरेबल वेस्ट लैंड—एक करोड़ 68 लाख हैक्टेयर ।

SHRIMATI KAMLA BAHUGUNA : The Hon. Minister has stated that 25 to 30 percent land can be converted into cultivable land. May I know the acreage of land likely to be converted into cultivable during the next 2 years.

SHRI SURJIT SINGH BARNALA : It depends upon states. It is for them to do. The execution is done through them.

मंत्रालयों/विभागों द्वारा स्थानीय मुद्रण

*668. **श्री मोहन लाल पिपिल :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री निम्नलिखित जानकारी देने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1975, 1976 और 1977 में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों ने स्थानीय मुद्रण पर कुल कितनी राशि खर्च की; और

(ख) सरकार द्वारा आगामी वर्षों में इस व्यय को कम करने के लिए क्या कदम उठाये गए हैं ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम किंकर) : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ख) स्थानीय छपाई के काम को कम करने के लिए उठाये गए मुख्य कदम ये हैं :—

(i) भारत सरकार मुद्रणालयों की मौजदा छपाई क्षमता में वृद्धि करना;

(ii) छोटे कार्यों पर लगी रोक को हटाना, जहां केवल सीमित संख्या में प्रतियां छापी जानी होती हैं ।

SHRI MOHAN LAL PIPIL : I would like to know from the hon. Minister the time by which the information will be collected because misappropriation to the tune of crores of rupees is involved in the matter.

SHRI RAM KINKER : The statement will be placed on the table as soon as information is collected.

अध्यक्ष महोदय : आपको 10 दिन का नोटिस दिया गया था ।

SHRI MOHAN LAL PIPIL : The Govt. of India have received numerous representations for setting up new presses and increasing the staff. I want to know the word of the Government in this regard I would like to know the number of new presses proposed to be set up by the Government and the increase likely to be made in the staff so that such cases of embezzelment are kept under check.

SHRI RAM KINKER : The question is not about opening of new presses. Some new machines are being installed which will increase our capacity and help in solving the difficulties.

SHRI BHANU KUMAR SHASTRI : I would like to submit that 21 days notice was given to him and even then he has replied that the information is being collected.

अध्यक्ष महोदय : मैंने मंत्री महोदय से कहा कि उनको पर्याप्त नोटिस दिया गया था और उन्हें जानकारी एकत्र कर लेनी चाहिए थी । उन्होंने वचन दिया कि जानकारी एकत्र की जाएगी ।

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : यह जानकारी केवल मेरे मन्त्रालय के अधीन विभाग से एकत्र नहीं की जानी है । यह जानकारी कई मन्त्रालयों और विभागों द्वारा दी जानी है और इसी कारण से विलम्ब हुआ है ।

शाहपुर परियोजना के अन्तर्गत तावा नदी पर पुल

*671. **श्री सुभाष आहुजा** : क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने शाहपुर परियोजना के अन्तर्गत तावा नदी पर पुल के बारे में कोई प्रस्ताव मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया है;

(ख) क्या केंद्रीय सरकार ने इस पुल के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है; और

(ग) यदि हां, तो इस पुल पर निर्माण कार्य कब तक आरम्भ होगा ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) और (ख) जी, हां, मजूरी 26-5-1976 को जारी की गई थी ।

(ग) योजना का राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वयन किया जाना है जिसने अभी तक निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किया है ।

SHRI SUBHASH AHUJA : I would like to know from the hon. Minister the estimated amount likely to be spent on the construction of Shahpur Bridge and also the time by which this project will be taken in hand.

SHRI SIKANDER BAKHT : On 26th May 1976 it was decided that the total cost of the construction of the bridge was Rs. 6 lakhs and 93 thousand out of which 75 percent expenditure would be borne by Govt. of India. On that way it was also decided that Central assistance will not be increased from Rs. 5 lakh 19 thousand and seven fifty. Whatever the cost of the construction may be. When we informed the State Government accordingly they replied that the cost of the bridge would be Rs. 10 lakhs and sometime thereafter they informed that the cost would be Rs. 16 lakhs and now they are of the opinion that the cost would be Rs. 21,90,800.

SHRI SUBHASH AHUJA : The displaced persons from Bengal were provided lands twelve years ago but neither the means of transport, nor the facility of irrigation nor any other facility was provided to them and as a result thereof they are stranded for 6 months during rains in a small island and they have to cross a 500 feet deep river for going elsewhere. Thus they are in a very pitiable conditions and that is why they are deserting Madhya Pradesh particularly Dandkaranya and going to Sunderbans. This clearly means that there were settled there but no facility was provided to them. So it is necessary for the sake of those displaced person that the bridge is constructed at an early date. Other projects should also be implemented early.

SHRI SIKANDER BAKHT : The question is regarding the bridge. I honour the sentiments of the hon. member and that is why Central Government has agreed to provide 75 percent of the amount to be spent on the bridge.

Short Notice Question

गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के क्षेत्र में औद्योगिक गृहों का प्रवेश

अ० सू० प्र० 4. श्री ज्योतिर्मय बसु / श्री के० लकप्पा : : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिंदुस्तान लीवर, ब्रुक बांड इंडिया तथा जे० के० केमिकल्स को विविधीकरण के उपाय के रूप में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है;

(ख) क्या गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के क्षेत्र में बड़े औद्योगिक गृहों के प्रवेश पर केरल विधान सभा ने चिन्ता व्यक्त करते हुए एक संकल्प पारित किया था; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) अभी नहीं ।

(ख) जी हां ।

(ग) केरल विधान सभा ने 10-2-1978 को निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया था :—

"यह सदन अनुरोध करता है कि भारत सरकार प्राइवेट उद्योगपतियों द्वारा पंजीकृत जलयानों से मछली पकड़ने का कार्य शुरु करने के विषय में अपने फैससे को रद्द कर दे । इस सम्बन्ध में वह इस बात को ध्यान में रखे कि इसके फलस्वरुप केरल के लाखों परम्परागत मछुये बेरोजगार हो जायेंगे और उन्हें गम्भीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कना पड़ेगा ।

श्री ज्योतिमय बसु : मुझे पता लगा है कि सरकार आर्थिक अपराध करने वाली बड़ी बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को अनुमति देना चाहती है। सरकार को पता है कि कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद में हिंदुस्ताद लीवर के परिसर में 1 मिलावटी तेल का भरा हुआ टेंकर पकड़ा गया था और इस तेल का प्रयोग डालडा के उत्पादन के लिए किया जाना था । इसी प्रकार ब्रुक बांड को कम मूल्य के बीवजक बनाने पर पकड़ा गया था । जे० के० भी आर्थिक अपराध करने और कम मूल्य के बीजक बनाने में कुख्यात है। इन लोगों को अचानक ही गहरे समुद्र में मछली पकड़ने का काम दिया जा रहा है । क्या इस बंगाल की खाड़ी, अरब सागर और हिंद महासागर की सुरक्षा को खतरा पैदा नहीं हो जाएगा ? गहरे समुद्र में मछली पकड़ने की बजाय ये लोग समुद्र तट पर ही मछली पकड़ रहे हैं क्योंकि वहां मछली अपेक्षाकृत अधिक पाई जाती है। इसके परिणामस्वरुप लाखों मछेरों को अपनी आजीविका से हाथ धोना पड़ रहा है । एक बार इनको लाइसेंस दे दिया गया तो ये लोग चाहे जहां जा सकते हैं । बड़े बड़े औद्योगिक गृहों को ऐसी अनुमति देकर सरकार चली आ रही परम्परा से हट रही है । सरकार ऐसा क्यों कर रही है और केरल विधान सभा के सर्वसम्मति से पास उस संकल्प की उपेक्षा क्यों कर रह है जिसकी अनुमति केरल के लोगों ने दी थी और हम भी केरल सरकार का पूरी तरह समर्थन करते हैं? किसी भी निजी उद्योगपति को तटवर्तीक्षेत्र में यंत्रीकृत नौकाओं से मछली पकड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : वर्ष 1977 में 200 मील का आर्थिक क्षेत्र घोषित किया गया और हमें तट-वर्ती रेखा से 200 मील आगे तक मछली पकड़ने की अनुमति प्राप्त है । अभी तक हमने यंत्रीकृत नौकाओं से मछली पकड़ना शुरू नहीं किया है । इसलिए दूसरे देश बंगाल की खाड़ी में, विशेषकर अडमान के निकट, जहां मछली बड़ी मात्रा में है, मछली पकड़ना शुरु किया है और हम उन्हें मना नहीं कर सकते । इसलिए सरकार ने निर्णय किया कि मार्च, 1979 तक हमारे पास अलग अलग आकार की 200 नौकाऐं होनी चाहिए । इसी योजना के अन्तर्गत मछली पकड़ने वाली नौकाओं को लगाया जाएगा । कुछ नौकाऐं आयात की जा रही हैं और कुछ बनायी जा रही हैं । इस योजना के अधीन भी कुछ सीमाएं हैं। कुछ प्रायमिकताएं नियत की गई थी : पहली प्राथमिकता सहकारी समितियों के लिए है, दूसरी राज्य सहकारी समितियों के लिए, तीसरी छोटे निजी उद्यमकर्ताओं और अन्तिम बड़े गृहों के लिए है मछली पकड़ने का व्यापार पूंजी प्रधान व्यापार है । मछली पकड़ने के जहाज की कीमत 1 करोड़ से 5 करोड़ रुपए के बीच होती है। इस देश के लिए यह एक नया व्या-पार है । हम इसके आदी नहीं है । इसलिए हम कुछ जो नियत करना चाहते हैं। राज्य सरकारों को इस विषय पर सोचने के लिए कहा गया है। जहाज चार किस्म के हैं । पहले तो परम्परागत मछेरे हैं जो यंत्रीकृत नौकाओं से जो कि एक लाख या इससे अधिक हैं, के साथ मछली पकड़ते हैं। दूसरे, लगभग 14,000 यंत्रीकृत नौकाएं हैं

इसके अतिरिक्त 20—22 मीटर आकार की कुछ बड़ी नौकाएं हैं । हम प्रयत्न कर रहे हैं कि छोटे मछेरों, परंपरागत मछेरों, जिनके पास यंत्रीकृत नौकाएं नहीं है, के लिए तटवर्ती रेखा से 5 किलोमीटर आगे तक मछली पकड़ने की अनुमति दी जाए । उसके बाद 30 किलोमीटर के क्षेत्र तक यंत्रीकृत नौकाओं को मछली पकड़ने की अनुमति दे । तथा उसके बाद बड़े ट्रालरों को 1 इस पर हम विचार कर रहे हैं . . .

अध्यक्ष महोदय : आपने उनके इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया कि वे तट के पास 5 या 10 किलों० मीटर तक मछली नहीं पकड़ेंगे, इस बात की क्या गारटी है ?

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : अभी हमने पुलिस की गश्त की कोई व्यवस्था नहीं, की है । न ही हम ऐसा कर सकते हैं । पारम्परिक मछुओं और 20 से 22 मीटर की यंत्रीकृत नौकाओं में अक्सर विवाद होते रहते हैं। इस तरह के झगड़े मद्रास, गोआ और अन्य स्थानों में हुए हैं । वे राज्य भी इन सबके लिए एक सीमा निर्धारित करने के लिए कानून बना रहे हैं ।

श्री ज्योतिर्मय बसु: उन्हें लागू करने वाली कोई बात नहीं है ।

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : इस पर भी विचार किया जा रहा है । हम पहली बार मछली के व्यापार में आ रहे हैं और कुछ समय तक ये कठिनाईयों बनी रहेंगी ।

श्री ज्योतिर्मय बसु : केरल विधान सभा के एक मत से पास किए गए संकल्प की सर्वथा उपेक्षा क्योंकि गई है ? उसमें उन्होंने मांग की थी कि सरकार उद्योगपतियों के यंत्रीकृत नौकाओं द्वारा मछली पकड़ने के निर्णय को रद्द कर दे क्योंकि इससे लाखों परम्परागत मछुए बेकार हो जाएंगे । मंत्री महोदय ने इस संकल्प के बारे में कुछ नहीं कहा है ।

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : हम इस की उपेक्षा नहीं कर रहे हैं । हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि छोटे मछुओं के हितों की रक्षा कैसे की जाए । इसके लिए हम राज्य सरकारों के सुझाव भी माँग रहे हैं, जिससे बड़ी नौकाओं को तट से दूर रखा जा सके ।

श्री ज्योतिर्मय बसु : यह तथ्य है कि कृषि मंत्रालय ने केरल विधान सभा के संकल्प की ओर कोई ध्यान नही दिया है । उन्होंने यह भी माना है कि पुलिस गश्त की कोई व्यवस्था नहीं है यह एक कागज परियोजना है और बहु राष्ट्रीय फर्मों और बड़े उद्योगपतियों को छोटे मछुओं के मूल्य पर कुछ भी करने की छूट दे दी गई है । मैं जानना चाहता हूं कि जहाज निर्माण में गम्भीर मन्दी को देखते हुए क्या वे सरकारी क्षेत्र में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने और साथ ही मत्स्य नौकाओं आदि में परिवर्तन करने और सुधार करने पर विचार करेंगे ?

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : सर्वोच्च प्राथमिकता सहकारी समितियों तथा दूसरी राज्य निगमों को दी जाती है और इसके बाद छोटे उद्यमियों और इच्छुक इंजीनियरों और इच्छुक इजीनियरों का स्थान आता है । सबसे अन्त में बड़े उद्योगपतियों का नम्बर आता है और उनके साथ यह शर्तें हैं, कि वे 40 मीटर लम्बे जहाजों से बड़े जहाजों का प्रयोग नहीं करेंगे जिनका मूल्य 1 करोड़ से अधिक नहीं होगा तथा वे तट से 25 मील दूर रहेंगे । वे बगाल की खाड़ी और अन्दमान के पास मछली पकड़ सकते हैं परतु वे उस क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं कर सकते जहां छोटी पंत्रीकृत नौकाएं और परम्परागत नौकाएं कार्यरत हैं ।

जहां तक जहाजों में परिवर्तन कर उन्हें मछली पकड़ने के योग्य बनाना है इस बात पर अभी विचार नहीं किया गया है । इन्हें मछली पकड़ने के जहाजों में परिवर्तन नहीं किया जा सकता । इनमें कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान करना होती है तथा किसी ने भी इसमें कार्य नहीं दिखाई है ।

श्री के० लकप्पा : माननीय मंत्री का उत्तर न तो संतोषजनक है और न ही तथ्यपूर्ण । गहरे समुद्र में, मछली पकड़ने के पीछे गहरी अन्तर्राष्ट्रीय चाल है । कुछ बड़ी ताकतें हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रही हैं और इसी कारण वर्तमान सरकार ने बड़े औद्योगिक गृहों को इसकी अनुमति दे दी है (**व्यवस्थान**) । बिस्कुट कम्पनियां तक इस उद्योग में लग रही हैं । एक ब्लेड निर्माता फर्म और एक साबुन फैक्टरी तक गहरे समुद्र में मछली पकड़ने में लगने वाली है । यह बहु-राष्ट्रीय परियोजना बन गई है । इसमें टाटा, ब्रुक बांड, हिन्दुस्तान लिवर, ब्रिटेनिया बिस्कुट फैक्टरी आदि बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय फर्में काम कर रही हैं ।

सरकार, का इन एकाधिकार प्राप्त कम्पनियों के प्रति उदार रुख क्यों है ?

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : सदस्य महोदय ने कोई प्रश्न न करके..... **(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय : कार्यवाही में शामिल न किया जाए ।

(व्यवधान)**

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : माननीय सदस्य ने पिछली सरकार के बहुराष्ट्रीय फर्मों को प्रोत्साहन देने के कारनामों को ही दोहराया है विभिन्न बड़े उद्योग गृहों द्वारा गहरे समुद्र में मछली पकड़ने लिए उपयोग लाए जाने वाले जहाजों की संख्या 24 है जिसकी अनुमान पिछली सरकार ने दी थी । इन्हें 1968 की योजना के अन्तर्गत डालर आयात करने, की अनुमति दी गई थी, इनमें से एक भी नई योजना के अन्तर्गत नहीं है ।

**कार्यवाही वृत्तांत में शामिल नहीं किया गए ।

**Not recorded :

श्री के० लकप्पा : मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया है, वे पिछली सरकार का ही जिक्र कर रहे हैं **(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय : उत्तर पूर्णतः संगत है । आप इस सरकार पर इन लोगों को अनुमति देने का आरोप लगा रहे थे । मंत्री महोदय ने बताया मैंने ऐसा नहीं किया पिछली सरकार का ही यह कार्य था । **(व्यवधान)****

SHRIMATI MRINAL GORE : Whether Governments action of giving licence to big houses for fishing is in accordance with their policy of giving facilities to small industries and not encouraging big houses ? Whether Government will take a decision not to repeat the acts of the previous Government ?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA : We will always safeguard the interests of small fishermen but big traulers cannot be banned all together. They can do fishing even 200 miles off the shore, we cannot do anything in that respect. But if needed we can put a ban not to do fishing in the area where small fishermen are operating.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Whether Government will make a law so as to prevent big traulers to do fishing in the area beyond 10 miles and within 30 miles. What enforcement machinery Government have to catch the foreigners ?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA : I have written to every state asking them the kind of legislation they want. We will try that the area near the coast is reserved for small boats and after that mechanised boats are allowed to operate. Beyond that only the big traulers of 40 metres may be allowed to operate. Generally in Bay of Bengal small traulers do not operate.

अध्यक्ष महोदय : वे राज्यों से परामर्श कर रहे थे । यह एक बड़ा प्रश्न है । वह चाहते हैं कि सभी राज्यों के लिए समान कानून बने । कानून को लागू किए जाने के पत्र पर भी विचार हो रहा है ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

गोदामों के निर्माण के लिये शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को सहायता

***658. श्री जी० वाई० कृष्णन :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री निम्नलिखित जानकारी देने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा वसूल किए जाने वाले खाद्यान्नों और चीनी के भण्डार के लिये प्रत्येक राज्य में कितने गोदाम हैं ;

(ख) क्या सरकार ने इस प्रकार के गोदामों के निर्माण के लिये दिसम्बर, 1977 तक शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को कोई सहायता दी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) (क) : एक विवरण सभा के पटल पर रखा जाता है ।

(ख) और (ग) : गोदामों का निर्माण करवाने के लिए शिक्षित बेरोजगारों को सहायता देने की ऐसी कोई योजना नहीं है तथापि, रोजगार देने के अवसर बढ़ते हैं जब ऐसी गतिविधियों में लगे हुए सरकारी क्षेत्र के संगठनों द्वारा इस प्रकार के निर्माण कार्य शुरू किए जाते हैं ।

विवरण

भारतीय खाद्य निगम के प्रयेक राज्य में खाद्यान्नों और चीनी का भण्डारण करने के लिए गोदाम

पश्चिमी बंगाल	278
असम	141
बिहार	97
उड़ीसा	63
उ० पू० सी०	35
हरियाणा	98
पंजाब	153
हिमाचल प्रदेश	9
जम्मू तथा कश्मीर	7
दिल्ली	7
राजस्थान	145
उत्तर प्रदेश	317
आन्ध्र प्रदेश	197
कर्नाटक	67
तमिलनाडु	72
केरल	74
महाराष्ट्र	49
गुजरात	56
मध्य प्रदेश	316
जोड़	2181

गहन ढोर विकास परियोजना

661. **श्री गणनाथ प्रधान** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री निम्नलिखित जानकारी देने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1976 से 1977 के दौरान विभिन्न गहन ढोर विकास परियोजनाओं के लिये सरकार द्वारा कितनी धनराशि दी गई थी;

(ख) इस धनराशि का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है और इसका देश में दूध उत्पादन बढ़ाने पर क्या प्रभाव पड़ा है ; और

(ग) उड़ीसा राज्य को अब तक कितनी राशि प्राप्त हुई है और उड़ीसा तथा अन्य राज्यों में शुरू की गई परियोजना का स्वरूप क्या है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) से (ग) तक जानकारी एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जाएगी।

बीजों में आत्म-निर्भरता

662. **श्री सरत कार :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बीजों के मामले में राष्ट्रीय बीज निगम की उत्पादन क्षमता क्या है;

(ख) देश में बीजों की मांग इससे कहां तक पूरी होती है;

(ग) क्या यह सच है कि निगम ने अधिक उत्पादन देने वाले बीजों के उत्पादन में आत्म-निर्भरता प्राप्त करने के लिए विश्व बैंक के सहयोग से कोई विस्तृत कार्यक्रम बनाया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

(क) से (घ) : राष्ट्रीय बीज निगम मुख्यत: मूल और प्रामाणिक बीजों के सम्बन्ध में कार्य करता है जिनकी देश में सीमित, परन्तु बढ़ती हुई मांग है। बीजों की मांग की बड़ी मात्रा किसानों द्वारा स्वयं ही पूरी कर ली जाती है जो ऐसी उपज और विशेषकर स्वयं अंकुरित होने वाली गेहूं और धान आदि की पर्याप्त मात्रा अपने पास रख लेने में पूरी सावधानी बरतते हैं जिनको विश्वस्त बीज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। वर्ष 1977-78 के दौरान राष्ट्रीय बीज निगम ने पांच मुख्य धान फसलों अर्थात् गेहूं, धान, मक्का, ज्वार एवं बाजरे के लगभग 4.18 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज उपलब्ध कराये।

केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों की सलाह से देश भर में ऊंचे दर्जे के प्रामाणित बीजों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया है। विश्व बैंक ने इस कार्यक्रम के लिए बड़ी मात्रा में पूंजी लगाने के लिए सहमति प्रकट की है।

इस कार्यक्रम में प्रजनक बीजों, मूल बीजों तथा प्रमाणिक बीजों का पर्याप्त उत्पादन करने और उनके लिये आवश्यक आधार तैयार करने, राज्यों में स्वतंत्र गुण नियंत्रण एजेंसियों तथा राज्य बीज निगमों की स्थापना करने, राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा समन्वित अंतर्राज्यीय विपणन करने, अपर्याप्त पूर्ति के वर्षों में कमी को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बीजों का एक सुरक्षित भण्डार लगाने तथा वनस्पतियों के प्रजनक व मूल बीजों के अनुसंधान व परीक्षण करने की व्यवस्था है।

गुजरात को खाद्यान्नों की मांग और सप्लाई

*664. **श्री अहमद एम० पटेल**
श्री छीतू भाई गामित } : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री निम्नलिखित जानकारी का देने ला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1975-76, 1976-77 और 1977-78 में गुजरात राज्य की ज्वार, बाजरा, चावल, मक्का और गेहूं की कितनी मांग थी;

(ख) इस मांग पर कितनी मात्रा सप्लाई की गई;

(ग) यदि यह सप्लाई मांग से कम थी तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) राज्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये गये हैं?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) और (ख) : केन्द्रीय भण्डार से खाद्यान्नों के लिए गुजरात सरकार से प्राप्त मांगों, मांगों के प्रति किये गये आबंटन और किये गये आबंटनों के प्रति राज्य सरकार द्वारा वास्तव में उठाई गई मात्रा के बारे में स्थिति इस प्रकार है :—

(आंकड़े लाख मीटरी टन में)

वर्ष	मांग			आबंटन			प्रतिशत उठान		
	चावल	गेहूं	मो० अ०	चावल	गेहूं	मो० अ०	चावल	गेहूं	मो० अ०
1975-76	1.75	5.58	2.90	0.43	5.02	0.52	0.43	3.94	0.44
1976-77	—	1.02	0.20	—	1.02	0.24	—	0.87	0.17
1977-78	0.13	3.88	2.49	0.13	3.88	1.08	0.06	2.35	1.14

प्रतिशत 15-3-1978 तक की स्थिति

मो० अ०—मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, मक्का, माइलो—श्रेणीवार आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं)

(ग) राज्य सरकार से प्रत्येक माह में प्राप्त मांगों, राज्य सरकार के पास स्थानीय वसूली से प्राप्त स्टाक की उपलब्धता, केन्द्रीय भण्डार में स्टाक की उपलब्धता, केन्द्रीय सरकार के पहले के आबंटनों में से राज्य सरकार द्वारा उठाई गई मात्रा, अन्य राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों की सापेक्ष आवश्यकताओं, मण्डी में उपलब्धता और अन्य संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मासिक आधार पर खाद्यान्नों के आबंटन किए जा रहे थे। उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार को यथा सम्भव अधिक से अधिक खाद्यान्नों का आबंटन किया गया था।

(घ) इस समय राज्य सरकार की चावल तथा गेहूं की मांगें पूरी तरह पूरी की जाती हैं। तथापि, राज्य सरकार की मोटे अनाजों की आवश्यकताओं को पूरा करना सम्भव नहीं हुआ है। केन्द्रीय भण्डार में आयातित माइलों का स्टाक लगभग समाप्त हो गया है और अब कोई आयात नहीं हुआ है। भारतीय खाद्य निगम केवल समर्थन मूल्य के उपाय के रूप में मोटे अनाजों की आन्तरिक वसूली करता है और वास्तव म भारतीय खाद्य निगम द्वारा केन्द्रीय भण्डार के लिए अब तक कोई वसूली नहीं की गई है। तथापि, राज्य सरकार को कहा गया है कि यदि राज्य सरकार चाहे तो उसे माइलों/अन्य मोटे अनाजों के स्थान पर गेहूं की अतिरिक्त मात्रा केन्द्रीय भण्डार से आबंटित की जा सकती है।

डेरी उद्योग के लिए न्यूजीलैन्ड से सहायता

669. **श्री सी० के० जाफर शरीफ :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत में डेरी उद्योग के विकास के लिए न्यूजीलैंड सरकार से हाल ही में कोई बातचीत की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

कृषि और सिंचाई मत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता।

IRRIGATION FACILITIES

†*670. SHRI R. L. P. VERMA : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to lay a statement showing :

(a) whether 77 per cent of agriculture is still dependent on monsoons and it has not been possible to provide irrigation facilities so far;

(b) whether bank loan will be advanced to unemployed engineers on the principle of 'Water for each field and work to all' constituting one unit for five villages as a complete irrigation scheme;

(c) if so, whether Government propose to provide irrigation facilities for the entire agricultural land in the country through their own efforts and with the efforts of unemployed engineers in a planned way and under a time-bound programme; and

(d) if so, by what time ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA) : (a) According to the Land Utilisation Statistics for 1974-75, the gross irrigation area formed 25.5 per cent of the total cropped area for that year. Unirrrigated area thus formed 74.5 per cent of the cropped area.

(b) There is no such proposal under consideration of the Government at present.

(c) & (d) Do not arise.

GRANTS TO UNIVERSITIES IN M.P.

†*672. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to lay a statement showing the amount of grants and assistance provided to different Universities of Madhya Pradesh during the years 1975-76, 1976-77 and 1977-78 by the University Grants Commission ?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER) : A statement is laid on the Table of the Sabha.

STATEMENT

Grants to Universities in M.P.

Sl. No.	Name of the University	Grants Paid		
		1975-76	1976-77	1977-78
		Rs.	Rs.	Rs.
1.	A. P. Singh	1,58,080·00	8,74,250·00	10,68,750·00
2.	Bhopal	3,96,191·50	16,49,472·18	24,18,600·80
3.	Indira Kala Sangeet	2,13,278·00	3,85,262·00	3,92,696·53
4.	Indore	10,17,526·10	21,90,257·33	31,05,153·69
5.	Jabalpur	4,96,497·91	16,01,255·60	16,28,497·27
6.	Jiwaji	8,01,584·86	13,04,032·92	11,76,525·00
7.	J. L. N. Krishi	—	3,000·00	4,750·00
8.	Ravi Shankar	7,29,576·00	15,53,857·83	22,68,251·77
9.	Saugar	14,01,094·99	23,85,836·34	37,73,188·30
10.	Vikram	9,87,866·99	18,19,075·10	22,27,117·08

SHORT WEIGHT OF WHEAT IMPORTED FROM U.S.A.

*673. SHRI MRITYUNJAY PRASAD : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to lay a statement showing :

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item published in the Patriot dated the December 17, 1977 under the heading "Rs. 170 crore loss in short weighed U.S. wheat, top F.C.I. officials in collusion";

(b) if so, what are the facts thereof and what quantity of wheat was found short and the cost price thereof as also the total expenditure that was involved in the wheat found short by way of freight, insurance, loading and unloading charges, etc.;

(c) what procedure is followed for calculating correct pre-shipment or at the time of shipment the weighment of imported wheat and other food articles and the authority charged with the responsibility for ensuring correct weight and record thereof;

(d) the procedure followed at the time of unloading at Indian ports and the authority on which responsibility therefor devolves;

(e) where and what investigations have so far been made in this regard together with the outcome thereof; and

(f) the action being taken and proposed to be taken to prevent recurrence of such scandals in future ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) to (f) Consequent upon the indictment of some U.S. grain firms for indulging in malpractices involving short-weighment and misgrading of grains to defraud foreign buyers, including India, the Government of India had filed claims against five major U.S. grain exporting firms for supplying foodgrains deficient in weight and quality during the years 1961—75. Claims were filed for a notional amount of 215 million Dollars representing two per cent of the total value of the grain supplied by these firms to India during the period in question so as to conform to U.S. rules and procedures which stipulated that claim can be filed against a firm only if 1½ per cent of the grain supplied by it is either short weight or is not of the quality contracted for and has no relationship with the actual claims. However, the matter is *sub-judice*. The option has been kept open of reaching negotiated out of court settlement with the firms concerned.

Clause 11 of the purchase contract provides for determination of weight at load ports in U.S.A. in accordance with the provisions of the U.S. Grain Standards Act. The weight is certified by the weighmaster whose certificate is treated as authentic.

The unloading of foodgrains at the Indian ports is the responsibility of the Food Corporation of India and different procedures are followed at different ports for the discharge of grain depending upon the facilities available and the final weight is determined at the time of despatch. As the Indian ports are, at present, not equipped with automatic mechanical discharge and weighing equipments, it has not been possible to weigh the foodgrains as they leave the ship and the claims of the shortlanding filed in the past could not be conclusively proved in courts of law for want of proper evidence. As a result of the investigations made by the U.S. Government, the U.S. Grain Standards Act has been amended to make the inspection and weighment of foodgrains at the load ports in U.S.A. more stringent and effective. The question as to whether any further remedial action is required to be taken by the Government of India is being examined in consultation with the Food Corporation of India and the Indian Embassy, Washington.

The facts of the case do not suggest that the shortlanding of foodgrains at the Indian ports was due to negligence or a connivance on the part of the officials of the Food Corporation of India and therefore, there is no proposal under consideration to have the matter investigated by the Central Bureau of Investigation.

दिल्ली में सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों द्वारा धरना

*674. **श्री सी० के० चन्द्रप्पन :** क्या शिक्षा समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों ने 15 मार्च, 1978 को दिल्ली में धरना दिया;

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगें क्या हैं;

(ग) क्या सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल शिक्षा अधिकारियों और दिल्ली के मुख्य कार्यकारी पार्षद से मिला था; और

(घ) यदि नहीं, तो उनकी कठिनाइयों की जांच करने और मांगों को पूरा करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : (क) और (ग) जी, हां।

(ख) और (घ) : दिल्ली प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार राजकीय सहायता-प्राप्त स्कल शिक्षक संघ द्वारा निम्नलिखित मांगें की गई थीं। दिल्ली प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का उल्लेख प्रत्येक मांग के सामने किया गया है।

मांगें	दिल्ली प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई
1. सभी सहायता-प्राप्त स्कूलों में समय से और पूरे वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।	पहले से ही निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के लिए प्रत्येक सहायता-प्राप्त स्कूलों को दिल्ली प्रशासन का अनुदान हर तीन महीनों के लिए अग्रिम रूप से दे दिया जाता है। यह राशि स्कूल के निकटवर्ती बैंकों में खोले गये स्कूल कर्मचारी खाते में जमा हो जाती है। यह खाता स्कूल के प्राचार्य और संबंधित जिला कार्यालयों में कार्य कर रहे शिक्षा निदेशालय के एक पदनामित अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाता है। संबंधित शिक्षकों को चैकों द्वारा भुगतान किया जाता है और आम तौर पर वेतन के भुगतान में कोई विलम्ब नहीं होता है। कुल मामलों में जहां स्कूल का प्रबन्ध ठीक न होने के कारण

(1)	(2)
	स्कूल का प्रबन्ध दिल्ली प्रशासन द्वारा दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 20 के अन्तर्गत अपने अधिकार में ले लिया गया है, नियुक्त संबंधित कर्मचारी केवल 95 प्रतिशत तक वेतन प्राप्त कर रहे हैं जोकि प्रशासन द्वारा दिया गया अनुदान है। वेतन का शेष 5 प्रतिशत जोकि आमतौर पर संबंधित सहायता-प्राप्त स्कूलों द्वारा दिया जाता है, का भुगतान इन शिक्षकों को नहीं किया जाता क्योंकि इस अतिरिक्त देयता को फिलहाल सरकारी निधियों से वहन नहीं किया जा सकता। दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 में संशोधन करने का प्रस्ताव है ताकि सरकार ऐसे मामलों में कर्मचारियों के वेतन का 100 प्रतिशत व्यय वहन कर सके।
2. शिक्षकों के वेतनमानों में यथानुपात वृद्धि करके प्राचार्यों के वेतनमानों और शिक्षकों के वेतनमानों के बीच का अन्तर कम किया जाए।	दिल्ली प्रशासन का विचार है कि दिल्ली में शिक्षकों के वेतनमानों में इस समय संशोधन करने की कोई औचित्य नहीं है क्योंकि वर्तमान वेतनमान तृतीय वेतन आयोक की सिफारिशों पर केवल 1-1-1973 से ही लागू किये गये थे।
3. एक ग्रेड में आठ वर्षों की सेवा पूरी कर लेने पर सभी शिक्षकों को प्रवरण-ग्रेड दिया जाए।	विभिन्न श्रेणियों के सरकारी कर्मचारियों को प्रवरण ग्रेड देने के संबंध में तृतीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए इस मांग को मानना व्यावहारिक नहीं होगा।
4. शिक्षकों के विद्यमान कार्यभार का वैज्ञानिक पुनर्गठन किया जाए और उसे कम किया जाए।	दिल्ली स्कूल शिक्षा नियम, 1973 (नियम 114 के साथ पठित नियम 31) के उपबन्धों के अन्तर्गत प्रत्येक शिक्षक के लिए छात्रों को एक वर्ष में कम से कम 1200 घण्टे का शिक्षण देना आवश्यक है, जिसमें से अधिक से अधिक 200 घन्टे का प्रशिक्षण स्कूल परिसर में कमजोर अथवा प्रतिभाशाली छात्रों को, स्कूल समय से पहले अथवा बाद में देना आवश्यक है। उक्त नियमों के लागू होने से पहले शिक्षकों की विभिन्न श्रेणियों से शिक्षण कार्य के भिन्न-भिन्न घण्टे देने की अपेक्षा की जाती थी। 1-5-1975 से इस असंगति को समाप्त कर दिया गया है और निर्धारित मापदण्ड प्रत्येक शिक्षक पर लागू होते हैं। जैसा कि संघ द्वारा आरोप लगाया गया है इस वैज्ञानिक व्यवस्था का आपातकाल से कोई संबंध नहीं है और न ही यह आपातकाल में आरंभ ही की गई थी।

5. सहायता-प्राप्त अल्पसंख्यक स्कूलों के कर्मचारियों की सेवा शर्तें, विशेषकर सेवा सुरक्षा आदि के मामलों में गैर-अल्पसंख्यक स्कूलों के समान हों।	भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 के उपबन्धों को ध्यान में रखते हुए यह मांग नहीं मानी जा सकती।
6. भूतपूर्व ग्यारह वर्षीय सभी स्कूलों को स्तरोन्नत करके बारह वर्षीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बनाया जाए।	प्रशासन ने पहले ही, नई पद्धति के अन्तर्गत इलाके की आवश्यकता, स्थान की उपलब्धता, उपस्करों की उपलब्धता और छात्रों की संख्या आदि के मानदण्ड के आधार पर अधिकतर माध्यमिक स्कूलों को कक्षा 12 तक स्तरोन्नत कर दिया है सभी माध्यमिक स्कूलों में +2 स्तर की व्यवस्था करना संभव नहीं है।
7. सभी स्तरों पर संयुक्त सलाहकार समितियों का गठन किया जाए और स्कूल प्रशासन को पूरी तरह लोकतांत्रिक बनाया जाए।	संयुक्त सलाहकार समिति गठित करने की एक योजना प्रशासन के विचाराधीन है।
8. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा योजना का लाभ दिल्ली के सहायता-प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों और कर्मचारियों को भी दिया जाए।	इस समय दिल्ली प्रशासन के कर्मचारी केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा योजना में शामिल नहीं है। तदनुसार इस योजना के लाभ निजी सहायता प्राप्त स्कूलों के कर्मचारियों को उपलब्ध नहीं कराये जा सकते।
9. सरकारी सहायता-प्राप्त स्कूल शिक्षक संघ को "वैध" मान्यता दी जाए और इसे शिक्षा निदेशालय में उपयुक्त कार्यालय स्थान दिया जाए।	दिल्ली में विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों के 38 संघ हैं जो मान्यता तथा अन्य सुविधाओं की मांग करते हैं। प्रत्येक संघ को अलग अलग स्थान देना व्यवहार्य नहीं है। संयुक्त सलाहकार समिति का गठन हो जाने पर विभिन्न संघों के कार्यकलापों का उचित समन्वय करने का प्रस्ताव है।
10. सरकारी सहायता-प्राप्त स्कूल संघ "जी० ए० एस० टी० ए०" के परामर्श से दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 और दिल्ली स्कूल शिक्षा नियमावली, 1973 में उपयुक्त संशोधित किया जाए।	दिल्ली के विभिन्न शिक्षक संघों को उचित समय पर दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 में संशोधन के बारे में अपने विचार रखने का अवसर प्राप्त होगा।

उत्तरी उड़ीसा में विश्वविद्यालय

*675. **श्री बैरागी जेना:** क्या शिक्षा समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तरी उड़ीसा में एक और विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव का सर्वेक्षण करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का कोई दल उड़ीसा गया है; और

(ग) उस दल का क्या प्रतिवेदन है और क्या इसे सभा पटल पर रखा जाएगा?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र): (क) उत्तरी उड़ीसा में एक विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए उड़ीसा सरकार से कोई प्रस्ताव न तो सरकार को और न ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्राप्त हुआ है।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठते।

दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों में प्रिंसिपलों के रिक्त पद

*676. **श्री सूरज भान :** क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुछ कालेजों में प्रिंसिपलों के स्थायी पद रिक्त पड़े हैं और काफी लम्बे समय से तदर्थ व्यवस्था की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी संस्थाओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या इस संगठनों के सुचारु ढंग से कार्य करने के विपरीत और शिक्षकों और विद्यार्थियों के हितों के विरुद्ध नहीं समझा जाता है;

(घ) क्या दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस बारे में प्रभावी नियन्त्रण और कार्यवाही की है; यदि हां, तो की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या ऐसी तदर्थ नियुक्तियों को जारी रखने की कोई समय सीमा है; यदि हां, तो क्या इसका पालन किया गया था; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) से (ङ) दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार तीन कालेजों में प्राचार्यों के पदों को निम्नलिखित कारणों से स्थायी आधार पर नहीं भरा गया है :—

(1) दयाल सिंह कालेज :

प्राचार्य का पद 4-2-1976 को खाली हुआ था और स्थानापन्न व्यवस्था कर दी गई थी। तत्पश्चात् कालेज ने इस पद को विज्ञापित किया था। तथापि, दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद् ने, 28 अप्रैल, 1977 को हुई अपनी बैठक में यह निर्णय लिया था कि इस कालेज में प्राचार्य की नियुक्ति स्थायी आधार पर करना तब तक उपयुक्त नहीं होगा जब तक विश्वविद्यालय इस कालेज को अपने अधिकार में नहीं ले लेता, जिसके ब्यौरे विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सलाह से तैयार किये जा रहे हैं।

(2) देशबन्धु कालेज

कालेज के स्थायी प्राचार्य ने 22 जुलाई, 1975 को दिल्ली विश्वविद्यालय में एक पद पर आवधिक आधार पर नियुक्ति प्राप्त कर ली थी। अतः प्राचार्य का पद तब तक स्थायी आधार पर नहीं भरा जा सकता जब तक उनका उस पद पर पुनर्ग्रहणाधिकार है।

(3) श्यामलाल कालेज :

स्थायी पदधारी के त्यागपत्र दे देने के परिणामस्वरूप प्राचार्य का पद 23 जुलाई, 1977 को खाली हो गया था। 22 जनवरी, 1978 को इस पद का विज्ञापन दूसरी बार दिया गया है। चयन समिति की बैठक जल्दी ही बुलाई जा रही है।

EXPENDITURE INCURRED ON PRESERVATION OF INDIAN CULTURE

†6171. **SHRI DAYA RAM SHAKYA :** Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state the annual expenditure incurred by Government for the preservation of Indian Culture and the purposes for which this amount is spent and whether the States are allocated funds for the purpose separately ?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER) : The Department of Culture is primarily concerned with the preservation of the cultural heritage ranging from monuments, archives, manuscripts, books and antiquities to oral knowledge, modern art, and contemporary traditions. These activities are directed through institutions in these fields administered by the Department of Culture including attached, subordinate and autonomous organisations, for instance the Archaeological Survey of India, National Archives, National Museum, National Library, National Gallery of Modern Art, Institute of Tibetan Studies, the Lalit Sangeet Natak, Sahitya Akademies, etc., or through schemes of assistance to artists and institutions.

In addition to the Central budget, the State Governments also provide funds in their Plans for maintaining similar institutions and through them for the preservation of the cultural heritage in the States. The total plan allocations under Art & Culture during 1977-78 and 1978-79 in both Central and State sectors was as follows :

(Rs. in lakhs)

	1977-78	1978-79
Central	597·00	732.23
States	313.20	698 72
TOTAL	910.20	1430.95

कल्लर और मुनार में बांध

6172. **श्री के० ए० राज :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अपरावती नदी के जलग्रहण क्षेत्र में नियामकाड् के निकट कल्लर और मुनार में **बांधों** का निर्माण करने के लिये केरल सरकार द्वारा किसी परियोजना को आरम्भ करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो क्या वह इस बात से अवगत हैं कि बांध के निर्माण से कोयम्बत्तूर जिले की अमरावती नदी परियोजना का क्षेत्र रेगिस्तान में बदल जायेगा;

(ग) इस विपत्ति को रोकने के लिए उनका क्या कार्यवाही करने का विचार है;

(घ) क्या 7 किलोमीटर लम्बाई की सुरंग का निर्माण करके इद्दुक्की पन बिजली योजना के लिए पहिले से प्रयोग में लाये जाने वाले पानी को नियामकाडु की ओर मोड़ने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो क्या वह जानते हैं कि इससे कोयम्बत्तूर जिले में 2 लाख एकड़ शुष्क भूमि पर सिंचाई हो सकेगी ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) नियमकाडु के निकट कल्लार और मुनार के उधार बांधों के निर्माण का कोई प्रस्ताव अभी तक केरल सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग) : ये सवाल पैदा नहीं होते।

(घ) और (ङ) : इदिक्की स्कीम के अन्तर्गत विद्युत उत्पादन के लिए प्रयोग किए गए जल को एक 7 किलोमीटर लम्बी सुरंग का निर्माण करके नियमकाडु में लाने का प्रस्ताव है ।

चीनी का उत्पादन

6173. **श्री धर्मवीर विशिष्ट :** क्या **कृषि और सिंचाई मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 जनवरी, 1978 को समाप्त होने वालें प्रथम चार महीनों में चीनी का कुल कितना उत्पादन हुआ है; और

(ख) गत वर्ष इसी तिथि की तुलना में चीनी कारखानों में 31 जनवरी, 1978 को चीनी का कुल कितना स्टाक था और स्थिति में बड़ा अन्तर होने के क्या कारण हैं ?

कृषि ओर सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) 1977–78 चीनी मौसम के पहले चार महीनों में अर्थात् 31–1–1978 तक चीनी का कुल उत्पादन 23.45 लाख मीटरी टन हुआ था।

(ख) 1977–78 चीनी मौसम में 31 जनवरी, को फैक्ट्रियों के पास चीनी का शेष कुल स्टाक 24.29 लाख मीटरी टन था जबकि 1976–77 चीनी मौसम की उसी तारीख को 18.64 लाख मीटरी टन था। इस वर्ष 31 जनवरी को चीनी का अधिक स्टाक होने का मुख्य कारण 1–10–1977 को 1–10–1976 की तुलना में पिछले वर्ष का वचा हुआ स्टाक लगभग 7.4 लाख मीटरी टन अधिक स्टाक होना है ।

इण्डियन स्कल आफ माइन्स, धनबाद

6175. **श्री ए० के० राय :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय का ध्यान 21 जनवरी, 1978 और 29 जनवरी, 1978 के कोलफील्ड गजट में इंडियन स्कूल आफ माइन्स धनबाद के कार्यों के बारे में प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या मंत्रालय का विचार सत्य का पता लगाने के लिए इस मामले की जांच कराने का है ताकि प्रबन्धकों अथवा पालिका के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) जी, हां। गजट में उठाए गए मुद्दों को दर्शानेवाला विवरण संलग्न है।

(ख) भारतीय खान स्कूल (इन्डियन स्कूल आफ माइन्स) धनबाद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत एक विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्था है। स्कूल के कार्यों का सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण स्कूल के कार्यकारी बोर्ड में निहित है। कार्यकारी बोर्ड से इस मामले की जांच करने का अनुरोध किया जा रहा है।

विवरण

कौलफील्ड गजट में उठाए गए मुख्य मुद्दे

1. उपर्युक्त निर्देशकों के बिना कई अनुसंधान परियोजनाओं का चलाया जाना, अध्यापकों के बिना नए पाठ्यक्रम प्रारम्भ करना

2. अनुशासन के नाम पर निदेशक द्वारा अधिकारों का दुरुपयोग और स्वैच्छाचारिता

3. नियुक्तियों और पदोन्नतियों में अनियमितता और पक्षपात

4. श्री मरवाहा और उनके निकट सम्बन्धियों की कुल परिसम्पत्ति की जांच के लिए निष्पक्ष जांच समिति।

रंगनाथन समिति का प्रतिवेदन

6176. **श्री किरित विक्रम देव बर्मन :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा नियुक्त रंगनाथन समिति ने इस बीच अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस बीच उस पर क्या अनुवर्ती कार्यवाही की गई है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) तथा (ख) : सरकार द्वारा नियुक्त रंगनाथन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। रंगनाथन कमेटी की सिफारिशों का कार्यान्वयन करने के लिए सरकार ने एक शक्ति प्रदत्त कमेटी का गठन किया था। रंगनाथन कमेटी की सिफारिश और सरकार के उस पर निर्णय का एक विवरण सभा पटल पर रखा है। [ग्रंथालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी०-2067/78]। सरकार ने सिफारिश नं० 5, 6, 8, 10, 14, 18, 31, 34, 37, 41, 42 और 43 की सिफारिशों पर किए गए निर्णयों को कार्यान्वित कर दिया है।

चुकन्दर की फसल

6177. **श्री पी० राजगोपाल नायडू :** क्या **कृषि और सिंचाई मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कितने क्षेत्र में चुकन्दर की फसलें हैं;

(ख) चीनी मिलों में उसकी कितनी मात्रा में खपत होती है; और

(ग) क्या सरकार चुकन्दर की फसल को प्रोत्साहन दे रही है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) राजस्थान राज्य के गंगानगर शुगर मिल श्रीगंगानगर के क्षेत्र में चुकन्दर की खेती की जाती है । 1977–78 में 1140 हैक्टार क्षेत्र में चुकन्दर की खेती की जाती है । तमिलनाड के धरमपुरी जिला सहकारी शुगर मिल्स लिमिटेड, धरमपुरी के क्षेत्र में भी इसकी थोड़ी खेती की जाती है।

(ख) 1976–77 में गंगानगर शुगर मिल में 32823 मीटरी टन चुकन्दर की खपत हुई थी और धरमपुरी जिला सहकारी शुगर मिल में 401 मीटरी टन की खपत हुई थी।

(ग) जी हां। भारत सरकार पांचवीं योजना के दौरान राजस्थान में चुकन्दर के विकास के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित एक योजना कार्यान्वित की जा रही है। इसकी खेती को प्रोत्साहन देने के लिए कृषकों को योजना के प्रथम तीन वर्षों में चुकन्दर के बीज पर शतप्रतिशत की दर से आर्थिक साहाय्य दी जाती है, चौथे वर्ष में 50 प्रतिशत की और पांचवें वर्ष में 25 प्रतिशत की आर्थिक साहाय्य दी जाती है। इसके अतिरिक्त, चुकन्दर की खेती की पद्धतियों के संबंध में व्यापक प्रदर्शन किये गये तथा चुकन्दर की खेती की उन्नत पद्धतियों में कृषकों को सलाह देने के लिए तकनीकी कर्मचारी उपलब्ध कराये गये।

COMMITTEE ON GIRI INSTITUTE OF DEVELOPMENT STUDIES

†6178. SHRI HARGOVIND VERMA : Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state :

(a) whether a Committee was constituted by the Indian Council of Social Science Research to go into the working of 'The Giri Institute of Development Studies';

(b) whether the Committee has completed its work: and

(c) if so, the board contents of the report submitted by it ?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER) : (a) Yes, Sir, a Visiting Committee was appointed by the Indian Council of Social Science Research to examine the work and plans of the Institute and for assessing its suitability for inclusion in the list of assisted institutions of ICSSR.

(b) Yes, Sir.

(c) The main recommendations of the Committee are as follows :—

(1) That the Institute should be brought on the list of the Research Institutes in Social Science getting grants from the ICSSR.

(2) That the Institute may be provided an *ad hoc* grant of Rs. 1 lakh by the ICSSR for purchase of books and academic equipment in the current year.

(3) That it should get adequate grants for 1977-78 and 1978-79. The ICSSR should provide a recurring grant of Rs. 2 lakhs to the Institute in 1977-78 and that the Government of Uttar Pradesh be pursuaded to give an equal grant.

(4) This grant should be raised by 25 per cent in 1978-79 with a matching grant by the State Government.

जनकपुरी, दिल्ली में बिना बिके प्लाट

6179. श्री एस० एस० सोमानी : क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ए-2 ब्लाक जनकपुरी में ऐसे कितने प्लाट हैं जो समूह आवास तथा व्यक्तिगत निर्माण के लिए निर्धारित किए गए थे परन्तु अभी तक दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा न तो नीलामी से ही और न आबंटन द्वारा ही बेचे गए हैं;

(ख) ऐसे प्लाट कितने हैं जो बेच तो दिए गए हैं परन्तु उन पर निर्माण अभी तक आरम्भ नहीं किया गया है और खाली पड़े हैं;

(ग) इस ब्लाक में खाली पड़ी भूमि के अपर्याप्त उपयोग करने के क्या कारण हैं जिसके कारण ब्लाक की प्रगति धीमी है; और

(घ) इस ब्लाक में घरों का निर्माण तथा खाली पड़ी सार्वजनिक भूमि का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित कराने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) जनकपुरी के ए-2 ब्लाक में 5.2 एकड़ भूमि ग्रुप हाउसिंग के लिए निर्दिष्ट की गई है जो डाक व तार विभाग को उनके स्टाफ को देने के लिए आबंटित की गई है । पृथक पृथक व्यक्तियों द्वारा निर्माण हेतु निर्दिष्ट 7 प्लाटों को अभीं तक नहीं बेचा गया है।

(ख) 72।

(ग) इस पाकेट की आयोजना मास्टर प्लान में निर्धारित मानदण्डों के अधीन की गई है। खुले स्थानों का पूर्ण रूप से विकास किया जा चुका है।

(घ) पट्टा करार के मुताबिक व्यक्ति विशेष को निर्धारित समय के अन्दर मकान बनाना होता है। दण्ड प्रभार लेने के बाद ही समय सीमा बढ़ाई जाती है। जहाँ तक ग्रुप हाउसिंग पाकेट का संबंध है, डाक व तार विभाग कब्जा लेने के बाद स्टाफ क्वार्टर बनाएगा और भूमि का कब्जा लेने के लिए औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं।

DISTRIBUTION OF WHEAT IN RAJASTHAN BROUGHT FROM OUTSIDE THE STATE

6180. **SHRI MEETHA LAL PATEL** : Will the MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether directives have been issued by the Food Corporation of India to distribute inferior wheat, brought from outside the State in place of the wheat purchased locally, through fair price shops to the local people in Rajasthan particularly in District Swai Madhopur;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether wheat brought from States like Punjab is of inferior quality and has been kept in the lower category as compared to local wheat stored in Government godowns in Gangapur city Bamanvas etc. of District Swai Madhopur; and if so, the categories of both of them;

(d) whether Government propose to make arrangements for the distribution of local wheat from local godowns in scarcity hit areas of the State and if so, when and if not, the reasons therefor; and

(e) whether people and the Government agents (in Gangapur city) have refused to purchase wheat brought from outside the State and if so, the action proposed to be taken by Government in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) & (d) As on 15-3-1978, the Food Corporation of India were holding about 14.14 lakh tonnes of wheat comprising of imported wheat and wheat indigenously procured in Rajasthan and other States. Out of this about 1.66 lakh tonnes of wheat has been earmarked for export to U.S.S.R. in return of wheat loan. Issues of wheat to fair price shops are made out of other stocks held and only good quality stocks of 'A' and 'B' category and conforming to P.F.A. standards are issued for public distribution. It is not possible to confine the issue of wheat of Rajasthan origin only for public distribution as the stocks are issued in accordance with the turn-over priority fixed by the technical authorities.

(e) No report in this regard has been received. The F.C.I. have also not received any complaint about shortage or non-delivery of stocks for public distribution from any centre in Rajasthan.

छठी योजना के दौरान जनजाति क्षेत्र विकास एजेंसी

6181. **श्री गिरधर गोमांगो** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने उड़ीसा सरकार को छठी पंचवर्षीय योजना के लिए जनजाति क्षेत्र विकास एजेंसियों के बारे में परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने को कहा है;

(ख) यदि हां, तो उक्त राज्य ने उनके मंत्रालय को परियोजना प्रतिवेदनों को तैयार करने के बारे में हुई प्रगति का क्या ब्यौरा दिया है; और

(ग) मंत्रालय ने परियोजना प्रतिवेदनों को तैयार करने के लिए क्या मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किए हैं ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) व (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली के स्कूलों में संस्कृत का अध्ययन

6182. **श्री दुर्गा चन्द** : क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में सरकारी स्कूलों के तथा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षा की 10+2+3 पद्धति के अन्तर्गत संस्कृत अध्ययन को प्रोत्साहन दिया जाता है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) दिल्ली के स्कूलों के नवीं तथा दसवीं कक्षाओं में संस्कृत विषय आरंभ करने के लिए कम से कम कितने छात्र होने आवश्यक हैं; और

(घ) दिल्ली के स्कूलों में इस विषय के प्रचार के लिए और क्या सुविधाएं दी जाती हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : (क) जी, हां।

(ख) एक भाषा के रूप में संस्कृत के शिक्षण की सुविधाएं दसवीं कक्षा तक दी जाती हैं। +2 स्तर पर संस्कृत एक कोर विषय अथवा एक वैकल्पिक विषय के रूप में ली जा सकती है।

(ग) शहरी क्षेत्रों में 12 और ग्रामीण क्षेत्रों में 6।

(घ) यदि छात्र, दो अनिवार्य भाषाओं में से एक भाषा के रूप में संस्कृत नहीं लेना चाहते तो उन्हें एक अतिरिक्त भाषा के रूप में इसे लेने के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में पदोन्नतियां

6184. **श्री एस० डी० सोमसुन्दरम** : क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दक्षिणी क्षेत्र में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सहायक इंजीनियर सिविल/इलैक्ट्रिकल के रिक्त पदों को न भरे जाने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या इससे 1977–78 के कार्यकरण पर प्रभाव नहीं पड़ा है जिसके लिए बजट में व्यवस्था की गई थी; और

(ग) दक्षिणी क्षेत्र में कार्यभार बढ़ जाने के बावजूद केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में अतिरिक्त सब-डिवीजन, डिवीजन और सर्किल न बनाने के क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) भर्ती नियमों के अधीन सहायक इंजीनियरों के काडर में पदोन्नति द्वारा भरी जाने वाली 50 प्रतिशत रिक्तियां विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के जरिए भरी जानी होती हैं। यह परीक्षा जुलाई, 1978 में होनी है। रिक्तियों को परीक्षा के बाद भरा जाएगा।

(ख) जी, नहीं। दक्षिणी क्षेत्र में उन रिक्तियों की संख्या 10 हैं जिन्हें भरा नहीं गया : सिविल साइड में 7 और बिजली साइड में 3।

(ग) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग जैसे बड़े संगठन में कार्यभार की कमी-बेशी को खपाने की सदा अन्दरूनी क्षमता होती है। इसके अतिरिक्त कीमतों के बढ़ने के कारण वित्तीय तौर पर गिनी जाने वाली कार्य-भार में वृद्धि वास्तविक रूप में कार्यभार से सदा अनुपातिक वृद्धि को प्रदर्शित नहीं करती। नये एककों की स्वीकृति देने से पूर्व इन सभी बातों की जांच की जाती है। तथापि, दक्षिणी क्षेत्र में वर्ष 1977–78 के दौरान निम्नलिखित अतिरिक्त एककों का सृजन किया गया था :—

(i) मंगलौर में एक कार्यपालक इंजीनियर एकक, दो सहायक इंजीनियर (सिविल) एकक और एक सहायक इंजीनियर (बिजली) एकक से युक्त अधीक्षक इंजीनियर के स्तर का एक परियोजना दल।

(ii) कोचीन में दो उपमण्डल (सिविल), एक उपमण्डल (बिजली), एक सहायक इंजीनियर का अतिरिक्त पद और तीन जूनियर इंजीनियरों के साथ कार्यपालक इंजीनियर के स्तर का एक परियोजना मण्डल।

(iii) दो नये उप-मण्डल।

(iv) अन्य क्षेत्रों से स्थानान्तरण द्वारा तीन उप-मण्डल।

महाराष्ट्र में विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुदान

6185. **श्री वसन्त साठे :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में प्रत्येक विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कितना अनुदान दिया;

(ख) क्या उन विश्वविद्यालयों की अनुदान की राशि में वृद्धि की जाएगी जिन्हें कम अनुदान दिया गया अथवा अनुदान नहीं दिया गया;

(ग) सहायता के लिए महाराष्ट्र के विभिन्न कालेजों की ओर से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पास कितने आवेदन पत्र अनिर्णीत पड़े हैं; और

(घ) किन कालेजों की सहायता के लिए आवेदन पत्र दिये तथा वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पास कितने समय से अनिर्णीत पड़े हैं तथा गत तीन वर्षों में उनमें से कितने कालेजों को अनुदान मंजूर किए गए तथा उनका भुगतान किया गया ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के विश्वविद्यालयों को संस्वीकृत अनुदान निम्नलिखित हैं :—

	1975–76	1976–77	1977–78
	रु०	रु०	रु०
1. बम्बई विश्वविद्यालय	56,82,473.53	80,71,860.80	51,89,878.00
2. कोनकण कृषि विद्यापीठ	—	2,500.00	—
3. महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ	500.00	5,722.50	27,165.03
4. मराठावाडा विश्वविद्यालय	9,64,416.40	17,71,170.17	21,68,705.00
5. नागपुर विश्वविद्यालय	24,36,785.33	40,36,845.68	62,11,842.00
6. पूना विश्वविद्यालय	46,06,437.68	47,31,265.60	1,10,229.00
7. एस० एन० डी० टी० महिला विश्वविद्यालय	38,01,878.89	59,63,173.85	24,19,482.91
8. मराठावाडा कृषि विद्यापीठ	—	4,750.00	88,700.00
9. पंजाब कृषि विद्यापीठ	—	1,000.00	1,000.00

	1975-76	1976-77	1977 78
10. शिवाजी विश्वविद्यालय . .	12,51,966.53	15,11,414.12	38,71,407.66
11. टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टी० आई० एस० एस०) .	6,94,967.80	9,19,434.83	26,16,881.87
12. टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान के लिए योजनेतर अनुरक्षण अनुदान .	—	15,04,643.81	13,59,000.00

(ख) राज्य के चार कृषि विश्वविद्यालयों को विकास अनुदान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा उपलब्ध किए जाते हैं। राज्य के अन्य सभी विश्वविद्यालय, अनुमोदित विकास कार्यक्रमों के आधार पर पहले ही आयोग से पर्याप्त सहायता पा रहे हैं।

(ग) और (घ) 221 कालेजों में पांचवीं योजना के दौरान आयोग से विकास अनुदान के लिए आवेदन किया जिनमें से 165 को सहायता दी जा रही है। मार्च, 1978 में प्राप्त केवल 5 आवेदन पत्र ही आयोग के पास अनिर्णीत पड़े हैं।

रोंकी रक्षा परियोजना के लिए टेंडर

6186. **श्री बयालार रवि :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रोंकी रक्षा परियोजना के लिए टेंडर आमंत्रित किये गये;

(ख) यदि हां, तो कितने टेंडर प्राप्त हुये थे;

(ग) क्या इनमें सार्वजनिक क्षेत्र की कोई पेशकश सम्मिलित थी; और

(घ) यदि हां, तो सार्वजनिक क्षेत्र को कोई प्राथमिकता न दिए जाने के क्या कारण हैं?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम किंकर) : (क) टर्न की रक्षा परियोजना ('रोंकी' शब्द गलत प्रतीत होता है) के लिए प्रतिदिन 30 टन की क्षमता का नाइट्रिक एसिड कांसेंट्रेशन प्लांट की सप्लाई के लिए टेन्डर आमंत्रित किये गये हैं।

(ख) पांच टेंडर प्राप्त हुये हैं।

(ग) एक आफर मैसर्स एफ० ई० डी० ओ० से प्राप्त हुआ है।

(घ) सरकार की वर्तमान नीति के अनुसार, सरकारी खरीद के लिए, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को कोई मूल्य अधिमान नहीं दिया जाना है और उन्हें केवल क्रय-अधिमान दिया जाना है। क्रय संबंधी निर्णय लेते समय, सरकार की उक्त नीति को ध्यान में रखा जायेगा।

DRINKING WATER SHORTAGE IN WEST BENGAL

6187. SHRI MD. HAYAT ALI : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether "Garden Reach Right Project" is proposed to be set up by the West Bengal Government to meet the shortage of drinking water;

(b) the areas in the State likely to benefit thereby; and

(c) the time by which the project is likely to be completed ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHT) (a) : Yes, Sir.

(b) The areas to derive benefit in the phase are :—

(i) South Calcutta.
(ii) South Suburban Municipality.
(iii) Garden Reach Municipality.
(iv) Budge Budge Municipality.

(c) The project is likely to be completed in 1981-82.

RESTORATION OF CASH DOLE TO REFUGEES

6188. SHRI CHATURBHUJ : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the number of Bengali refugee families in Kishanganj Shahbad (Rajasthan) Rehabilitation Scheme and the facilities and amenities provided to them;

(b) whether cash dole is still given to refugee families settled in Chhatrapura, Ghatta-Ghatti, etc. and if not, since when this has been stopped and on whose orders together with the reasons therefor:

(c) the arrangements made to provide means of livelihood to these families; and

(d) the break-up of expenditure incurred so far on the refugee families settled in above areas and on Officer and Staff ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI RAM KINKAR) : (a) There are 3 schemes in Shahbad and Kishanganj Tehsil, in Kota District. The number of families under each scheme is as follows :—

(i) Ghatta-Ghatti	—	217 families
(ii) Ratai	—	250 families
(iii) Chattarpura	—	105 families

The families in Ghatta-Ghatti have been rehabilitated already. The 355 families are in Karmishivirs in Ratai and Chattarpura and are provided with relief assistance as per prescribed pattern.

(b) Yes, Sir. Except the families in Ghatta-Ghatti who have been settled/rehabilitated with effect from 1-7-76.

(c) Agricultural lands have been allotted to the families in Ghatta-Ghatti to earn their livelihood.

(d) So far, an expenditure of Rs. 72.91 lakhs has been incurred on the relief and rehabilitaiton of these families and Rs. 1.77 lakhs on staff etc.

SALINE LAND RECLAMATION PROJECT

6189. SHRI MOTIBHAI R. CHAUDHRY : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether Government have received a letter written by Shri Ishwarbhai Patel, Vice-Chancellor of Gujarat University to the Fertilizer Commissioner on 30th August, 1977 regarding saline land reclamation project;

(b) whether Agriculture Minister of Gujarat Government has also made a recommendation in this regard;

(c) the measures proposed to be taken by Government to reclaim saline land at low cost and at an early date;

(d) whether sulphuric acid waste is utilised in reclamation of land resulting in saving and the steps taken by Government to start this method of reclamation immediately as it is very useful for this poor country; and

(e) whether U.S. salinity laboratory appreciated this project and the reaction of Government towards the implementation of this project at an early date ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA) : (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) The matter is under consideration.

(d) Waste sulphuric acid has a possibility of use in reclamation of calcarious-alkali soils. The handling and application of sulphuric acid which is very corrosive, poses a big problem. The matter regarding the amount of waste sulphuric acid available and its possible use for reclamation of alkali soils is under consideration. On saline soils, sulphuric acid is not useful.

(e) The comments of a soil scientist from U.S. Salinity Laboratory are that sulphuric acid is useful in the reclamation of sodic calcarious soils. The sodic soils are different from saline soils.

MEMO. SUBMITTED BY JAWAHARLAL NEHRU UNIVERSITY EMPLOYEES ASSOCIATION

†6190. SHRI RAM SEWAK HAZARI : Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state :

(a) whether Jawaharlal Nehru University Employees Association has recently submitted a memorandum to the Vice-Chancellor;

(b) A statement is attached. [Placed in Library. *See* No. L.T.—2068/78]

(c) the action proposed to be taken by Government thereon ?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER) : (a) Yes, Sir.

(b) A statement is attached. [Placed in Library. See No. L.T.—2068/78]

(c) The demands are being looked into by the University.

आसाम में पेयजल योजनायें

6191. **श्री अहमद हुसैन :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि आसाम में पेय जल की सप्लाई के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना में शामिल किए गए गांवों की जिलावार संख्या कितनी है और उनके नाम क्या हैं ?

अब तक 150.00 लाख रुपये की राशि इस समूह के निर्माण पर खर्च हो चुकी है।

REQUEST FROM ROLLER MILLS FOR EXPANSION OF CAPACITY

6223. SHRI RAM LAL RAHI : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether various roller mills (flour mills) in the country have made applications for permission for expansion of their capacity but no action has been taken thereon by Government; and

(b) if so, the legal and practical difficulties in accepting their request and whether permission will be given to them after removing those difficulties soon ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) A ban was imposed in February, 1973 on establishment of new units or expansion of existing units in the Roller Flour Milling Industry in the light of then difficult wheat supply position and the gross under utilisation of overall licenced capacity. A number of applications have been received for substantial expansion of licenced capacities from various roller flour mills and these will be considered after a decision is taken about the removal/ relaxation of ban.

NEW OKHLA INDUSTRIAL DEVELOPMENT ADMINISTRATION

6224. SHRI MAHI LAL : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item published in Hindi daily 'Birdrohi' dated the 26th February, 1978 under the caption "NOIDA ke Mukhya Prashasak dwara Karfue Laga facory girwa Turkman Gate ki Yad Taza"; and

(b) if so, Government's reaction thereto and the action taken or being taken against the officer responsible for this incident ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHT) : (a) and (b) The matter concerns the State Government of Uttar Pradesh.

पंजाब में गन्ने का उत्पादन और उसकी मिलों द्वारा खपत

6225. **श्री भगत राय** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में उत्पादित गन्ने का कितना प्रतिशत राज्य के वर्तमान चीनी मिलों द्वारा उपभोग में लाया जा रहा है;

(ख) चीनी मिलों की वर्तमान क्षमता को बढ़ाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है; और

(ग) पंजाब में गन्ना उत्पादकों को क्या प्रोन्साहन दिये जा रहे हैं ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) गन्ना मौसम 1976-77 के दौरान 15·91 प्रतिशत । यह आँकड़ा अस्थायी है ।

(ख) सरकार ने पंजाब में स्थित चीनी फैक्ट्रियों सहित देश के सभी चीनी फैक्ट्रियों को 1975 में अनुदेश जारी किए थे, जिनमें उदार लाइसेंसिंग नीति के अधीन उनकी वर्तमान क्षमता में पर्याप्त विस्तार करने

की सम्भावना के बारे में बताया गया था ताकि प्लांट और मशीनरी आदि की अधिक स्थापित क्षमता प्राप्त की जा सके और गन्ने की सम्भावित अतिरिक्त उपलब्ध मात्रा को पेरा जा सके। इसके अलावा, पर्याप्त विस्तार करने और नयी फैक्ट्रियां लगाने के लिए नियमित और औद्योगिक लाइसेंस दिए गए थे।

(ग) केन्द्रीय सरकार पंजाब के गन्ना उत्पादकों को कोई प्रोत्साहन नहीं देती है। तथापि, राज्य सरकार के प्रयासों को बल देने के लिए केन्द्रीय सरकार ने पांचवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान पंजाब के प्रत्येक फैक्ट्री क्षेत्र के इर्द-गिद 2,000 हैक्टर में गन्ने का सघन विकास करने के लिए एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना मंजूर की है। इस कार्यक्रम में इन बातों की परिकल्पना की गई है :—(i) वाणिज्यिक खेती हेतु रोग-मुक्त, पौष्टिक गन्ने के बीज का उत्पादन और वितरण करना; (ii) गन्ने के पौधे और पेड़ी की उन्नत विधियों का प्रदर्शन करना; (iii) पौध संरक्षण उपाय समय पर करना; (iv) राज्य स्तर पर गन्ना विकास कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना; (v) चीनी फैक्ट्री क्षेत्रों के इर्द-गिर्द लिक-सड़कों का निर्माण करना। योजना में पूरे तकनीकी स्टाफ की भी व्यवस्था की गई है।

2. विभिन्न गतिविधियों के लिए योजना में व्यवस्थित वित्तीय सहायता का स्वरूप नीचे दिया जाता है :—

(i) मूल बीज के उत्पादन, तकनीकी स्टाफ और खंड स्तर का स्टाफ	100 प्रतिशत
(ii) प्रदर्शन	1000/- रुपय प्रति हैक्टर
(iii) गन्ना विकास कर्मचारियों का प्रशिक्षण	प्रशिक्षणार्थियों को 200/- रु० प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रति मास के हिसाब से वृत्तिका और वैज्ञानिकों/अधिकारियों को प्रत्येक लैक्चर के लिए 15/- रुपये के हिसाब से मानदेय।
(iv) पौध संरक्षण उपकरण	उपकरणों की 75 प्रतिशत लागत को केन्द्रीय सरकार और 25 प्रतिशत को राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
(v) लिक-सड़कों का निर्माण	राज्य सरकार, लाभ उठाने वालों और केन्द्रीय सरकार द्वारा 1/3 : 1/3 : 1/3 के अनुपात में।

3. पंजाब सरकार को इस योजना के अन्तर्गत जो वित्तीय सहायता सुलभ की गई थी, वह निम्नलिखित है :—

वर्ष	निर्मुक्त की गई निधि (लाख रु० में)
1975—76	1.50
1976—77	3.58
1977—78	6.89
1978—79 (प्रस्तावित)	7.66

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा महानगरों में निर्माण कार्य

6226. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने दिल्ली (पुरानी और नई) वृहत कलकत्ता, वृहत बम्बई और मद्रास में वर्ष 1974–75 से 1976–77 तक वर्षवार कुल कितनी लागत का निर्माण कार्य किया है;

(ख) क्या निर्माण कार्यों के मामले में कुछ नगर अन्य नगरों की तुलना में पीछे हैं; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) से (ग) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

काज फल (कैश्यू ऐप्पल) का उपयोग

6227. **श्री भुवारहन** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का काज फल का उपयोग करने का कोई प्रस्ताव है और अब व्यर्थ जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इसका उपयोग किस तरीके से किया जायेगा और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) जी हां ।

(ख) विश्व बैंक से सहायता प्राप्त केरल कृषि विकास परियोजना में काजू विकास से सम्बधित उप-परियोजना के अन्तर्गत काजूफल (केश्यू ऐप्पल) परिसंस्करण के लिए एक मार्गदर्शी संयन्त्र की स्थापना का प्रावधान है। प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर से अनुरोध किया गया है कि वे सामान्य पेयों (साफ्ट ड्रिंक्स), अर्ध परिष्कृत तथा परिष्कृत आसवनों के उत्पादन के लिए काजूफल का उपयोग में लाने की सम्भाव्यताओं पर एक रिपोर्ट तैयार करें।

गोवा में यूराक तथा फेनी जैसे एल्कोहलिक पेय तैयार करने के लिए काजूफल का पहले से ही उपयोग किया जा रहा है ।

साल में केवल 90 दिन की अल्पावधि तक काजूफल की सीमित उपलब्धता तथा इसका बहुत जल्दी ही खराब हो जाना (जिसमें काजूफल को खेत से फैक्टरियों तक शीघ्र पहुंचाने की समस्याएं शामिल हैं) इसके उपयोग में बड़ी बाधाएं हैं ।

CONSTRUCTION ON UNACQUIRED LAND

6228. SHRI NATHU SINGH : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the number of houses constructed on the unacquired land along the road between Shyamlal College, Shahdara and the Bus Stand;

(b) whether a survey has been conducted with a view to assessing the loss of personal property of the people, caused as a result of demolition of those houses; and

(c) whether there is any scheme to pay any compensation to the landlords concerned before demolishing those houses ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHT) : (a) No such statistics are being maintained.

(b) No, Sir. However, no property has been demolished by the Municipal Corporation of Delhi on this portion of the road during the emergency period and the post emergency period.

(c) Does not arise.

मायापुरी, नई दिल्ली में पानी का जमा होना

6229. **श्री एस० बी० पाटिल** : क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मायापुरी स्थित डी० डी० ए० कालौनी में मध्यम आय वर्ग के फ्लेटों की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर गन्दा पानी तथा सीवर का पानी जमा हो जाता है ;

(ख) क्या ए और ई सड़कों के निकट सीवर का पानी बरसाती नालों में बहता है जिससे वहाँ गन्दगी फैलती है और वह रहने वाले निवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो जाता है ;

(ग) उपरोक्त अस्वास्थ्यकर स्थिति को सुधारने के लिए क्या प्रस्ताव है; और

(घ) बरसात के दिनों में सड़क पर तथा उसके किनारे नालों में पानी के जमा हो जाने कोवे रोकने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण का कालोनी के लिए क्या स्थायी व्यवस्था करने का विचार है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा मास्टर प्लान रोड संख्या 33 का विकास

6230. **श्री नटवर लाल बी० परमार** : क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनकपुरी, नई दिल्ली के ए2 डी ब्लाक का जिसके एक ओर पंखा रोड है और दूसरी ओर मास्टर प्लान रोड नम्बर 33 है तथा जिसे सामूहिक गृह निर्माण के लिए निर्धारित किया गया था, दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा अभी तक विकसित नहीं किया गया है जबकि यह कालोनी पिछले दस वर्षों या इससे अधिक समय से अस्तित्व में है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त स्थान की स्थिति उपयुक्त है और इसका उपयोग सरकारी संस्थानों, वाणिज्यिक तथा कार्यालय काम्पलैक्स अथवा सामूहिक गृह निर्माण परियोजनाओं के लिए किया जा सकता है :

(ग) इस स्थल का विकास आरम्भ नहीं करने के क्या कारण हैं ; और

(घ) इस क्षेत्र का पूर्ण रूप से विकास तथा उपयोग करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) से (घ) ए-2 डी ब्लाक नहीं है लेकिन एक ग्रुप आवास पाकेट है जो डाक व तार विभाग को उनके स्टाफ को देने के लिए आवंटित किया गया है । बाह्य सेवायें पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी हैं । आन्तरिक सेवाएं डाक व तार विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जानी हैं। ब्लाक ए-2 में शेष क्षेत्र विकसित प्लाटों से युक्त है जो काफी संख्या में बेचे जा चुके ह और व्यक्तियों द्वारा कई मकानों का निर्माण किया जा चुका है।

यद्यपि स्थल बहुत ही अच्छे स्थान पर स्थित है । इसका प्रयोग केवल ग्रुप आवास के निर्माण के लिए किया जा सकता है और उसके साथ सुविधा बाजार और नर्सरी स्कूल की व्यवस्था की जा सकती है । पाकेट को कार्यालय समूह या वाणिज्यिक उपयोग के लिए प्रयोग में नहीं लाया जा सकता ।

EROSION OF CHAMBAL RAVINES

6231. SHRI CHHABIRAM ARGAL : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) whether cultivable land is being eroded due to erosion of ravines in Chambal Valley in Morena Division;

(b) the area of cultivated land in Chambal ravines in Morena Division turned into ravines during the last three years upto December, 1977;

(c) whether it is a fact that Government of Madhya Pradesh are unable to check the erosion of Chambal ravines due to paucity of funds; and

(d) if so, whether the Central Government have any Scheme under the flood control scheme to check erosion of land or the reaction of the Central Government towards checking erosion of this land ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA) : (a) Yes, Sir.

(b) No field survey has been carried to assess the area converted into ravines during last three years upto December, 1977.

(c) and (d) Control of erosion by ravines is a complex, technical and economic problem. It requires proper surveys, investigations, planning and implementation by trained technical staff. In addition, existing tenurial system, ownership pattern, uncontrolled grazing and exploitation of vegetation, pose difficulties.

A Central Sector Scheme of "Pilot Project for protection of table lands and stabilisation of ravinous areas" is in operation in Madhya Pradesh. The Central Government is keen to check erosion of these lands.

FOREIGN COLLABORATION IN AGRICULTURE AND LIVESTOCK

6232. SHRI BHARAT BHUSHAN : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state :

(a) the names of projects being carried out with foreign collaboration in the fields of development and research on agriculture and livestock in the country at present and since when;

(b) the annual expenditure being incurred thereon and who bears it; and

(c) the details of progress made in respect of these projects ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA) : (a) to (c) The information is being collected and will be placed on the table of the Sabha as soon as it becomes available.

संयुक्त राज्य अमेरिका से कम मात्रा में सप्लाई किए गए गेंहू के मामलों में खर्च की गई विदेशी मुद्रा की राशि

6233. **श्री के० राममूर्ति** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अमरीकी फर्मों द्वारा घटिया किस्म के और कम मात्रा में गेहूं सप्लाई करने के सिविल मामलों में अब तक कुल कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गई है ;

(ख) संयुक्त राज्य अमेरिका में ऐसे मामले दायर करने की तारीख से सरकार के अधिकारी कितनी बार संयुक्त राज्य अमेरिका गये हैं ; और

(ग) सरकार ने कितनी राशि मुहाविजे के रूप में मांगी है ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) अमरीकी अनाज सम्भरकों के विरुद्ध दायर किए गये मामलों में अब तक लगभग 80,000 अमरीकी डालर खर्च किए गये हैं।

(ख) अमरीकी न्यायालयों में दायर किए गये अनाज के क्लेम संबंधी मामलों में जब कभी आवश्यक समझा गया तभी संयुक्त राज्य अमेरिका को यहां से अधिकारी भेजे गए हैं । प्रारम्भ में, एक उच्च स्तरीय दल, जिसमें खाद्य विभाग, विधि मंत्रालय और भारतीय खाद्य निगम के चार अधिकारी थे, ने जून, 1976 में संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा किया था । उसके बाद साक्ष्य विवर्तन और दस्तावेज (शिफ्टिंग आफ एवीडैंस) आदि तैयार करने में अटार्नियों की सहायता करने के लिए विधि मंत्रालय और भारतीय खाद्य निगम के एक एक अधिकारी संयुक्त राज्य अमेरिका भेजे गये थे । नौवहन तथा पत्तन संबंधी कार्यों के अभिसाक्ष्य संबंधी कार्यवाही में मुख्य गवाह के रूप में भी भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी उपस्थित हुए थे। ये दो अधिकारी अभी भी प्रतिनियुक्ति पर हैं क्योंकि इन मामलों में उनकी वहां लगातार उपस्थिति आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम के तकनीकी सलाहकार को भी एक बार एक मामले की अभिसाक्ष्य संबंधी कार्यवाही म मुख्य गवाह के रूप में उपस्थित होने के लिए भेजा गया था ।

(ग) भारत सरकार ने 2150 लाख डालर जोकि 1961–75 की अवधि के दौरान इन फर्मों द्वारा भारत को सप्लाई किए गये अनाज की कुल कीमत का दो प्रतिशत था, की अनुमानित राशि के दिए संयुक्त राज्य की पांच प्रमुख अनाज निर्यातक फर्मों के विरुद्ध दावे दायर किए थे, ताकि वह अमरीकी नियमों तथा कार्यविधि के अनुरूप हो जिसमें यह शर्त थी कि एक फर्म के विरुद्ध केवल उस हालत में दावा दायर किया जा सकता है यदि इसके द्वारा सप्लाई किए गये अनाज में तौल में 1 1/2 की कमी हो अथवा जिस क्वालिटी के अनाज के लिए ठेका किया गया वह उसके अनुरूप न हो और इसका वास्तविक दावों से कोई सम्बन्ध नहीं है। तथापि, जिन पांच फर्मों के विरूद्ध दावे दायर किए गये थे और उन दो अनाज सप्लाई करने वाली फर्मों जिन्होंने न्यायालय के बाहर समझौता करने की इच्छा व्यक्त की थी, को गैर अनुरूपी लदान की सूची भेजी गई थी जिसमें तौल और किस्म संबंधी कमियां बताई गई थीं।

काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं के लिए होस्टल

6234. **श्री बलदेव सिंह जसरोतिया :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं के लिए रिहायशी आवास की व्यवस्था करने के लिए देश में राज्य वार कितने होस्टल हैं तथा वे कहां कहां स्थित हैं; और

(ख) क्या उन राज्यों में जहां ऐसे होस्टल नहीं हैं इस वर्ष के अंत तक होस्टल बनाने की कोई संभावना है तथा उससे सम्बधित बजट प्रस्ताव क्या है।

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : (क) देश में श्रम जीवी पुरुषों और स्त्रियों के लिए होस्टलों की संख्या के बारे में सूचना उपलब्ध नहीं है। फिर भी केन्द्रीय योजना के अंतर्गत भारत सरकार ने देश में श्रमजीवी स्त्रियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए 129 होस्टलों के निर्माण/विस्तार के लिए सहायता दी है। जिन स्थानों के लिए होस्टलों की स्वीकृति दी गई है उनके नामों का विवरण संलग्न है। श्रमजीवी पुरुषों के लिए होस्टलों की व्यवस्था के लिए समाज कल्याण विभाग के पास कोई योजना नहीं है।

(ख) इस योजना के लिए 1978-79 में 200.00 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है। ऐसे शहरों में जहां कम से कम 25 स्त्रियों को आवास की आवश्यकता है, स्वयं सेवी संगठनों (जो योजना के अंतर्गत शर्तें पूरी करते हों प्रार्थना पर विचार किया जाएगा।

विवरण

उन शहरों की सूची जहां पर श्रमजीवी महिलाओं के होस्टलों के लिए स्वीकृति दी गई है

शहर का नाम	स्वीकृत होस्टलों की संख्या
आन्ध्र प्रदेश	
1. गुंटुर	1
2. हनमकोंडा (वरांगल)	1
3. हैदराबाद	4
4. विजयवाड़ा	1
असम	
1. गौहाटी	2
बिहार	
1. पटना	1
2. जमशेदपुर	1

1	2
हरियाणा	
1. अम्बाला	1
गुजरात	
1. भावनगर	1
2. जामनगर	1
3. राजकोट	2
4. सूरत	1
5. बदोदरा	1
जम्मू और कश्मीर	
1. श्रीनगर	1
कर्नाटक	1
1. बेलगांव	
2. बंगलौर	7
3. हुबली-धारवाड	1
4. मंगलौर	3
5. मैसूर सिटी	1
केरल	
1. कोचीन (अरनाकुलम)	1
2. कोजीकोडे (कालीकट)	5
3. पैरम्बावूर	2
4. त्रिवेन्द्रम	4
5. कोटायम	1
मध्य प्रदेश	
1. भोपाल	2
2. दुर्ग भिलाईनगर	1
3. ग्वालियर	2
4. इन्दौर	1
5. जबलपुर	2
6. रायपुर	1
7. उज्जैन	2
महाराष्ट्र	
1. अमरावती	2
2. बम्बई	6
3. कोल्हापुर	1
4. नागपुर	3
5. नासिक	1
6. पुना	3
7. शोलापुर	1
मेघालय	
1. शिलांग	1

1	2
मणिपुर	
1. इम्फाल	2
उड़ीसा	
1. भुवनेश्वर	1
2. कटक	1
पंजाब	
1. अबोहर	1
2. अमृतसर	1
3. भटिन्डा	1
4. जालंधर	2
5. लुधियाना	1
6. पटियाला	1
राजस्थान	
1. अजमेर	1
2. जयपुर	1
सिक्किम	
1. गंगतोक	1
तमिलनाडु	
1. कोइम्बटूर	2
2. कांचीपुरम	1
3. मद्रास	7
4. मदुरै	3
5. पलायमकोटाई (त्रिनलवेली)	1
6. सलेम	4
त्रिपुरा	
1. अगरतला	1
उत्तर प्रदेश	
1. इलाहाबाद	1
2. देहरादून	1
3. गोरखपुर	1
4. कानपुर	2
5. लखनऊ	2
6. मेरठ	1
पश्चिम बंगाल	
1. कलकत्ता	2
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	
1. पोर्ट ब्लेयर	1

1	2
चंडीगढ़	
1. चंडीगढ़	3
दिल्ली	
1. नई दिल्ली	5
गोवा, दमन और दिव	
1. पणजी	2
मिजोरम	
1. पणजी	2
मिजोरम	
1. एजवल	1

दिल्ली में माध्यमिक स्कूलों को 10+2+3 शिक्षा प्रणाली में बदलना

6235. **श्री जनार्दन पुजारी :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के सभी माध्यमिक स्कूलों को 10+2+3 शिक्षा प्रणाली के अनुसार परिवर्तित नहीं किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : (क) जी, नहीं । शिक्षा की गई पद्धति, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध दिल्ली संघ शासित क्षेत्र के सभी माध्यमिक स्कूलों पर लागू है । तथापि, भूतपूर्व माध्यमिक स्कूलों में से लगभग दो तिहाई स्कूलों में +2 स्तर की व्यवस्था की गई है । चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार 1979 के शैक्षिक सत्र से दिल्ली के कालेजों में शिक्षा की +3 स्तर लागू किया जाएगा ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

वन्य जीवों का संरक्षण

6236. **श्री सुरेन्द्र विक्रम :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वन्य जीवों जैसे बाघ, जंगली बिल्ली, सिंह, हाथी आदि के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि होने के कारण चिड़ियाघरों, वन्य जीव शरणस्थलों, सर्कस कम्पनियों के विस्तार-कार्य को धक्का लगा है ;

(ख) यदि हां, तो वन्य जीवों के संरक्षण के लिये, जो वाणिज्यिक दृष्टिकोण के अतिरिक्त प्रकृति में संतुलन बनाये रखने के लिये आवश्यक है, सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

मोडर्न बेकरीज द्वारा '77' चिन्ह का चयन

6237. **श्री पी० कानन :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मोडर्न बेकरीज द्वारा नये पेय के लिये '77' चिन्ह किन परिस्थितियों में चुना गया ;

(ख) क्या चिन्ह '77' के उपयोग के विरुद्ध सेलम, तमिलनाडु के एस० मुत्युकरूप्पा पिल्लई एण्ड सन्स की ओर से, जिनके बारे में बताया जाता है कि वे '77' चिह्न के अन्तर्गत 9 वर्षों से एक पेय का उत्पादन और बिक्री कर रहे हैं, कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो विशेष कर व्यापार चिह्न अधिकारों के उल्लघंन के सन्दर्भ में सरकार ने इस बारे में क्या कार्यवाही की है; और

(घ) क्या सरकार का विचार उस फर्म को नये पेय के वितरण अधिकार देने का है जिससे उसके व्यापार का घाटा पूरा हो सके?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानुप्रताप सिंह) : (क) माडर्न बेकरीज द्वारा बेचे जाने वाले नये पेय के लिए प्रस्तावित विभिन्न नामों में विज्ञापनदाता ऐजेन्टों के परामर्श से अत्यधिक लोकप्रिय और आकर्षक नाम '77' चुना गया था।

(ख) जी हां।

(ग) मैं० ओजोलो कैमिकल वर्क्स, पूना द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे चिन्हों में से '77' भी एक चिह्न था, और उन्होंने अन्य पार्टियों के अलावा मैं० एस० मुथुकारुप्पा पिलै एण्ड सन्स, सलेम को इसका विशेषाधिकार दे रखा था। यह चिह्न तो ट्रेड चिह्न अधिनियम के अधीन पंजीकृत था और न ही इसका पंजीकरण करने के लिए आवेदन-पत्र दिया गया था।

माडर्न बेकरीज (इं०) लि० ने मैं० ओजोलो कैमिकल वर्क्स, पूना से ट्रेड मार्क '77' को इस्तेमाल करने के अधिकार प्राप्त कर लिए हैं। अतः इस मामले में ट्रेड मार्क के अधिकारों का कोई उल्लघंन नहीं किया गया है।

(घ) क्योंकि मैं० ओजोलो कैमिकल वर्क्स, पूना से इस ट्रेड मार्क को इस्तेमाल करने से संबंधित अधिकार प्राप्त कर लिए गए हैं, इस फर्म को वितरण संबंधी अधिकार देने का प्रश्न ही नहीं उठता।

पुस्तकों का कापीराइट

6238. **डा० मुरली मनोहर जोशी :** क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि भारत में और विदेशों में यह धारणा बन गई है कि विदेशी लेखकों और प्रकाशकों से प्राप्त प्रतिलिप्याधिकारों का उचित उपयोग नहीं किया जाता है और लेखकों एवं प्रकाशकों को हानि पहुंचा कर रायल्टी के भुगतान में हेरा-फेरी की जाती है; और

(ख) क्या सरकार का भारतीय एवं विदेशी लेखकों और प्रकाशकों के प्रति उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए पुस्तकों के कापी राइट के बारे में सरकारी एजेंसियों के माध्यम से कार्यवाही करने का विचार है?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) और (ख) जी, नहीं।

इतिहास की पाठ्य पुस्तकों के बारे में विवाद

6239. **श्री जी० एम० बनतवाला**
श्री मुख्तियार सिंह मलिक } : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि देश के कुछ निहित स्वार्थ वाले तत्वों ने देश में इतिहास की कुछ पाठ्य पुस्तकों के बारे में विवाद खड़ा कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस बारे में राष्ट्रीय इतिहास कांग्रेस के विचारों का पता लगाया है; और

(ग) सरकार ने इस बारे में क्या कार्यवाही की है?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) कुछ पाठ्यपुस्तकों के विषय में विवाद से सरकार अवगत है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) सरकार ने इतिहास की इन पाठ्य पुस्तकों पर विशेषज्ञों की राय आमंत्रित की है।

उड़ीसा में केन्द्रीय विद्यालय

6240. **श्री के० प्रधानी :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़ीसा राज्य में कितने केन्द्रीय विद्यालय हैं ;

(ख) क्या इन केन्द्रीय विद्यालयों में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों को सरकार ने कोई रियायत दी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : (क) आठ।

(ख) और (ग) प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय में नये दाखिलों का 15 प्रतिशत और 7 1/2 प्रतिशत क्रमश: अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित स्थानान्तरणीय केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के बच्चों के लिए आरक्षित होता है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित छात्रों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता।

ECONOMIC ASSISTANCE TO ANDH MAHAVIDYALAYAS

6241. **SHRI RAJENDRA KUMAR SHARMA :** Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state :

(a) whether Government have under consideration any scheme for special type of economic assistance to Andh Mahavidalayas (Colleges for the Blind); and

(b) if so, how the same will be utilised ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (SHRI DHANNA SINGH GULSHAN) : (a) and (b) While there is no scheme under consideration exclusively for colleges for the Blind, financial assistance is given to voluntary organisations for training and teaching projects/programmes for the blind, including establishment and expansion of colleges for the Blind. Moreover, State Governments have also schemes under which schools/colleges for the blind are assisted.

बस्तर जिले में शैक्षणिक प्रशिक्षण संस्थान

6240. **श्री अधन सिंह ठाकुर :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में कोई शैक्षणिक प्रशिक्षण संस्थान है ;

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार जिले के पिछड़ेपन को दूर करने के उद्देश्य से वहां प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और इस संस्थान की स्थापना कहां करने का विचार है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : (क) भारत सरकार द्वारा स्थापित कोई नहीं।

(ख) जी, नहीं। यह मुख्यतया राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

राज्यों में पीने का पानी

6243. **श्री फकीर अली अंसारी :** क्या **निर्माण और आवास तथा-पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राज्य सरकारों से पीने के पानी की समस्या हल करने और इस प्रयोजन के लिए वित्तीय सहायता के सब संभावित स्त्रोतों का पता लगाने का अनुरोध किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में केन्द्र द्वारा राज्यों को दिए गए निदेश का ब्यौरा क्या है ;

(ग) राज्य सरकारों ने लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने हेतु कहां तक कार्य आरम्भ किया है ;

(घ) देश में इस समय ऐसे व्यक्तियों की प्रतिशतता कितनी है जिन्हें पीने का शुद्ध पानी प्राप्त हो रहा है; और

(ङ) उक्त प्रयोजन के लिए प्रत्येक राज्य को केन्द्र द्वारा कितनी सहायता दी जा रही है और उसके उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) तथा (ख) राज्य सरकारों से 30 मई, 1977 को कहा गया था कि वे समस्याग्रस्त गाँवों के लिए जलपूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन की अवस्था बतलायें ताकि केन्द्रीय प्रवर्तित त्वरित ग्रामीण जलपूर्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत 1977-78 के दौरान भारत सरकार उन योजनाओं के लिए अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता का मूल्यांकन कर सके।

(ग) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा 1977-78 के दौरान 13048 समस्याग्रस्त गांवों की जलपूर्ति योजनायें निष्पादित की गई थी।

(घ) उपलब्ध सूचना के अनुसार, नगर की 80 प्रतिशत (लगभग) और गांवों की 10 प्रतिशत (लगभग) आबादी को शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की गई है।

(ङ) इस योजना के अन्तर्गत, 1977-78 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निम्नलिखित केन्द्रीय सहायता अनुदान दिया गया था :—

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	1977-78 के दौरान दी गई सहायता की राशि
1	2
राज्य	(लाख रुपयों में)
1. आंध्र प्रदेश	152.30
2. असम	57.60
3. बिहार	242.80
4. गुजरात	332.80
5. हरियाणा	142.10
6. हिमाचल प्रदेश	222.60
7. जम्मू तथा कश्मीर	152.80
8. कर्नाटक	142.30
9. केरल	102.00
10. महाराष्ट्र	312.80
11. मध्य प्रदेश	252.80
12. मणिपुर	52.50
13. मेघालय	25.80

1	2
14. नागालैण्ड	77.50
15. उड़ीसा	182.80
16. पंजाब	102.10
17. राजस्थान	252.30
18. सिक्किम	36.50
19. तमिलनाडु	217.30
20. त्रिपुरा	80.50
21. उत्तर प्रदेश	352.80
22. पश्चिम बंगाल	242.80
संघ राज्य क्षेत्र	
1. अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह	20.00
2. अरुणाचल प्रदेश	20.00
3. गोआ, दमण व दीव	10.00
4. दिल्ली	10.00
5. मिजोरम	15.00
6. पाण्डिचेरी	10.00
	3820.00

उपर्युक्त सहायता राज्य क्षेत्र में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत दी गई निधियों की व्यवस्था के अलावा थी।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुमोदित इन योजनाओं पर कार्यान्वयन शीघ्रातिशीघ्र हो, को सुनिश्चित करने के लिए राज्य मुख्य लोक स्वास्थ्य इंजीनियर के अधीन योजनाओं की प्रगति का अन्वेषण करने और मानीटर करने के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता (जो उपयुक्त ब्यौरे में सम्मिलित है) राज्यों को मानीटरिंग सैलों और अन्वेषण एककों के गठन के लिए दी गई थी। इसके अलावा, निर्माण और आवास मंत्रालय के अधिकारियों ने कार्यान्वयन की प्रगति पर निगरानी रखने के लिए राज्य सरकार के प्राधिकारियों के साथ घनिष्ठ सम्पर्क बनाये रखा। इस आधार पर प्राप्त प्रगति के अनुसार वित्तीय सहायता भी दी गई थी।

पीतमपुरा, दिल्ली में प्लाटों का आंबटन

6244. **श्री कचरुलाल हेमराज जैन:** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री पीतमपुर, दिल्ली में प्लाटों के आवंटन के बारे में 25 जुलाई, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4690 और 12 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3501 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीतमपुरा में प्लाटों के विकास की दिशा में अब तक कितनी प्रगति हुई है;

(ख) इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है तथा इस संबंध में जिन्होंने विकल्प दिया हुआ है उन्हें वास्तव में प्लाटों का आवंटन कब तक हो जाएगा;

(ग) उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्होंने पीतमपुरा रिहायशी योजना में वैकल्पिक प्लाटों के लिए स्वीकृति दे दी है तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास एक हजार रुपये जमा करा दिए हैं; और

(घ) इन आवेदकों को आबंटित करने के लिए कितने प्लाटों का विकास किया गया है किया जाना है।

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त)। (क) तथा (ख) एक विवरण संलग्न है।

(ग) तथा (घ) 1350

पीतमपुरा रिहायशी योजना के विकास कार्य की प्रगति की स्थिति

1. **पार्क** :— इनका सीमांकन कर दिया गया है और पाकेट बी दक्षिणी तथा 'ई' उत्तरी को छोड़कर सभी में लोहे के जंगले लगा दिए गए हैं। पाकेट 'बी' (दक्षिणी) के लिए निविदायें प्राप्त हो गई हैं और उनकी जांच हो रही है । 'एस' उत्तरी के लिए निविदायें आमन्त्रित की जा रही हैं। इनके पूर्ण होने की संभवत: तारीख जून, 1978 है।

2. **सड़कें** :—फेज 1 तक सिवाय पाकेट 'के' और 'टी' के सड़क का कार्य पूरा हो गया है और पाकेट 'के' और 'टी' में सड़क को केवल पक्का करने का ही कार्य हुआ है । फेज-II का कार्य तभी आरम्भ किया जाएगा जब 50 प्रतिशत प्लाटों में निर्माण कार्य हो जाएगा।

3. **जलपूर्ति**:—पानी के पाइप लाइन्नों को डालने का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है । पाकेट डी० एच० के० (पूर्वी) यू० टी० (उत्तरी) तथा सी० एण्ड डी० (दक्षिणी) जो सर्वप्रथम ग्रुप आवास के लिए उदिद्ष्ट थे और बाद में उन्हें प्लाट वाले क्षेत्र में बदल दिया गया है, उसका कार्य डिजाइन, आकलन बनाने, निविदा आमन्त्रित करने तथा आवंटन के विभिन्न चरणों में है और इस कार्य के सितम्बर, 1978 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है । इस क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम की सप्लाई लाइन नहीं है । नलकूपों द्वारा इसकी अन्तरिम व्यवस्था की जाएगी और कुछ में यह व्यवस्था हो गई है । एक उपरि टंकी का निर्माण किया जाना है।।

4. **मल नालियां**:—मुख्य योजना का 70 प्रतिशत काम समाप्त हो गया है सिवाय ऐसे पाकेटों के काम को छोड़कर जो सर्वप्रथम ग्रुप हाउसिंग के लिए उद्दिष्ट थे और बाद में उन्हें प्लाट के क्षेत्र में बदल दिया गया है। यह कार्य डिजाइन बनाने, प्राक्कलन तैयार करने, निविदा आमन्त्रित करने तथा आवंटन के अलग अलग चरणों में है । मल नालियों की व्यवस्था के कार्य की जून, 1979 तक पूर्ण हो जाने की आशा है।

यह क्षेत्र के मल-जल का अन्तिम निपटान रिठाला मल शोधन संयंत्र के माध्यम से होगा जिस कार्य को दिल्ली नगर निगम ने अभी आरम्भ करना है । तब तक मल-जल के निपटान के लिए नलकूप और आक्सीकरण तालाब आदि बनाने का प्रस्ताव है जिसके डिजाइन को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

5. **सड़क बत्ती** :—इस कार्य को दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान द्वारा किया जाना है । आवश्यक निधियां उसके पास जमा कर दी गई हैं। दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान ने आश्वासन दिया है कि वह इस कार्य को एक वर्ष के अन्दर पूर्ण कर देगें।

निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण सहायता द्वारा प्राप्त घर

6245. **श्री शिव सम्पत्ति राय**: क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न आय वर्ग के लोगों को सहायता प्राप्त दरों पर तथा मध्यम आय वर्ग के लोगों को लागत मूल्य पर आवास दिए जाने थे ;

(ख) लोगों को इस योजना का कहां तक लाभ पहुंचा है ;

(ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा वाणिज्यिक प्रयोग के लिए भूमि और धनी वर्ग के लिए घरों की नीलामी तथा बिक्री पर बहुत बड़ी मात्रा में लाभ कमाना किन विशेष कारणों से आरम्भ किया गया, और

(घ) क्या आम जनता की दृष्टि में दिल्ली विकास प्राधिकरण का प्रतिष्ठा में सुधार करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो क्या ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) और (ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि निम्न आय वर्ग तथा मध्यम आय वर्ग के फ्लैट कुल मिलाकर "बिना लाभ" "बिना हानि" के आधार पर दिए गए हैं तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों को रियायती दरों पर दिए गए हैं।

(ग) निम्न आय तथा मध्यम आय वर्गों को भूमि पूर्व निर्धारित दरों पर आवंटित की जाती है जिसमें कोई लाभांश शामिल नहीं होता है । वाणिज्यिक प्लाटों तथा उच्च आय वर्गों के प्लाटों के लिए नीलामी की जाती है क्योंकि उनकी भुगतान करने की क्षमता है।

(घ) निम्नलिखित उपाय किए गए हैं :—

(i) जनता अपनी शिकायतों को दूर करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा और अन्य अधिकारियों से किसी भी समय बिना किसी रोकटोक के मिल सकती है।

(ii) बकाया मामलों के निपटान के लिए विलम्ब खत्म किया जा रहा है।

(iii) सरकार ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के कार्यक्लापों में सुधार करने के लिए उनका गहराई से अध्ययन करने हेतु एक समिति बनाई है।

ग्यारहवीं कक्षा के लिए पाठ्य पुस्तकों का उपलब्ध न होना

6246. **श्री शंकर सिंह जी बाघेला :** क्पा **शिक्षा समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अगले महीने ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षा देने वाले छात्रों को इस महीने केवल दो पाठ्य पुस्तकें ही प्राप्त हो सकी हैं और अन्य दो पाठ्य पुस्तकें अभी तक उपलब्ध नहीं की गई हैं ;

(ख) क्या उनका ध्यान उस पुस्तक की ओर भी गया है जिसमें अध्यायों के अन्त में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा प्रश्न नहीं छापे गये हैं ;

(ग) क्या 11 मई, 1978 के नवभारत टाइम्स में "ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों की स्थिति बड़ी दयनीय" शीर्षक समाचार की ओर उनका ध्यान गया है ; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का प्रस्ताव है ?

शिक्षा समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अथवा इसकी ओर से प्राइवेट प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित चालीस पाठ्य पुस्तकें (इन पुस्तकों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रुपान्तरों को दो पाठ्य-पुस्तकों के रूप में गिनते हुए) सत्र 1977-1978 के लिए कक्षा XI हेतु अपेक्षित थी। सभी 40 पुस्तकें मार्च, 1978 में उपलब्ध थीं।

(ख) भारत के सामान्य भूगोल से सम्बन्धिद पुस्तक में सम्पादक मण्डल की कमी के कारण प्रश्न तैयार नहीं कर सका था। कक्षा XII के लिए निर्धारित पुस्तक के दूसरे भाग में इन प्रश्नों को शामिल करने का निर्णय किया गया था।

(ग) और (घ) समाचार स्कूलों का दर्जा बढ़ाकर कक्षा XII तक करने के अतिरिक्त उपरोक्त भाग (क) और (ख) से सम्बन्धित है। दिल्ली के 600 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में से 419 का दर्जा बढ़ाकर कक्षा XII तक कर दिया गया है। कक्षा XII खोलने तथा स्टाफ, स्थान और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर दी गई है।

REHABILITATION OF INHABITANTS OF SUBMERGED VILLAGES IN GUJARAT

*6247. SHRI AMARSINH V. RATHAWA : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that many villages have been submerged in water in Gujarat as a result of construction of irrigation projects there;

(b) if so, the names of the projects in which villages have been sub-merged indicating the number of villages submerged under each project;

(c) the measures taken by Central Government for the rehabilitation of the inhabitants of submerged villages and the amount of the financial assistance or other assistance given to the State Government therefor; and

(d) the number of Adivasi villages affected ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA) : (a), and (b) and (d) The Government of Gujarat have furnished information giving number of villages affected either fully or partially along with those of the villages in the Adivasi areas in respect of major and medium irrigation projects which have either

been completed in the recent past or those which are in an advanced stage of construction. The details are as under :—

Name of Project	Number of villages going under submergence (partially or fully)	Number of Adivasi villages going under submergence
MAJOR		
1. Kadana	46	46
2. Panam	42	34
3. Dharoi	44	18
4. Watrak	37	6
5. Ukai	170	170
6. Damanganga	22	22
MEDIUM		
1. Chhaparwadi (II)	1	—
2. Phophal	1	—
3. Wankleshwar Bhey Project	3	3
4. Machhanala Project	10	10
5. Waidy	9	6
6. Nara	2	—
7. Ghodatad	1	—
8. Harnav II	1	1
9. Baldeva	3	3
10. Pigut	1	1
11. Kalindri	1	—

(c) Irrigation is a State subject and irrigation projects are implemented by the State Governments. It is thus for the Government of Gujarat to take necessary measures for the acquisition of lands and rehabilitation of affected persons.

The funds for execution of the irrigation projects are also provided by the State Governments themselves. Central assistance to State Plans is provided in the form of block loans and grants, which is not related to any individual sector of development or project.

दिल्ली में पंजाबी के अध्यापकों की नियुक्ति

6248. **श्री वी० एस० रामूवालिया** : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में 1977 में सरकारी स्कूलों में पंजाबी के कितने प्रशिक्षित स्नातक/स्नातकोत्तर अध्यापकों की नियुक्ति की गई और वर्ष 1978 के लिए क्या योजना है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : दिल्ली प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार, 1977 के दौरान कोई स्नातकोत्तर अध्यापक (पंजाबी भाषा) नियुक्त नहीं किया गया था, क्योंकि कोई भी रिक्त स्थान नहीं था। 17 प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों (पंजाबी भाषा) को अल्पकालिक आधार पर नियुक्त किया गया था। 1977 से चले आ रहे प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों (पंजाबी भाषा) के 5 रिक्त स्थान 1978 के दौरान भरे जाएंगे। 1978 के दौरान स्नातकोत्तर अध्यापकों/प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों (पंजाबी भाषा) के नये रिक्त पद, 1978 के शैक्षिक सत्र के दाखिले पर निर्भर करेंगे।

HOMELESS PERSONS IN DELHI

6249. SHRI HUKMDEO NARAIN YADAV : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state the number of homeless persons in Delhi and whether Government are formulating any scheme to provide residential accommodation to such homeless persons ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHT) : Delhi Development Authority have reported that no statistics regarding number of homeless persons in Delhi are available. They have constructed about 20,000 houses on 25 sq. yd. plots in the Resettlement Colonies which are under

the process of allotment. D.D.A. have also provided 25 sq. yd. plots to about 49,000 families. D.D.A. have undertaken a large scale programme of public housing for the economically weaker sections of the society. So far 9000 houses under CSP/Janta categories in various residential schemes of the D.D.A. have been constructed, additional 7500 flats which are under construction will be completed during 1978-79 and layout plans for additional 5500 houses have been finalised and are under the stage of detailed estimates.

VISHNUPURI LIFT IRRIGATION SCHEME

†6250. SHRI KESHAVRAO DHONDGE : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether the 'bhumi pujan' for Vishnupuri Lift Irrigation scheme near Nanded in the Nanded District of Maharashtra was performed by the former Chief Minister of the State;

(b) the outlines of the scheme at that time;

(c) whether the Central Government approved the proposal of the scheme sent by the State Government;

(d) whether the size of the scheme has been reduced to a great extent; and

(e) whether the Central Government provided assistance for the purpose ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA) : (a) Yes, Sir. The Government of Maharashtra have reported that bhumi pujan for Vishnupuri Lift Irrigation Scheme also known as Lower Godavari (Ishtapuri) Scheme, was performed by the former Chief Minister of the State in November, 1976.

(b) to (d) The project Report submitted by the State Government to the Central Water Commission in September, 1975, envisaged gross utilisation of 25.5 TMC of waters with irrigation benefits of 52648 hectares and estimated to cost Rs. 2515 lakhs. The comments of the Central Water Commission were sent to the Sate Government in July 1976 and November 1976; replies to which are awaited.

The Government of Maharashtra have now intimated that the scope of the Scheme has been reduced to gross utilisation of 11.4 TMC in view of the inter-State agreement of December, 1975, on Godavari waters. Stage I of the Project which has now been administratively approved by the State Government in January, 1978, is estimated to cost Rs. 399.61 lakhs with irrigation benefits of 10,000 hectares. The modified report has, however, not been received in the Central Water Commission from the Government of Maharashtra.

(e) Irrigation is a State subject and funds for execution of projects are provided by the State Governments within the frame work of their overall developmental plans Central assistance to State Plans is given in the form of block loans and grants, which is not related to any individual sector of development or project.

अच्छी सीवर सुविधायें

6251. **श्री पी० के० कोडियन:** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 'इण्डियन एक्सप्रेस' के दिनांक 17 मार्च, 1978 में "ए डिफरेन्ट काइन्ड आफ संयंत्र" शीर्षक के अन्तर्गत छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और अधिक अच्छी सीवर सुविधाएं और अन्य सुविधा देने के लिए क्या कदम उठाये जाते हैं ताकि स्वास्थ्य को हानि न पहुंचे ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) जी, हाँ।

(ख) इस कालोनी की सीवर सुविधाओं का अनुरक्षण कार्य प्रारम्भ में गन्दी बस्ती विभाग करता था। 1 दिसम्बर, 1976 में इस कालोनी की सीवर सुविधाओं की जांच की गई और लगभग 55,000 रुपये की राशि की कमी गन्दी बस्ती विभाग को सूचित कर दिया गया था इस राशि को मार्च, 1978 में दिल्ली जल प्रदाय तथा मल व्ययन संस्थान को भुगतान कर दिया गया है तथा त्रुटियों को दूर करने के लिए कार्यवाही की जा रही है। इन क्वाटरों की आन्तरिक जल सप्लाई तथा सफाई संस्थापना की देखभाल गन्दी बस्ती विभाग द्वारा

की जा रही है । पाइपों के बीच में बन्द हो जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं और इन्हें दूर किया जा रहा है। इस कालोनी का विकास करते समय निधियों की कमी के कारण इस कालोनी में एस० डब्ल्यू० ड्रेन की व्यवस्था नहीं की गई । इस कार्य के लिए निगम ने प्राक्कलन तैयार दिया है।

कम्पार्टमेंट प्राप्त परीक्षार्थियों की परीक्षा

6252. **श्री राजकेशर सिंह :** क्या शिक्षा समाज कल्याण और सस्कृतिक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शैक्षिक वर्ष 1977 के दौरान दिल्ली में 10वीं कक्षा में कम्पार्टमेंट प्राप्त परीक्षार्थियों को 11वीं कक्षा में बैठने तथा 'कम्पार्टमेंट' वाले विषय को 11वीं कक्षा की परीक्षा के साथ पास करने की अनुमति नहीं दी गई थी जिसके कारण एक वर्ष के समय तथा परीक्षार्थियों के अभिभावकों को जो अधिकतर समाज के कमजोर वर्गों के हैं, कठिनाई से कमाये धन की भारी हानि सहन करनी पड़ी ;

(ख) क्या 'कम्पार्टमेंट' वाले विषय को अगली श्रेणी की परीक्षा के साथ पास करने की अनुमति न देने की प्रथा देश के अन्य स्कूलों, बोर्डों तथा विश्वविद्यालयों में प्रवृत नियमों एवं नियमों का उल्लंघन है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार गत वर्ष की प्रथा को, जो समाज के कमजोर वर्गों के हितों के विरुद्ध है, समाप्त कर कम्पार्टमेंट प्राप्त शिक्षार्थियों को अगलीं श्रेणी में बैठने देने एवं कम्पार्टमेंट वाले पेपर को अगली श्रेणी की परीक्षा के साथ पास करने की अनुमति देने का है जिससे परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों पर वित्तीय एवं अन्य प्रकार का असहनीय भार न पड़े ?

शिक्षा समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : (क) कम्पार्टमेंट प्राप्त उम्मीदवारों को अगस्त, 1977 में आयोजित कम्पार्टमेंट परीक्षा पास करने की शर्त पर कक्षा-XI में अस्थाई प्रवेश की अनुमति दी गई थी। उक्त परीक्षा में असफल रहने वाले छात्रों को-XI वीं कक्षा में चलते रहने की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि किसी छात्र को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नियमों के अंतर्गत एक कैलण्डर वर्ष में विभिन्न कक्षाओं की दो परीक्षाएं देने की अनुमति नहीं है।

(ख) देश के अन्य भागों के परीक्षा बोर्डों/विश्वविद्यालयों के नियम केन्द्रीय माध्यमकि शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध संस्थाओं के छात्रों पर लागू नहीं होते हैं।

(ग) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का विद्यमान नियमों में संशोधन करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

GOVERNMENT ACCOMMODATION IN THE OCCUPATION OF THE CONGRESS PARTY

6253. SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the bungalows and flats in Delhi in occupation of the Congress Party and other groups associated with it;

(b) the number of houses among them in occupation of Shri Brahmanand Reddy faction of the Congress and of those in occupation on the other group; and

(c) the rent being charged for those houses and the amount of arrears to be realised on this account ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHT) : (a) to (c) A statement is attached. This Ministry has no information about which of the houses/flats are in occupation of Shri Brahmanand Reddy faction of Congress and which in the occupation of the other Congress.

STATEMENT

Particulars of General Pool accommodation

Sl. No.	Political Party group in Parliament	Particulars of accommodation	Rate of rent p.m.	Amount due as on 31-3-1978	Remarks
1.	All India Congress Committee .	5, Raisina Road	3156·00	9468·00	Sealed by Magistrate on 5-1-1978
2.	Indian National Trade Union Congress	1-B, Maulana Azad Road	2212·00	2212·00	
3.	All India Congress Committee .	104, Cemetery Prithvi Raj Rd.	65·15	130·30	
4.	Delhi Pradesh Congress Committee	11-D, Fire Brigade Lane	551·00	551·00	
5.	Do. . . .	9-D, Fire Brigade Lane	553·50	216·40	
6.	Congress Party in Parliament .	Sector II/598, R. K. Puram	22·80	Nil	
7.	Do. .	Sector IV/181, R. K. Puram	41·55	Nil	
8.	Do. . .	Sector IV/222, R. K. Puram	41·55	Nil	
9.	Do. .	Sector IV/892, R. K. Puram	41·55	Nil	
10.	Do. .	Sector IV/209, R. K. Puram	40·00	Nil	
11.	Do. . .	15-D, Raja Bazar	68·30	35·30	

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक की सेवा निवृत्ति

6254. **श्री धीरेन्द्र नाथ बसु:** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि डा० एम० एस० स्वामीनाथन् एफ० आर० एस०, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक और सरकार के सचिव के पद से सेवानिवृत्त होने के पश्चात् विदेश जा रहे हैं, और यदि हां, तो उन्होंने इसके लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्था करने पर विचार किया है; और

(ख) कृषि अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिक के रूप में उनकी सर्वाधिक कार्यकुशलता और उनके विश्व प्रसिद्ध होने को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार उनको पद पर बने रहने को कह रही है तथा उनका सेवाकाल बढ़ाएगी ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला): (क) तथा (ख) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महा-निदेशक, और कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग के सचिव, डा० एम० एस० स्वामीनाथन् ने अपने समय को अनुसंधान तथा शैक्षिक अनुसरण को समर्पित करने के लिए पहली अप्रैल, 1978 से स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति का नोटिस दिया था । उनका विदेश जाने का कोई इरादा नहीं था।

कृषि और सिंचाई मंत्री तथा प्रधान मंत्री के साथ बातचीत के बाद उन्होंने नोटिस वापस ले लिया है और वे अपनी वर्तमान नियुक्ति पर बने रहेंगे।

WATER SHORTAGE IN SOUTH DELHI

6255. SHRI RAMANAND TIWARY : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether Government colonies in Delhi have been facing water shortage for some-time.

(b) whether the problem of water shortage is very grave in South Delhi particularly in R. K. Puram and it is likely to become graver during ensuing summer; and

(c) if so, remedial measures being taken in this regard ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATON (SHRI SIKANDER BAKHT) : (a) Some pockets of certain Government colonies experience shortage of water particularly during summer.

(b) and (c) The Municipal Corporation of Delhi have reported that the problem in South Delhi is not very grave. The availability of water in R. K. Puram Sector I and IV has improved due to augmentation of water supply by connecting the supplies with the pumping main on outer ring road and with the distribution system of Safdarjang Development Scheme. Augmentation has also been effected by constructing and commissioning of tubewells in Sector I and IV of R. K. Puram.

As regards the New Delhi Municipal Committee, they are trying to obtain additional water for the colonies in their area from the Municipal Corporation of Delhi and are also taking action to instal tubewells and handpumps.

दिल्ली में आपात स्थिति के दौरान पुनर्वास बस्तियों का स्थापित किया जाना

2566. **चौधरी ब्रह्म प्रकाश**
श्री एम० हनान अलहाज } : क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में कितनी पुनर्वास बस्तियां किन किन स्थानों पर स्थापित की गई और वहां प्लाटों की संख्या और उनके आकार का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इन पुनर्वास बस्तियों के स्थापित किए जाने पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ग) क्या उनके लेखों की इस बीच लेखा परीक्षा की गई है ; और

(घ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) एक विवरण संलग्न है।

(ख) इन पुनर्वास कालोनियों में आपात स्थिति के दौरान बड़े बड़े निर्माण कार्यों पर दिल्ली विकास प्राधिकारण ने जो सूचना दी है उसकी कुल राशि नीचे दी गई है :—

वर्ष	किया गया खर्च
1975-76	2.12 करोड़ रुपये
1976-77	12.35 करोड़ रुपये (दिल्ली प्रशासन द्वारा समायोजित 2.27 करोड़ रु० भूमि की लागत सहित)

(ग) तथा (घ) इस लेखे की लेखा परीक्षा जनवरी/फरवरी, 1978 में हुई और लेखा परीक्षा रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

विवरण

आपात स्थिति (1 जुलाई, 1975 से 31 मार्च, 1977 तक) के दौरान पुनर्वास कालोनियों में विकसित प्लाटों का विवरण

क्र० सं०	कालोनी का नाम	प्लाटों की संख्या	प्लाटों का आकार
1.	जहांगीरपुरी	22300	25 वर्ग गज
2.	शकुरपुर	8146	—वही—
3.	मंगोलपुरी	26132	—वही —
4.	सुलतानपुरी	16000	—वही—

1	2	3	4
5.	नांगलोई फेस-III	3816	—वही—
6.	जवालापुरी		
7.	ख्याला	3239	—वही—
8.	चौखण्डी	1499	—वही—
9.	नजफगढ़ रोड एक्सटेंशन	2168	—वही—
10.	नन्द नगरी	10215	—वही—
11.	गोकलपुरी	2400	—वही—
12.	खिचड़ीपुर	8096	—वही—
13.	कल्याणपुरी		
14.	त्रिलोकपुरी	16640	—वही—
15.	हिम्मतपुरी		
16.	न्यू सीलमपुर	1642	—वही—
17.	न्यू सीमापुरी	2988	—वही—
18.	दक्षिणपुरी	12300	—वही—
19.	दक्षिणपुरी एक्टेंशन		
20.	खानपुर	1053	—वही—
21.	सैय्यद उल जैब	252	—वही—
22.	हैदरपुरी	5422	—वही—
		144308	

डी० एल० एफ० द्वारा चितरंजन पार्क, नई दिल्ली में जमीन पर कब्जा किया जाना

6257. **श्री दिलीप चक्रवर्ती**: क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ।

(ख) संबंधित लेख विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न राज्यों में तथा इसके साथ साथ विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा के असमान विकास, उत्तीर्णांक, श्रेणियां प्राप्त करने के लिए अपेक्षित न्यूनतम अंकों में एकरूपता के अभाव इत्यादि के संबंध में है । गत वर्षों में उच्च शिक्षा के विकास की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार है कि अगली योजनावधि में उच्च शिक्षा के विस्तार को नियमित किया जाना चाहिए और विद्यमान क्षेत्रीय असन्तुलनों को जहां तक सम्भव हो कम किया जाना चाहिए । जहां तक परीक्षाओं का पद्धति और अंकों की प्रतिशतता में विभिन्नताओं का संबंध है पूर्ण एकरूपता सुनिश्चित करना व्यावहार्य नहीं होगा क्योंकि इन मामलों में निर्णय लेने के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय को पूर्ण अधिकार है ।

LAND ACQUIRED FOR NEHRU COMPLEX

6360. SHRI SURENDRA BIKRAM : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the area of land acquired by the D.D.A. for the Nehru complex and whether notification for the entire land has been issued;

(b) if not, the reasons therefor;

(c) the area of land which was acquired more than three years ago but in respect of which neither notification has been issued nor compensation paid to the land owners; and

(d) action taken against those responsible therefor and the time by which land owners are likely to receive compensation ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHT) : (a) The present Complex comprises of 66.4 acres of land and the entire land stands notified.

(b) Does not arise.

(c) & (d). Compensation has been paid to the land-owners except in the case of 5.2 acres of land where it could not be paid because the title of the land-owners is in dispute. The compensation amount is lying in the revenue deposit and it will be paid after the title is determined by the competent court. The question of action against any officer does not arise.

QUANTUM OF PAPER SUPPLIED TO STATES FOR EXERCISE BOOKS

†6361. SHRI SURENDRA MIKRAM : Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state :

(a) the quantum of paper supplied at fair price to various States for exercise books during the period 1st January, 1977 to 15th March, 1978; and

(b) the reasons for allocating the lowest quota to Uttar Pradesh ?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER) : (a) A statement showing allotment of white printing paper at concessional rate made to various states for exercise books for the quarters commencing January-March, 1977 to January-March, 1978 is attached.

(b) U.P. has been allotted the highest quantity i.e. 14250 tonnes of paper plus 2000 tonnes of readymade exercise books.

STATEMENT

Allotment of paper to various States for exercise books for the quarters commencing January-March, 1977 to January-March, 1978.

(In tonnes)

1.	Andhra Pradesh	7600	
2.	Assam	1050	
3.	Bihar	5950	
4.	Gujarat	6450	
5.	Haryana	900	100*
6.	Himachal Pradesh	70	50*
7.	Jammu & Kashmir	400	50*
8.	Karnataka	3200	
9.	Kerala	2450	
10.	Madhya Pradesh	4850	
11.	Maharashtra	13620	
12.	Manipur	65	
13.	Meghalaya	15	
14.	Nagaland	20	
15.	Orissa	1000	
16.	Punjab	2650	
17.	Rajasthan	3250	
18.	Sikkim	15	
19.	Tamil Nadu	8650	
20.	Tripura	35	
21.	Uttar Pradesh	14250	2000*
22.	West Bengal	9850	
23.	Andaman & Nicobar Islands	25	
24.	Chandigarh	75	
25.	Delhi	6100	
26.	Goa, Daman & Diu	130	
27.	Lakshadweep	4	
28.	Mizoram	35	
29.	Pondicherry	60	
	Total	92769	

*Worth of ready-made exercise-books.

पेय '77' के लिये वितरण एजेंसियां

6362. **श्री पी० कानन :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु में कितनी एजेंसियां नये पेय '77' का वितरण करने के लिये तैयार थीं;

(ख) वितरणकर्ता निर्धारित करने के लिये क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है;

(ग) क्या यह सच है कि तमिलनाडु में एक ऐसी फर्म को वितरण अधिकार दिये गये हैं जो स्वयं अपने पेय बेच रही हैं;

(घ) यदि हां, तो उस फर्म का नाम क्या है और उसे चुने जाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या ऐसी फर्म को '77' पेय की बिक्री का कार्य सौंपने से होने वाले नुकसान को सरकार ने ध्यान में रखा है जिसकी रुचि अपने उत्पादों को बेचने में अधिक हो सकती है ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) माडर्न बेकरीज (इं०) लि० '77' का उत्पादन करने के लिए केवल विशेषाधिकार ही देता है और वितरक नियुक्त नहीं करता है । कम्पनी को तमिल नाडु में विशेषाधिकार के लिए 11 आवेदन पत्र (भूतपूर्व कोका-कोला बाटलरज के अलावा) प्राप्त हुए थे ।

(ख) भूतपूर्व कोका-कोला बाटलरज को प्रथम तरजीह दी गई थी । अन्य के लिए, पार्टी की वित्तीय साख, उनकी विपणन संबंधी सामर्थ्य, अपना पूर्ण स्वचालित बाटलिंग प्लांट होना और अपनी आधुनिक प्रयोगशाला होने आदि को ध्यान में रखा गया था ।

(ग) और (घ) उपर्युक्त कसौटी की दृष्टि में मै० साफ्ट बेवरेजज प्राइवेट लि०, मदुराई, जो भूतपूर्व कोका-कोला बॉटलर है और मै० सपैंसर एण्ड को०, मद्रास को तमिलनाडु में विशेषाधिकार दिए गए हैं ।

(ङ) कम्पनी ने इस पहलू का विशेष ध्यान रखा था ।

AGRICULTURAL UNIVERSITY AT DAURALA (MEERUT) AND RANI CHAURA (GARHWAL)

6363. SHRI RAJENDRA KUMAR SHARMA : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether Government are considering setting up Agricultural Universities in Daurala (Meerut) and Rani Chaura (Garhwal) areas of Uttar Pradesh;

(b) if so, the amount given by World Bank as financial assistance for the said Agricultural Universities; and

(c) the time by which the said Agricultural Universities are likely to be opened and the total number of students to be given admission there ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA) : (a) No, Sir.

(b) & (c). Does not arise.

ALLOTMENT OF PLOTS TO INDIANS ABROAD

6364. SHRI RAJENDRA KUMAR SHARMA : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether Government are considering a scheme of allotting plots for construction of houses in India to the persons of Indian origin living abroad;

(b) the basis on which allotment of these plots would be made and the number of such plots to be allotted in 1978-79; and

(c) whether the persons of Indian origin who already own houses would also be allotted plots ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHT) : (a) A scheme for allotment of house plots in Delhi to non-resident Indians living abroad has been introduced. The last date for submission of applications is 30th April, 1978.

(b) The land earmarked for allotment has not yet been developed. It will be developed if there is sufficient response to the scheme. The allotment will be made by draw of lots. It cannot, at present, be stated whether plots would be available for allotment during 1978-79.

(c) An individual owning land/house/flat in Delhi/New Delhi in his/her name or in the name of his/her family members as defined in the Urban Land (Ceiling & Regulation) Act, 1976 i.e., wife/husband/unmarried minor children, is not eligible for allotment of a plot of land under this scheme.

क्षारीय गैर कृषि योग्य भूमि को कृषि योग्य बनाने के बारे में विचार गोष्ठी

6365. **श्री धर्मवीर वशिष्ठ :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अभी हाल में कानपुर, उत्तर प्रदेश के निकट फर्टीलाइजर एसोसियेशन आफ इण्डिया तथा पाइराइट्स एण्ड केमिकल्स लि० की संयुक्त विचार-गोष्ठी में क्षारीय और गैर-कृषि योग्य भूमि को कृषि योग्य बनाने के प्रश्न पर चर्चा की गई थी; और

(ख) यदि हां, तो किस प्रकार की चर्चा की गई और विचार गोष्ठी द्वारा किन ठोस उपायों की सिफारिश की गई ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) जी हां। फर्टीलाइजर एसोसिएशन आफ इण्डिया; पाइराइट्स फास्फेट्स एण्ड केमिकल्स लि० और उत्तर प्रदेश के कृषि विभाग द्वारा क्षारीय भूमि के सुधार के लिये अवसादी पाइराइट् का उपयोग करने के संबंध में 4 व 5 मार्च, 1978 को लखनऊ में एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया था।

(ख) विचारगोष्ठी की औपचारिक कार्यवाही अभी प्राप्त नहीं हुई है। तथापि, यह ज्ञात हुआ है कि विचार-विमर्श संशोधन पदार्थों के संबंध में किया गया था और कुछ बुनियादी अध्ययनों के लिये सिफारिश की गई थी।

वाणिज्यिक फसलें

6366. **श्री धर्मवीर वशिष्ठ :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1976-77 के दौरान वाणिज्यिक फसलों में हुई कमी के क्या कारण थे और चालू वर्ष 1977-78 के दौरान इनकी क्या संभावनायें हैं;

(ख) इस वर्ष गन्ने का अनुमानतः कुल कितना उत्पादन हुआ और गन्ने तथा गुड़ के गिरते हुए भावों को रोकने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं; और

(ग) क्या यह सच है कि गन्ने के मूल्य गत वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत तक गिर गये हैं: यदि हां, तो क्यों तथा इसे रोकने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) वर्ष 1975-76 में प्राप्त स्तरों की तुलना में वर्ष 1976-77 के दौरान प्रमुख वाणिज्यिक फसलों में गन्ने और पटसन के उत्पादन में वृद्धि हुई और कपास तथा तिलहनों के उत्पादन में कमी आई है। मुख्य उत्पादन क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसमी घटकों के कारण सामान्यतया कपास और तिलहनों के उत्पादन में कमी हुई थी। वर्ष 1977-78 के दौरान तिलहनों, कपास और गन्ने का उत्पादन अधिक होने की सम्भावना है, परन्तु पटसन का उत्पादन 1976-77 की अपेक्षा कुछ कम होने का अनुमान लगाया गया है।

(ख) और (ग) गन्ने के उत्पादन के सही अनुमान 1977-78 के दौरान कृषि वर्ष की समाप्ति के पश्चात अर्थात् जुलाई-अगस्त, 1978 में किसी समय उपलब्ध होंगे। तथापि, इस वर्ष के दौरान गन्ने का उत्पादन 1976-77 में प्राप्त स्तर से काफी अधिक होने की संभावना है।

वे कुछ पान शुगर फैक्टरियों द्वारा चालू मौसम में दिए गए मूल्य लगभग वही हैं जो पिछले वर्ष अदा किए गए थे। कुछ मामलों में वे पिछल वर्ष से अधिक हैं। विभिन्न राज्यों में वर्ष 1976-77 में अदा किए गए मूल्य परिशिष्ट-1 में तथा वर्ष 1977-78 में अदा किए गए मूल्य परिशिष्ट-2 में दिए गए हैं। तथापि खांडसारी अथवा गुड़ उत्पादकों को आमतौर पर सप्लाई किए गए गन्ने के मूल्यों पर कोई नियन्त्रण नहीं है। चालू मौसम में केवल उत्तर प्रदेश, हरियाणा और आंध्र प्रदेश राज्यों ने खांडसारी फैक्टरियों द्वारा दिए जाने वाले गन्ने के न्यूनतम मूल्यों को अधिसूचित किया है। ये मूल्य प्रायः वही हैं जो शुगर फैक्टरियों के लिए न्यूनतम मूल्य अधिसूचित किए गए थे। खांडसारी एककों के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऐसी अनेक खांडसारी एककों का पता लगाया गया है जो न्यूनतम अधिसूचित मूल्यों से कम अदा कर रही है। राज्य सरकार द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा रही है। आंध्र प्रदेश अथवा हरियाणा से अभी तक कोई ऐसी रिपोर्टें प्राप्त नहीं हुई।

गन्ना उत्पादकों की कठिनाईयों को दूर करने के लिए सरकार ने अनेक उपायों की घोषणा की है ताकि उत्पादकों को गन्ने के अच्छे मूल्य दिए जा सकें। इसके अलावा केन्द्रीय सरकार की एजेंसियों अर्थात् भारतीय खाद्य निगम और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ को बाजार में सीधी खरीद करने के निदेश दिए गए हैं जिससे कि गुड़ के मूल्यों को स्थिर किया जा सके। गन्ना उत्पादकों को मूल्य दिलाने तथा गन्ने की खड़ी फसल को बिकवाने में सहायता करने के लिए किए गए उपायों का विस्तृत ब्यौरा परिशिष्ट-3 में दिया गया है।

विवरण–1

फैक्टरियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार वर्ष 1976-77 के मौसम के दौरान विभिन्न राज्यों में फैक्टरियों के लिये गन्ने का अधिसूचित मूल्य तथा फैक्टरियों द्वारा गेट पर दिए जा रहे वास्तविक मूल्यों में अन्तर।

(रु०/क्विंटल)

राज्य	वर्ष 1976-77 के मौसम के लिये	
	न्यूनतम अधिसूचित मूल्य	फैक्टरियों द्वारा दिया गया मूल्य
उत्तर प्रदेश	8.50 से 10.80	12.25 से 13.25
बिहार	8.50 से 10.50	12.25*
पंजाब	8.50 से 9.00	13.25 से 15.25
हरियाणा	9.10 से 10.30	13.00
असम	8.50 से 8.70	11.00 जमा परिवहन राज सहायता
पश्चिम बंगाल	8.50 से 9.20	12.50 से 14.50
उड़ीसा	8.50 से 8.90	8.50 से 10.50
मध्य प्रदेश	8.80 से 10.30	12.00 ††
राजस्थान	8.50 से 10.10	12.25 से 14.25
महाराष्ट्र	8.50 से 12.70	9.50† से 16.60
गुजरात	8.50 से 11.40	9.00† से 13.60
आंध्र प्रदेश	8.50 से 11.50	10.00 से 12.50
तमिल-नाडु	8.50 से 10.20	8.50 से 11.90
कर्नाटक	8.50 से 11.40	10.00† से 15.00†
केरल	8.50 से 9.00	13.00
पांडिचेरी	9.40	9.50
नागालैण्ड	8.50	11.00
गोवा	8.80	12.00

टिप्पणी :—*बिहार (हरिनगर) में एक फैक्टरी ने 12.50 रु० प्रति क्विंटल की अदायगी की है।

†मोरेना सहकारी फैक्टरी 13.50 रु० प्रति क्विंटल की अदायगी कर रही है।

††ये अस्थायी मूल्य हैं जो सहकारी फैक्टरियों द्वारा पेशगी के रूप में अधिकांश फैक्टरियों द्वारा अदा किए जाते हैं।

विवरण–2

फैक्टरियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार वर्ष 1977-78 के मौसम के दौरान विभिन्न राज्यों में फैक्टरियों के लिये गन्ने का अधिसूचित मूल्य तथा फैक्टरियों द्वारा गेट पर दिए जा रहे वास्तविक मूल्यों में अन्तर ।

(रु० प्रति क्विन्टल)

राज्य	न्यूनतम अधिसूचित मूल्य	फैक्टरियों द्वारा दिया गया मूल्य
उत्तर प्रदेश	8.50 से 11.00	12.50*से 13.50
बिहार	8.50 से 10.80	12.25 से 12.50
पंजाब	8.60 से 10.20	13.50
हरियाणा	8.50 से 9.80	13.50
असम	8.50 से 9.10	11.00 – परिवहन राज सहायता
पश्चिम बंगाल	9.30 से 9.40	12.50 से 14.50
उड़ीसा	8.50 से 8.80	11.00 से 14.20
मध्य प्रदेश	8.50 से 10.20	12.50
राजस्थान	8.50 से 10.20	12.25 से 14.25
महाराष्ट्र	8.50 से 12.40	9.30† से 16.20 †
गुजरात	8.50 से 11.80	9.00† से 14.13†
आन्ध्र प्रदेश	8.50 से 10.80	9.50† से 12.00†
तमिलनाडु	8.50 से 10.00	††9.30† से 12.70†
कर्नाटक	8.50 से 11.30	10.60† से 14.60‡
केरल	8.50 से 8.60	13.00
पांडिचेरी	8.70	9.30†
नागालैण्ड	8.60	11.25
गोवा	8.60	16.50

टिप्पणी :—*पता चला है कि एक फैक्टरी "काशी" ने 12.25 रु० प्रति क्विंटल की अदायगी की है ।

†ये अस्थायी मूल्य हैं जो सहकारी फैक्टरियों द्वारा पेशगी के रूप में अधिकांशतः खेत से बाहर ही अदा किए जाते हैं ।

†† एक फैक्टरी (वेल्लोर) ने आरम्भ में 8.50 रु० प्रति क्विंटल की दर से अदायगी शुरू की थी परन्तु अब यह 11.50 रु० प्रति क्विंटल की दर से अदायगी कर रही है ।

विवरण–3

गन्ना उत्पादकों को अधिक कीमत उपलब्ध कराने तथा खड़ी फसल के निपटान हेतु सहायता करने के लिये किये गये उपाय ।

चीनी कारखानों द्वारा 1976-77 के स्तर के बराबर ही गन्ने की कीमत अदा कराने के लिये सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाये गये :—

(1) 16-11-1977 से खुले बाजार में बिकने वाली चीनी का उत्पादन शुल्क 45 प्रतिशत **यथामूल्य** से घटाकर 27½ प्रतिशत यथामूल्य कर दिया गया है ।

(2) 1-3-1978 से अखिल भारतीय भारित औसत लेवी मूल्य बढ़ाकर 187.50 रु० प्रति क्विंटल कर दिया गया ।

(3) उत्पादन में वृद्धि होने के कारण स्टाक के भारी भार से उद्योग को राहत देने के लिये यह निर्णय किया गया है कि चालू वर्ष के दौरान 6.5 लाख मीटरी टन शर्शरा का निर्यात किया जाये । अंतर्राष्ट्रीय चीनी समझौते के अन्तर्गत यही मात्रा वस्तुतः भारत का हिस्सा भी है ।

(4) अतिरिक्त उत्पादन की व्यवस्था हेतु ऋण सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा ।

(5) चीनी के अंतर्राज्यीय आवागमन पर सभी प्रतिबंध हटा दिये गये हैं ।

इसके अतिरिक्त सरकार कारखानों को 30-4-1978 के बाद भी पैराई के लिये प्रोत्साहन देने हेतु उत्पादन शुल्क में छूट देने के लिये सक्रिय रूप से विचार कर रही है, ताकि उद्योग द्वारा गन्ने की अधिकाधिक खरीद की जा सके ।

जिन क्षेत्रों में परम्परागत रूप से गन्ने को गुड़/खण्डसारी में बदल दिया जाता है, वहां भी गन्ने का अत्यधिक उत्पादन हुआ है, अतः उसके उपयुक्त उपयोग हेतु निम्नलिखित उपाय अपनाये गये हैं ताकि गन्ना उत्पादकों को राहत मिल सके :—

(1) गुड़ के निर्यात पर सभी प्रतिबन्ध हटा दिये गये हैं ।

(2) गुड़ और खण्डसारी दोनों के निर्माण/व्यापार पर बैंक ऋणों का मार्जिन कम कर दिया गया है ।

(3) सरकारी संगठन मंडी की कीमत से अधिक प्रीमियम पर गुड़ की खरीद कर रहे हैं ।

(4) कुछ राज्य सरकारों ने गन्ने पर क्रय-कर कम कर दिया है ।

खरीफ की फसल की सम्भावनाएं

6367. **श्री धर्मवीर वशिष्ठ** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1975-76 में ज्वार तथा गेहूं के अलावा सभी खाद्यान्नों के उत्पादन मे गिरावट आई थी; यदि हां, तो इसके क्या कारण थे;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा पंजाब में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से कम क्षेत्र में दालें बोई गई; यदि हां, तो इस प्रवृत्ति को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई हैं अथवा क्या प्रोत्साहन देने की घोषणा की गई है; और

(ग) क्या इस वर्ष अच्छी वर्षा हो जाने से खरीफ की फसल बहुत अच्छी होने की आशा है; यदि हां, तो धान तथा तिलहनों का कितना उत्पादन होने की आशा है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) जी नहीं । 1975-76 में समस्त खाद्यान्नों के उत्पादन में 1974-75 की तुलना में पर्याप्त वृद्धि हुई है । केवल ज्वार ही एक अपवाद था जहां विशेषतः रबी के मौसम के दौरान बुवाई के समय मुख्यतः अत्यधिक वर्षा और ठण्डे मौसम और बीमारियों के कारण फसल में हुए नुकसान से विशेषकर महाराष्ट्र में उत्पादन में गिरावट आयी ।

(ख) जी हां । कुछ क्षेत्रों में सिंचाई के विस्तार से चना जैसी दालों की कीमत पर गेहूं के फसल के अन्तर्गत क्षेत्र का विस्तार हुआ है । चने के अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहन के तौर पर सरकार ने चने जोकि दाल की सर्वाधिक महत्वपूर्ण फसल है, का समर्थन मूल्य 1977-78 के विपणन वर्ष में 95 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 1978-79 के विपणन वर्ष के दौरान 125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है । उन्नत प्रणालियां अपनाने, उन्नत/अल्प-अवधि किस्मों के बीजों के संवर्धन, दालों के बीजों की आपूर्ति के लिए साहाय्य प्रदान करने और वनस्पति संरक्षण रसायनों की लागत में 25 प्रतिशत और दालों की खेती के प्रयोग के लिए वनस्पति संरक्षण उपस्कर की लागत पर 50 प्रतिशत तक साहाय्य प्रदान करने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने हेतु 46 चुने हुए दाल उत्पादक जिलों में चलाई जा रही एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत कृषकों को राज्य सरकारों के जरिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है । चालू वर्ष के दौरान विशेष उपाय के तौर पर, स्थानिक मारी क्षेत्रों में कीट कृमियों के नियन्त्रण के लिए प्रचालन खर्च के तौर पर 10 रुपये प्रति हेक्टार और 12.50 रुपये प्रति हैक्टार की दर से राइजोबिअल कल्चर की निशुल्क आपूर्ति के लिए राज्य सरकारों को निधियां भी प्रदान की गई हैं । राइजोबिअल कल्चर की भारी मात्रा में आपूर्ति के लिए सक्षम जैवकीय प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ करने के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य दलहन उत्पादक राज्यों के लिए भी निधियां प्रदान की गई हैं ।

(ग) 1977-78 के दौरान खरीफ फसलों का उत्पादन अच्छा होने की सूचना मिली है । विभिन्न राज्यों से विभिन्न खरीफ फसलों के अन्तिम अनुमान अभी उपलब्ध नहीं हुए हैं । वर्तमान रिपोर्टों के अनुसार, धान व तिलहनों सहित विभिन्न खरीफ फसलों के 1976-77 में प्राप्त स्तर में उत्साहवर्धक सुधार होने की सम्भावना है ।

TEMPLE OF UDASEEN MAHARAJ IN ARAM BAGH, NEW DELHI

6368. SHRI DAYA RAM SHAKYA : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether the Shiva Temple of Udaseen Maharaj in Aram Bagh, New Delhi is more than 200 years old as per Government records and many priests have served therein;

(b) if so, whether this temple is under the jurisdiction of the Delhi Municipal Corporation or Delhi Administration or under any Ministry of the Central Government indicating the name thereof; and

(c) the total area in possession of this temple and area which is under unauthorised occupation at present ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHAT) : (a) As per Government record this unauthorised temple came into existence after 1947.

(b) The land is under the control of the Land and Development Office.

(c) The unauthorised area under the main temple is 14.46 sq. mts. approximately. The total area under unauthorised occupation is 2275 sq. mts. approximately.

CONSTRUCTION OF GOVERNMENT FLATS

6369. SHRI DAYA RAM SHAKYA : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the number of flats proposed to be constructed by Government during the current financial year and the types of flats and the definite time by which these flats will be constructed;

(b) the names of the places where these flats are proposed to be constructed; and

(c) whether Government are aware that a Bungalow covers a large area of vacant land and whether keeping in view the shortage of land Government propose to construct flats on the vacant land in bungalows ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDER BAKHT) : (a) & (b). Two statements, one giving details of quarters sanctioned/under construction and the time by which these are expected to be completed, and another giving details of quarters proposed to be sanctioned during 1978-79 and the time by which these would be completed, are attached.

(c) These bungalows do have a lot of open land around them as a part of the compound. However, the bungalows, too, are old and not in good condition. The entire bungalow area is to be redeveloped and new quarters constructed in due course.

STATEMENT—I

Statement referred to in reply to parts (a) (b) in Unstarred Question No. 6369 in Lok Sabha on 10th April 1978.

Statement showing the number of Flats sanctioned under construction and the time by which these Flats would be constructed

	Type-I	Type-II	Type-III	Type-IV	Hostel	Total
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
Delhi	1065	2716	1782	134	184	5881
Bombay	300	820	400	80	60	1660
Calcutta	56	1192	856	—	84	2188
Madras	120	99	—	—	—	219
Bangalore	80	120	—	—	—	200
Chandigarh . . .	100	60	40	—	—	200
Simla	36	40	32	—	—	108
Ghaziabad . . .	—	100	68	—	—	168
Indore . . .	66	—	—	—	—	66
Total . . .	1823	5147	3178	214	328	10690

(Statement I—*Contd.*)

Programme of handing over of Quarters under construction
March,1978 to March, 1979

	Type-I	Type-II	Type-III	Type-IV	Hostel	Total
Delhi	1065	1686	1351	16	—	4118
Bombay	300	280	100	30	—	710
Calcutta	56	304	440	—	84	884
Madras	—	—	—	—	—	—
Bangalore	—	—	—	—	—	—
Chandigarh	100	60	40	—	—	200
Simla	36	40	32	—	—	108
Ghaziabad	—	100	68	—	—	168
Indore	66	—	—	—	—	66
Total	1623	2470	2031	46	84	6254
April, 1979 to March, 1980						
Delhi	—	1002	249	62	—	1313
Bombay	—	360	150	50	60	620
Calcutta	—	600	304	—	—	904
Madras	120	99	—	—	—	219
Bangalore	80	120	—	—	—	200
Chandigarh	—	—	—	—	—	—
Simla	—	—	—	—	—	—
Ghaziabad	—	—	—	—	—	—
Indore	—	—	—	—	—	—
Total	200	2181	703	112	60	3256

Programme of handing over of Quarters under construction
April, 1980 to March, 1981

	Type-I	Type-II	Type-III	Type-IV	Type-V	Hostel	Total
Delhi	—	28	182	56	—	184	450
Bombay	—	—	—	—	—	—	—
Calcutta	—	288	112	—	—	—	400
Madras	—	—	—	—	—	—	—
Bangalore	—	—	—	—	—	—	—
Chandigarh	—	—	—	—	—	—	—
Simla	—	—	—	—	—	—	
Ghaziabad	—	—	—	—	—	—	—
Indore	—	—	—	—	—	—	—
Total	—	316	294	56	—	184	850
April, 1981 to March, 1982							
Delhi	—	—	—	—	—	—	—
Bombay	—	180	150	—	—	—	330
Calcutta	—	—	—	—	—	—	—
Madras	—	—	—	—	—	—	—
Bangalore	—	—	—	—	—	—	—
Chandigarh	—	—	—	—	—	—	—
Simla	—	—	—	—	—	—	—
Ghaziabad	—	—	—	—	—	—	—
Indore	—	—	—	—	—	—	—
Total	—	180	150	—	—	—	330

Grand Total : 10690

STATEMENT II

Statement referred to in reply to Parts (a) and (b) in unstarred Question No. 6369 in Lok Sabha on 10th April, 1978

Quarters proposed to be sanctioned in 1978-79

	Type A	Type B	Type C	Type V	Hostel	Total
Delhi	1000	5000	9180	120	7 00	16000
Bombay	800	1200	600	—	—	2600
Calcutta	800	600	600	—	—	2000
Madras	100	100	100	—	—	300
Bangalore	50	150	100	—	—	300
Chandigarh	—	—	—	—	—	—
Hyderabad	125	225	150	—	—	500
GRAND TOTAL	12975	7325	10880	120	700	22000

Tentative programme of completion of 22,000 houses

April, 1980 to March, 1981

	Type-A	Type-B	Type-C	Type-IV	Type-V	Hostel	Total
Delhi	1000	5000	9180	—	120	700	16000
Bombay	—	—	—	—	—	—	—
Calcutta	—	—	—	—	—	—	—
Madras	100	100	100	—	—	—	300
Bangalore	50	150	100	—	—	—	300
Chandigarh	100	50	150	—	—	—	300
Hyderabad	125	225	150	—	—	—	500
GRAND TOTAL	1775	5525	9680	—	120	700	17400

April, 1981 to March, 1982

Delhi	—	—	—	—	—	—	—
Bombay	800	1200	600	—	—	—	2600
Calcutta	800	600	600	—	—	—	2000
Madras	—	—	—	—	—	—	—
Bangalore	—	—	—	—	—	—	—
Chandigarh	—	—	—	—	—	—	—
Hyderabad	—	—	—	—	—	—	—
GRAND TOTAL	1600	1800	1200	—	—	—	4600

BACKWARDNESS OF BASTAR DISTT. IN M.P.

6370. SHRI AGHAN SINGH THAKUR : Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether keeping in view the backwardness of Bastar District in Madhya Pradesh, Central Government propose to provide any special facilities to the farmers for the development of agriculture there; and

(b) if so, by what time facilities are to be provided and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH) : (a) & (b). In the backward Bastar district of Madhya Pradesh, there are two Pilot Tribal Development Projects at Dantewada and Konta, taken up during the IVth Plan period (1971-72). Economic development programmes including agriculture and allied activities are being implemented in these Central Sector Projects. Since their inception, upto 31st March, 1978, funds of the order of Rs. 157.17 lakhs and Rs. 176.11 lakhs have been released to Tribal Development Agency, Dantewada, and Tribal Development Agency, Konta, respectively. During the financial year 1977-78, an amount of Rs. 36.84 lakhs was released to Tribal Development Agency, Dantewada and Rs. 46.62 lakhs to Tribal Development Agency, Konta.

श्री कृष्ण चन्द्र हाल्दर (दुर्गापुर) : मेरे स्थगन प्रस्ताव का क्या हुआ ।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : मैंने बलाडिला के आदिवासी कर्मचारियों के सम्बन्ध में एक स्थगन प्रस्ताव की सूचना दी है। 26 कर्मचारी पुलिस द्वारा मारे गये है। सारी आदिवासी कोलोनियों को जला कर राख कर दिया गया है ।

अध्यक्ष : मैंने इस सम्बन्ध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के लिये स्वीकृति दी है।

श्री एम० कल्याण सुन्दरम (तिरूचिरापल्ली) : तमिलनाडु में किसानों के आन्दोलन के सम्बन्ध में मैंने एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना दी है। पुलिस द्वारा वहां गोली चलाई गई है कुछ किसान मारे गये। तमिलनाडु सरकार किसानों की मांगों को पूरा करने में असमर्थ है। नीतियां यहां दिल्ली में ही बनाई जाती है इसलिये लोगों को केन्द्र सरकार से शिकायत है। यह मामला भारत सरकार और उसकी नीति के बारे में है अतः मुझे इसे यहां उठाने की अनुमति दी जाये।

श्री आर० वी० स्वामीनाथन (मदुरै) : मैंने भी इस सम्बन्ध में सूचना दी है ।

श्री वी० अरुणाचलम (टकोंसी): यह राज्य सरकार का मामला है। राज्य सरकार ने कड़ी कार्यवाही की है और स्थिति अब नियंत्रण में है। सभा को इस मामले पर चर्चा करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि यह कानून और व्यवस्था का मामला है। कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है।

अध्यक्ष महोदय : बुधवार को मैंने सभी दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है और बैठक में इस बात पर विचार किया जायेगा कि क्या सभा में राज्य के मामलों पर चर्चा की जा सकती है और यदि हां तो किस हद तक हम चर्चा कर सकते हैं । हम आप लोगों की भी राय लेंगे और अगर यह निर्णय होगा कि इन मामलों पर सदन में चर्चा हो सकती है तो मैं न केवल आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश राज्यों के बारे में ही चर्चा की अनुमति दूंगा अपितु अन्य राज्यों के मामलों पर चर्चा के लिये अनुमति दी जायेगी।

श्री ज्योतिर्मय बसु : बलाडीला के बारे में क्या विचार है।

अध्यक्ष महोदय : इस सम्बन्ध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई है।

SHRI RAM AVDHESH SINGH (Likram Ganj) : I have given a notice under rule 184 regarding the report of the Commission headed by Shri Kaka Kavelkar your decision is still awaited.

अध्यक्ष महोदय : नियम 184 के अन्तर्गत दी जाने वाली सूचनाओं पर पृथक से विचार होता है। इन्हें 'अनियत दिनवाले प्रस्ताव, कहा जाता है । इसलिये इस पर अभी चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह एक विशिष्ट प्रस्ताव है ।

सभा पटल पर रखे गए पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सम्बन्धी समीक्षा समिति का प्रतिवेदन (जनवरी 1977)

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (श्री प्रताप चन्द्र चन्द्र) : मैं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सम्बन्धी समीक्षा समिति के प्रतिवेदन (जनवरी, 1977) (हिन्दी संस्करण) की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[ग्रंथालय में रखी गई देखिए संख्या एल० टी० 2057/78]**

वर्ष 1978-79 के लिए श्रम मंत्रालय के अनुदानों की ब्यौरेवार मांगें

संसदीय कार्य और श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : मैं वर्ष 1978–79 के लिये श्रम मंत्रालय के अनुदानों की ब्यौरेवार मांगों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं । **[ग्रंथालय में रखी गई देखिए संख्या एल० टी० 2058/78]**

केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मण्डल आगरा के वर्ष 1976-77 के वार्षिक प्रतिवेदन तथा प्रमाणित-लेखे

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका देवी बरकटकी) : मैं निम्न-लिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं :

(1) केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मण्डल, आगरा के वर्ष 1976-77 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा प्रमाणित लेखे।

(2) यह बताने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) कि उपर्युक्त प्रतिवेदन से सरकार सहमत है और इसलिये केन्द्रीय हिन्दी में शिक्षण मण्डल, आगरा के कार्यकरण की पृथक समीक्षा सभा पटल पर नहीं रखी जा रही है।

(3) उपर्युक्त (1) और (2) में उल्लिखित दस्तावेजों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण बताने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये देखिये संख्या एल० टी० 2059/78]।

NOTIFICATION UNDER URBANLAND (CEILING AND REGULATION) ACT

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI RAM KINKER) : I beg to laid on the Table A copy of the Urban Land (Ceiling and Regulation) Second Amendment Rules, 1978 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R. 417 in Gazette of India dated the 25th March, 1978, under sub-section (3) of section 46 of the Urban Land (Ceiling and Regulation) Act, 1976, together with an explanatory memorandum. [Placed in the library please *see* L.T. number 2060/78].

धान कुट्टन उद्योग (विनियम) अधिनियम

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : मैं धान कुट्टन उद्योग (विनियमन) अधि-नियम, 1958 की धारा 22 की उपधारा (4) के अन्तर्गत धान कुट्टन उद्योग (विनियमन तथा लायसेंस देना) संशोधन नियम, 1978 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं जो दिनांक 25 मार्च, 1978 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सां० सा० नि० 408 में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखे गये देखिये संख्या एल० टी० 2061/78]

लाल किला, नई दिल्ली में गाड़े गये स्वतंत्रता रजत जयन्ती काल पात्र के सबध में वक्तव्य

STATEMENT RE. INDEPENDENCE SILVER JUBILEE TIME CAPSULE AT RED FORT, DELHI

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : मैं सभा पटल पर संसद सदस्यों की उस समिति की रिपोर्ट रख रहा हूं जिसके पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में लाल किले से स्वतन्त्रता रजत जयन्ती काल पात्र को उखाड़ा गया तथा उसमें से विषय वस्तु निकाली गई थी। इस रिपोर्ट में इस बात का विस्तार से उल्लेख है कि किस प्रकार कार्य किया गया और पात्र में क्या विषय वस्तु पायी गई थी। रिपोर्ट के साथ-साथ मैं सभा पटल पर 1947 से 1972 तक के भारतीय इतिहास के 10,000 शब्दों के वृतान्त की एक प्रति भी रख रहा हूं जिस पर '1947 से भारत' शीर्षक दिया गया है और जो अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में लिखा गया है तथा ताम्र प्लेटों पर कुछ सूचनाओं की एक प्रति, 'जिन्हें घटनाओं का तिथि पत्र; 1947-1972' कहा गया है। इन ताम्र प्लेटों पर ऐसे चित्र भी खुदे हुए हैं, जिनमें कुछ घटनाओं का चित्रांकन होता है। कालपात्र की विषय वस्तु संसद भवन के पुस्तकालय में रख दी गई है, ताकि जो माननीय सदस्य इसे देखना चाहे, देख सकें। यह विषय वस्तु आज सांय 7.00 बजे तक और कल प्रातः 11.00 बजे से सांय 7.00 बजे तक प्रदर्शित की जायेगी। मैं इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को पुनः प्राप्ति की कार्यवाही का पर्यवेक्षण करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये भी हार्दिक धन्यवाद देता हूं। कार्य की जटिलता को देखते हुए मानना होगा कि उनकी जिम्मेदारी कठिन और भारी थी और उसे उन्होंने बहुत ही अच्छी तरह निभाया है।

श्रीमान्, मैं एक इतिहासकार होने का दावा तो नहीं करता, किन्तु इतिहास के एक विनम्र विद्यार्थी होने के नाते इस सामग्री अथवा विषय वस्तु के दोनों वृतान्तों पर, जिन्हें ऐतिहासिक लेखों और घटनाओं का तिथिपत्र बताया जाता है, अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किये बिना भी नहीं रह सकता। मेरी राय में यह वृतान्त एक प्रकार का लेखा तो जरूर है, किन्तु इसे एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं कहा जा सकता। यह एक प्रकार की

असम्बद्ध, अयथार्थ प्रशासनिक रिपोर्ट है, जिसमें ऐतिसहासिक परिप्रेक्ष्य नहीं है, एक ऐसा परिप्रेक्ष्य जो घटनाओं और मानव की क्रिया प्रतिक्रिया के ताने बाने में बुने ऐसे विश्लेषणात्मक वर्णन की झांकी प्रस्तुत करता हो और महत्व को दर्शाता हो। पृष्ठभूमि के रूप में, केवल एक ऐसा वाक्य भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के सम्बन्ध में है जिसमें यह कहकर कि "सन् 1920 से महात्मा गांधी ने इसका नेतृत्व किया जो अहिंसा में विश्वास रखते थे" इसका उल्लेख किया गया है। स्वतन्त्रता संग्राम के सम्बन्ध में कोई अन्य उल्लेख न होने से यह धारणा बन सकती है कि संग्राम केवल 1920 से ही शुरू हुआ था, यह एक बड़ी गम्भीर त्रुटि या चूक है। इस उदाहरण के अलावा, जिसमें राष्ट्र पिता के नाम का उल्लेख किया गया है, अन्य किसी स्थान पर उनका उल्लेख नहीं किया गया है। उनकी विचारधारा और सीख, जो हमारे राष्ट्रीय जीवन में व्याप्त है और उनके आदर्श, जिनका पालन करने के लिये हम आज भी प्रयास कर रहे हैं और जिसका व्यापक रूप से विश्व में सम्मान होता है उसका तथाकथित ऐतिहासिक वृतान्त में कोई स्थान नहीं है। जबकि स्वाधीनता के समय साम्प्रदायिक दंगों की ओर तो ध्यान दिया गया है, किन्तु महात्मा जी ने आपसी भाई चारे और मंलजोल के लिये जो महान भूमिका अदा की उसका इसमें कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

3. मैं आशा करता हूँ कि सदन इस बात से सहमत होगा कि एक ऐसे दस्तावेज को परिप्रेक्ष्य देने के लिये, जो कि भावी पीढ़ियों के लिये ऐतिहासिक महत्व का होगा, एक प्रस्तावना पैरा नितान्त अपेक्षित था, जिससे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के इतिहास और इसके लिये विभिन्न विचारधाराओं के राजनैतिक नेताओं द्वारा किये गये बलिदान का संक्षेप में परिचय मिल सके। "स्वतन्त्रता" काल पात्र में, स्वतन्त्रता संग्राम में, पूर्व पथ-प्रदर्शकों की भूमिका, जलियांवाला बाग जनसंहार, असहयोग आन्दोलन, अवज्ञा, अगस्त 1942 के संग्राम के सम्बन्ध में कुछ उल्लेख किया जाना चाहिये था। इस दस्तावेज में यदा कदा संविधान के धर्मनिरपेक्ष और समाज-वादी स्वरूप के बारे में उल्लेख किया गया है, किन्तु विभिन्न समुदायों के उन महान नेताओं के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जिन्होंने धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के लिये लड़ाई में एक बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस दस्तावेज में कोई भी, उदहारण के तौर पर शहीद भगत सिंह, लाला लाजपत राय, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस और भारतीय राष्ट्रीय सेना, डा० श्यामा प्रसाद मुकर्जी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, हकीम अजमल खान, रफी अहमद किदवई, आसफअली, डा० बी० आर० अम्बेद-कर, सी० राजगोपालचारी, जय प्रकाश नारायण, और कई अन्यों के संक्षित उल्लेख की आशा करता है।

4. मेरे लिये यह एक आश्चर्य की बात है कि जो दस्तावेज एक ऐतिहासिक दस्तावेज के अभिप्राय से लिखा गया, उसमें 1962 और 1965 के उन महत्वपूर्ण सशस्त्र युद्धों का जिनका राष्ट्र को सामना करना पड़ा था, बहुत ही संक्षिप्त उल्लेख किया गया है। 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध में सोवियत संघ के मध्यस्थता के प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री द्वारा की गई महान सेवा और बलिदान का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

5. जहां तक संविधान का सम्बन्ध है, यद्यपि निर्देशक सिद्धान्तों तथा मौलिक अधिकारों पर कुछ जोर दिया गया है, लेकिन हमारे संविधान में संरचित संघीय ढांचे को अद्वितीय विशेषता पर इतना प्रकाश नहीं डाला गया है। यह संघीय ढांचा ही है जो केन्द्रीयकरण तथा विकेन्द्रीयकरण, दोनों तत्वों को जोड़ता है और इस विशाल देश के अभिशासन में सहायता करता है। इससे भी बुरी बात यह है कि संविधान के तथ्यों के विषय में लेखक अथवा लेखकों की बहुत थोड़ी पकड़ दिखाई देती है। यह कहा गया है कि राष्ट्रपति को 'पिछड़ी जातियों अथवा पिछड़े क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिये कुछेक सदस्य नामजद (लोक सभा के लिये) करने का अधिकार प्राप्त है, जबकि संविधान में अनुच्छेद 331 के अलावा ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इस अनुच्छेद 331 के अन्तर्गत राष्ट्रपति लोक सभा के लिये एंग्लो इण्डियन समाज के अधिक से अधिक 2 सदस्य नामजद कर सकते हैं और वह भी तब जब उनकी राय में, सदन में उस समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिला हो। राज्य विधान परिषद के सम्बन्ध में यह कहा गया है कि इस निकाय का 'चुनाव नगरपालिकाओं, विश्वविद्यालयों आदि जैसे सार्वजनिक निकायों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है' जो संविधान के अनुच्छेद 171 के अन्तर्गत की गई व्यवस्था के अनुसार सही स्थिति नहीं दर्शाती है। जैसा कि माननीय सदस्यों को ज्ञात है इसमें विधान सभा और स्थानीय निकायों द्वारा निर्वाचित सदस्यों के अलावा शिक्षकों के चुनाव क्षेत्रों तथा स्नातकों के चुनाव क्षेत्रों से प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित सदस्य भी होते हैं। विवरण में यह भी कहा गया है कि संघ शासित क्षेत्रों के अपने विधाई निकाय हैं जो राज्य विषयों पर कानून बनाने के लिये अधिकृत हैं, यह बात तथ्यों की दृष्टि

से सही नहीं है क्योंकि कई संघ शासित क्षेत्रों में विधाई निकाय नहीं हैं जो राज्य विषयों पर कानून बना सकते हों। वृतान्त में यह उल्लेख भी किया गया है कि "सभी वयस्क नगरिकों को--विधायी निकाय में अपने प्रतिनिधियों तथा उनके माध्यम से सरकार की कार्यकारी एजेन्सियों को निर्वाचित करने का अधिकार है।" एक मतदाता की पात्रता की आयु ही हमारे कानूनों द्वारा मान्य एक प्रौढ़ की आयु से भिन्न ही नहीं है बल्कि सरकार की सभी कार्यकारी एजेन्सियां भी निर्वाचित नहीं हैं। नागरिकों द्वारा न तो राज्यपाल निर्वाचित किया जाता है और न ही सेवा सदस्य निर्वाचित किये जाते हैं और निःसन्देह उन्हें सरकार की कार्यकारी एजेन्सियों में शामिल करना होता है। संक्षेप में, श्रीमान्, वृतान्त में हमारे संविधान का सारांश जिस ढंग से दिया गया है उससे ऐसा लगता है जैसे इन तथ्यों में निहित सचाई की पूर्ण उपेक्षा की गई है।

6. यह भी आश्चर्यजनक बात है कि वृतान्त में राजनैतिक दलों का उल्लेख करते हुए एक तरफा वर्णन किया गया है। उदाहरणार्थ कांग्रेस (विरोधी) दल, जो इन्दिरा गांधी (वर्तमान प्रधान मंत्री) की अखिल भारतीय कांग्रेस से अलग हो जाने के बाद, 1969 में स्थागित हुआ था, यह दल सिद्धान्त रूप में ही समाजवादी कार्यक्रम का समर्थन करता है किन्तु व्यवहार में इस का झुकाव उच्च तथा मध्य वर्गों का समर्थन करने वाली रूढ़िवादी नीतियों की ओर है। मुझे इसमें सन्देह है कि क्या वास्तव में कांग्रेस (विरोधी) दल ही वह दल था, जिसने इन्दिरा कांग्रेस से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया था, अथवा इन्दिरा कांग्रेस ने ही अपने को अलग कर लिया था और इसमें भी कि क्या कांग्रेस (विरोधी) दल ने उच्च तथा मध्य वर्गों का वास्तव में ही पक्ष लिया था। यह तो तथ्यों का एक मजाक मात्र ही होगा। संक्षिप्तता की दृष्टि से मैं अन्य राजनैतिक दलों के पक्षपात पूर्ण मूल्यांकन का जिक्र नहीं करना चाहता।

7. सारा वृतान्त फीका, असन्तुलित और अपर्याप्त प्रतीत होता है। यह किसी के आदेश पर किया गया लगता है, जिसका एकमात्र उद्देश्य यह बताना है कि तत्कालीन सरकारें किस प्रकार से राष्ट्र को आगे ले जाने में निरन्तर सफल रहीं, और इस पर कोई प्रकाश नहीं डाला गया कि कौन सी त्रुटियां विद्यमान थीं, कौन सी चुनौतियां थीं जिनका सामना करना था और कठिन परिस्थितियों कौन सी रास्ता था जिसे तय करना था। बढ़ती हुई बेरोजगारी की भंयकर समस्या, निर्धनता की सीमा रेखा से भी नीचे रहने वालों की बढ़ती हुई संख्या और कमजोर वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की दुर्दशा के सम्बन्ध में कोई उल्लेख नहीं है। जो भी वृत्तान्त ऐतिहासिक प्रलेख होने का दावा करता है उसमें ऐसी ऐतिहासिक सच्चाइयों को नजर-अन्दाज नहीं किया जा सकता।

8. यहां तक कि अपेक्षाकृत साधारण तथ्यों को भी गलत ढंग से बयान किया गया है। उदाहरणार्थ भाखड़ा और ब्यास के बांधों को गुजरात, हरियाणा और राजस्थान की संयुक्त परियोजना कहा गया है। गुजरात का तो इन परियोजनाओं के साथ बिल्कुल भी सम्बन्ध नहीं है। वास्तव में, तीसरा राज्य पंजाब ही है जो इन संयुक्त परियोजनाओं से लाभ उठाता है। श्रीमान्, ऐतिहासिक होने का दावा करने वाला यह सम्पूर्ण वृतान्त सत्ताधारी दल और तत्कालीन सरकार के गुणगान का एक बेसुरा हास्यास्पद प्रयास प्रतीत होता है। मुझे यह सोचकर हैरानी होती है कि यदि काल पात्र दबा ही रहता और भविष्य में बहुत समय बाद निकाला जाता तो भावी पीढ़ी हमारे बारे में क्या सोचती।

9. जहां तक घटनाओं के कार्यक्रम का सम्बन्ध है, यही आशा की जा सकती थी कि राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय दृष्टि से केवल कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन होगा। किन्तु इसके विपरीत ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रचलित शब्दकोशों से इधर उधर से एकत्र किया गया एक सूचीपत्र है। इसमें संबंधित वर्ष और घटना के बीच के तालमेल में भारी भूलें मिलेंगी। उदाहरणार्थ इम्पीरियल बैंक आफ इण्डिया का राष्ट्रीयकरण सन् 1955 *में हुआ था किन्तु तिथि पत्र में इसे 1949 में दिखाया गया है। दी एक्सपोर्ट क्रैडिट एण्ड गारन्टी कारपोरेशन की स्थापना 1964 **में हुई थी, किन्तु दिखाई 1957 में गई है। कुछ घटनाएं एक वर्ष में दो बार अथवा भिन्न-भिन्न वर्षों में दिखाई गई हैं। उदाहरणार्थ 'फर्टीलाइजर कारपोरेशन आफ इंण्डिया' का गठन एक

*इसका सत्यापन सरकारी प्रकाशन इण्डिया 1956 से कर लिया गया है। एम० बी० आई० अधिनियम 1955 में पास हुआ था।

**इसका सत्यापन इण्डिया 1964 और 'कामर्स ईयर बुक आफ पब्लिक सैक्टर 1976-77' से कर लिया गया है। 1957 में एक्सपोर्ट रिस्कस इंशोरेन्स कारपोरेशन की स्थापना हुई थी। 1964 में यह दूसरे निकाय में मिला दी गई थी—"इंण्डिया 1958"।

स्थान पर 1956 में दिखाया गया है और दूसरे स्थान पर 1961 में। अन्तर इतना ही है कि एक स्थान पर 'गठित' (फार्मड) कहा गया है और दूसरे स्थान पर 'गठित' ('सैट अप')। इस कारपोरेशन का गठन तो 1961 में ही हुआ था।*** केलों का निर्यात और अशोक होटल की स्थापना का वर्णन ऐसे किया गया है मानों वे ऐतिहासिक महत्व की घटनायें हों। सारांश यह है कि घटनाओं का कालक्रम भव्य और हास्यास्पद घटनाओं का विचित्र मिश्रण है। यहां तक कि प्रदीप में एक बन्दरगाह के "प्रस्ताव" को भी सन् 1963 की एक महान घटना के रूप में वर्णित किया गया है। इन भूलों और असंगतियों का बयान में कहां तक करूं? ऐसी अनेक और भी गलतियां हैं जिनका मैं उल्लेख नही करना चाहता। जिस उद्देश्य और जिस ढंग से इन दो दस्तावेजों का परिरक्षण किया गया है वे इसके योग्य हैं भी या नहीं अथवा इन्हें रखा भी जाये या नहीं, इस बात का निर्णय मैं माननीय सदस्यों और उनके जरिये जनता पर छोड़ता हूं।

10. यदि भावी पीढ़ी के लाभ के लिये कोई ऐतिहासिक प्रलेख तैयार करने में वास्तव में कोई गुण है तो क्या वह प्रलेख यथार्थ, सुविचारित और सुरक्षित ऐतिहासिक कृति का नमूना नहीं होना चाहिये? क्या इस प्रकार के प्रलेख को जनता और संसद के सामने नहीं रखा जाना चाहिये था? अब समझ में आता है कि काल पात्र में से पाये गये इन प्रलेखों पर गोपनीयता का पर्दा क्यों डाला गया था। श्रीमान्, इस सदन, हमारी जनता और भावी पीढ़ी के निर्णय के लिये इन दस्तावेजों को मैं आपकी और इस सदन की अनुमति से पेश करना चाहता हूं। **[ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 2062/78]**

डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी : (बम्बई उत्तर पूर्व) : इस काल पात्र पर चर्चा अवश्य कराई जानी चाहिये। नेहरू परिवार की महता को बढ़ा चढ़ा कर बनाने के लिये ही यह षडयंत्र रचा गया है। कुछ अन्य कालपात्र भी हैं उन पर भी चर्चा होनी चाहिये।

श्री ज्योतिर्मय बसु : इस पर चर्चा जल्दी से जल्दी कराई जानी चाहिये।

श्री कंवर लाल गुप्त : (दिल्ली सदर) : मैं ज्योतिर्मय बसु की बात से पूर्णतया सहमत हूं कि इस कालपात्र में तथ्यों का गलत निरूपण किया गया है जो लोग इसके लिये जिम्मेदार हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिये।

श्री पी० जी० मावलंकर : (गांधीनगर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है यह विवरण कोई साधारण विवरण नहीं है और न ही इस पर सामान्य नियमों के अन्तर्गत चर्चा हो सकती है। शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के अंतर्गत भी इस पर चर्चा नहीं हो सकती। यह एक बहुत महत्वपूर्ण मामला है इसलिये कम से कम एक पूरा दिन इस पर चर्चा के लिये दिया जाये।

अध्यक्ष महोदय : यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है। यह एक सुझाव है और हम इस पर विचार करेंगे।

श्री एम० कल्याण सुन्दरम : मैं श्री मावलंकर और श्री बसु के इस सुझाव, कि इस विषय पर चर्चा होनी चाहिये, का समर्थन करता हूं।

श्री डी० डी० देसाई (सैरा) : यह प्रशासनिक शक्ति का सरासर दुरुपयोग है सभा में इस पर चर्चा होनी चाहिये ताकि भविष्य में कोई ऐसा दस्तावेज गाढने का साहस न कर सके।

श्री कंवर लाल गुप्त : क्या सभी सदस्यों को आपके सचिवालय की ओर से विवरण की एक एक प्रति प्राप्त नहीं हो सकती।

अध्यक्ष महोदय : मैं सभी सदस्यों को इसकी एक प्रति भिजवा दूंगा। इस विषय पर हम बाद में विचार करेंगे।

***'इण्डिया 1976' और 'कामर्स ईयर बुक' --(यथोपरि) मे सत्यापन कर लिया गया था।

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगुसराय) : मैं जानना चाहता हूं कि इन सब बातों के सामने आ जाने के बाद सरकार ने ऐतिहासिक अनुसन्धान परिषद के गठन के लिये कोई कदम उठाया है और दूसरे क्या सरकार सही तथ्यों के आधार पर इतिहास का निर्माण करना चाहती है और यह भविष्य में इस तरह के कार्यों पर रोक लगाना चाहती है।

तीसरे क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिये कोई कदम उठाये हैं कि जो लोग इस तरह इतिहास का निर्माण करने में सम्बद्ध थे, भविष्य में किसी सरकारी निकाय से सम्बद्ध नहीं होंगे और वह भी विशेषकर इतिहास के मामले में।

अध्यक्ष महोदय : इन सब बातों पर चर्चा के बाद निर्णय होगा?

लेबनान के संघर्ष में भारतीय नागरिकों के कथित अन्तर्ग्रस्त होने के बारे में वक्तव्य

statement re. alleged involvement of Indian nationals in hostilities in Lebanon

विदेश मंत्री (श्री अटल विहारी वाजपेयी) : विदेश मंत्रालय को लेबनान में प्रतिद्वन्दी गुटों द्वारा भारतीय राष्ट्रिकों को सैनिक तथा अर्द्ध सैनिक कार्यों में लगाये जाने की रिपोर्ट मिली है। सरकार इन रिपोर्टों से अत्यधिक चिन्तित हो गई है क्योंकि सरकार की यह नीति है कि उसके राष्ट्रिकों को विश्व भर में कहीं भी भाड़े के सैनिक के रूप में उपयोग किये जाने की अनुमति न दी जाये। यह विषय और अधिक चिन्ताजनक इसलिये हो गया कि लेबनान का गृह कलह स्पष्ट रूप से साम्प्रदायिक एवं धार्मिक प्रकृति का है।

यद्यपि लेबनान स्थित हमारे राजदूतावास ने हमारे राष्ट्रिकों के इस प्रकार से इस्तेमाल किये जाने को रोकने और उसे निरुत्साहित करने के लिये हर संभव कदम उठाया, फिर भी हमने विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को लेबनान तथा सीरिया भेजने का निर्णय किया। वे लेबनान के प्राधिकारियों से, और वहां के प्रमुख प्रतिद्वन्द्वी गुटों के नेताओं से भी मिले और उनसे बातचीत की। उन्होंने इन लड़ाइयों में भारतीय राष्ट्रिकों को शामिल किये जाने की कथित रिपोर्टों पर हमारी गहरी चिन्ता से भी उन्हें अवगत कराया और भारतीय राष्ट्रिकों का इस प्रकार इस्तेमाल किये जाने से रोकने में उनकी सहायता एवं सहयोग मांगा। हमारे इस अधिकारी ने जिन नेताओं से भेंट की उन सभी ने भारत सरकार की नीति की सराहना करते हुए अपने सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त इन सभी नेताओं ने, चाहे वे किसी भी विचार धारा अथवा राजनीतिक प्रतिबद्धता के रहें हों, यह भी कहा कि वे इस सम्बन्ध में कोई भी सूचना बेरूत स्थित हमारे राजदूत को देने के लिये तैयार हैं।

लेबनान में अरब प्रतिरोधक सेना में चूंकि सीरियाई सशस्त्र सेना शामिल है, इसलिये हमारा यह अधिकारी दमिश्क भी गया और वहां उसने सीरियाई प्राधिकारियों से भी इसी प्रकार की बातचीत की। सीरियाई प्राधिकारियों ने भी इस सम्बन्ध में पूरा पूरा सहयोग देने का वचन दिया।

हो सकता है कि प्रतिद्वन्द्वी गुटों ने हमारे कुछ राष्ट्रिकों का इस्तेमाल अर्द्ध सैनिक कार्यों में किया हो क्योंकि ऐसे बहुत से भारतीय बेरूत में फंस गये थे जो रोजगार की तलाश में वहां गये थे। ऐसे जिन व्यक्तियों ने भारतीय राजदूतावास की सहायता ली थी, उन सभी को सरकारी खर्च पर भारत प्रत्यावर्तित कर दिया गया था। कुछ भारतीय राष्ट्रिकों को लेबनान के कुछ गुटों ने इस सन्देह में रोक लिया था कि प्रतिद्वन्द्वी गुटों द्वारा भाड़े के सैनिक के रूप में उनका इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन उन्हें भी छोड़ दिया गया है और आज तक इस बात का कोई संकेत नहीं है कि भारतीयों ने वस्तुतः भाड़े के सैनिकों के रूप में इसमें कभी हिस्सा लिया है।

माननीय सदस्यगण तो यह बात जानते ही हैं कि सरकार ने पासपोर्ट जारी करने की पद्धति तथा विदेश यात्रा दोनों को ही उदार बना दिया है। रोजगार की तलाश में हमारे बहुत से राष्ट्रिकों विदेश जा रहे हैं, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में, कुछ बेईमान अभिकर्ताओं एवं व्यक्तियों द्वारा इन उदार विनियमों से अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। हम ऐसे कदम उठा रहे हैं जिससे कि ये बेईमान अभिकर्ता और व्यक्ति हमारे उदार विनियमों से अनुचित लाभ न उठाने पायें। इसके लिये उत्प्रवास के निकासी केन्द्रों पर अधिक सतकर्ता बरती जा रही है।

श्री के० पी० उन्नीकृष्णन (बडागरा) : यह एक गम्भीर मामला है। सभा में इस पर भी चर्चा होनी चाहिये।

श्री ०पी० वेंकटासुब्बैया : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । विदेश मंत्री ने कहा है कि पासपोर्टों के सम्बन्ध में एक गिरोह कार्य कर रहा है। क्या वह इस बारे में कोई कठोर कदम उठायेंगे।

अध्यक्ष महोदय : इसमें व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

नियम 377 के अधीन मामले

MATTERS UNDER RULE 377

(एक) प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध

SHRI DHARAM SINHBHAI PATEL (Porbandar) : The farmers of Saurashtra region on Gujarat are suffering big as a result of the ban on the export of onions. There is now a glut in the market and the prices have fallen as low as Rs. 2 to 3 per 20 Kg onion is a pershble Commodity which can not be stored by the farmers for a long time. Hence they are compelled to sell it in the market at such a low price and suffer loss. Let the Govt. of India consider the matter and remove the ban on the export of onions so that the farmers have not to suffer this loss.

